धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, बुधवार

30.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी/ पूर्णिमा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 50



12 बॉलीवुड में वापसी करेंगे आमिर खान

## रक्षाबंधन पर केंद्र सरकार ने बहनों को दी बड़ी सौगात

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर हुआ 200 रुपये सस्ता

- जल्द जारी होंगे 75 लाख नये उज्ज्वला कनेक्शन
- उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगी ₹400 की सब्सिडी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपये कम करने और 75 लाख नये उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। 200 रुपये की कमी करने से अब उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को कुल 400 रुपये की गैस सब्सिडी मिलेगी। उन्हें पहले से 200 रुपये की सब्सिडी मिल रही है। यह निर्णय बुधवार (30 अगस्त 2023) से प्रभावी हो जायेगा। अब रांची में घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमत 960.50 रुपये प्रति सिलेंडर होगी। पहले यह 1160.50 रुपये प्रति सिलेंडर था।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि ओणम और रक्षा बंधन पर मोदी सरकार ने बहनों को एक बड़ी सौगात दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमतों में इजाफे के बावजूद सरकार ने देश में गैस के दामों को बढ़ने नहीं दिया है। (शेष पेज 11 पर)




## चंद्रयान मिशन की सफलता के लिए कैबिनेट ने की वैज्ञानिकों की सराहना

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसरो के चंद्रयान मिशन की सफलता के लिए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है। कहा कि यह हमारी अंतरिक्ष एजेंसी की ही सफलता नहीं, बल्कि भारत की प्रगति और ग्लोबल स्टेज पर हमारी ताकत का भी प्रतीक है। कैबिनेट इस बात का स्वागत करती है कि अब 23 अगस्त नेशनल स्पेस डे के तौर पर मनाया जायेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट इसरो के प्रयासों के लिए उसे बहुत-बहुत बधाई देती है। हमारे वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयासों से भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रमा पर उतरना (वह भी पूर्व निर्धारित पैरामीटर्स पर पूरी तरह खरा उतरते हुए) अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरना इस भावना का प्रतीक है कि कैसे हमारे वैज्ञानिक ज्ञान की खोज के लिए हर सीमा के पार जाने के लिए तैयार रहते हैं।



प्रज्ञान रोवर से हमें जो जानकारियों का खजाना मिल रहा है, उससे हमारे ज्ञान में वृद्धि होगी। इससे नयी खोज का मार्ग बनेगा और चंद्रमा के रहस्यों को समझने और उसके भी पार जाने में मदद मिलेगी। कैबिनेट का यह मानना है कि तेजी से बदलते तकनीक और इनोवेशन के दौर में हमारे वैज्ञानिक ज्ञान, समर्पण और विशेषज्ञता की मिसाल हैं। भारत के अंतरिक्ष प्रोग्राम में महिला वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कैबिनेट को गर्व है कि चंद्रयान-3 की सफलता में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह सफलता आने वाले वर्षों में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों को प्रेरित करती रहेगी।

SURJABASHA

### न्यूज डायरी

### 31 को पूरे दिन भर मनेगा रक्षाबंधन

**रांची।** रक्षाबंधन 31 अगस्त को दिन भर मनाया जायेगा, क्योंकि उदया पूर्णिमा 31 अगस्त को ही है। पं रामदेव पाण्डेय ने बताया कि हृषीकेश पंचांग के अनुसार 30 अगस्त को पूर्णिमा दिन 10:13 बजे से लेकर 31 अगस्त को सुबह 7:45 तक है। इस दिन सूर्योदय 5:43 पर है। उदया तिथि होने के चलते संपूर्ण पूर्णिमा 31 अगस्त को ही मनाना शास्त्रसम्मत है। इस दिन चन्द्र भी अपनी उच्च रश्मि में होंगे। यह व्यावहारिक भी है। 30 अगस्त को संध्या 8:50 तक भद्रा भी है। जिसमें रक्षाबंधन नहीं मन सकता है। अतः 31 को रक्षाबंधन मनेगा।

### चांद पर मिले ऑक्सीजन समेत कई पदार्थ के सबूत

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान-3 को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इसरो ने मंगलवार को चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट से संबंधित एक अपडेट साझा किया है। बताया कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर ऑक्सीजन और सल्फर होने के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। चंद्रमा की सतह पर प्रज्ञान रोवर को एल्यूमीनियम, आयरन, सल्फर समेत कई पदार्थ होने के सबूत मिले हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

### राज्य के मेडिकल कॉलेजों में सीधे नियुक्त होंगे 110 असिस्टेंट प्रोफेसर

**रांची।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्राध्यकों की कमी को देखते हुए सरकार ने नियुक्ति का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले के बाद अब प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 110 पदों पर सीधी नियुक्ति होगी। इसके लिए जेपीएससी की ओर से सूचना जारी की गयी है। एमडी, एमएस या डीएनबी में पीजी डिग्री वाले इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे। हालांकि, झारखंड में स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर ही इसके लिए 4 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा शुल्क का भुगतान 15 अक्टूबर तक होगा। इसकी हार्ड कॉपी 16 अक्टूबर तक देनी है।

## कोल खनन परियोजनाओं के नामकरण में झारखंड की परंपरा को मिले सम्मान

### मुख्यमंत्री ने खान एवं कोयला मंत्रालय को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोल इंडिया द्वारा विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं एवं निजी कोयला परियोजनाओं का नामकरण स्थानीय स्थल, झारखंड के महापुरुषों व दर्शनीय स्थलों के अनुरूप करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर की है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि कोल इंडिया लिमिटेड, निजी कंपनियों एवं अन्य लोक उपक्रमों द्वारा संचालित खनिज परियोजनाओं का नामकरण भारत सरकार द्वारा स्थानीय जनमानस की भावनाओं, परंपरा, संस्कृति आदि के आधार पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चतरा जिले में



संचालित खनन परियोजनाएं आम्रपाली कोयला परियोजना, अशोक कोयला परियोजना एवं मगध कोयला परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा है कि इन कंपनियों द्वारा जन भावनाओं के खिलाफ जाकर स्थानीय जन भावनाओं की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

## पलामू में सड़क हादसे में तीन की मौत

### कई घायल, चैनपुर प्रखंड के बरांव गांव के पास कार ने रौंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** तीव्र गति से गाड़ी चला रहे कार चालक ने चैनपुर प्रखंड के बरांव गांव के पास सोमवार की देर रात राहगीरों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि 14-15 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सभी घायलों को तत्काल मेदिनीनगर सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार डालटनगंज-गढ़वा मुख्य मार्ग पर गढ़वा से आ रही कार का चालक पैदल चल रहे राहगीरों को रौंदते हुए निकल गया। लगभग एक किमी तक आगे जाने के बाद गाड़ी रोक कर ड्राइवर फरार हो गया। भीषण दुर्घटना में नरसिंहपुर पथरा के वशिष्ठ महतो के पुत्र उदल चौरसिया, उनके पोता रोहित कुमार एवं कोटा के मधु मेहता की घटनास्थल पर मौत हो गयी। इसके अलावा इस घटना में 14-15 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये।



जानकारी के मुताबिक चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरांव टोला चढ़नवा में पहाड़ी बाबा के पास अंतिम सोमवारी पर मेला एवं रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जो हादसे के शिकार हुए हैं, वे इसी कार्यक्रम को देखने जा रहे थे। गढ़वा से आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। यह घटना लगभग 10:30 बजे रात की है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया।



# मनरेगा घोटाले से जुड़े अनुसंधान संबंधी दस्तावेज की कॉपी इडी को दें : हाइकोर्ट

**राज्य सरकार को निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगर ईडी चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले के अनुसंधान से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि की मांग करती है तो उसे उपलब्ध कराएं। इससे पहले ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में कई केस में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आरोप पत्र दिए दाखिल कर दिया है, लेकिन आरोप पत्र की प्रतिलिपि मांगे जाने पर राज्य सरकार द्वारा ईडी को मुहैया नहीं कराया जा रहा है, जिस पर कोर्ट ने सरकार को ईडी द्वारा मांगे जाने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि ईडी चाहे तो संबंधित कोर्ट से आरोप पत्र की सर्टिफाइड कॉपी भी निकाल सकती है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया गया कि एसीबी ने मामले में 14 प्राथमिकी दर्ज की है, इनमें से 10 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है जबकि चार केस में अभी अनुसंधान चल रहा है। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार के स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई के लिए 31 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की।

**क्या है मामला :** प्रार्थी की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था वित्त वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चाईबासा में उक्त 3 वित्त वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे। बता दें कि चाईबासा में मनरेगा में घोटाला की जांच को लेकर प्रार्थी ने वर्ष 2013 में जनहित याचिका दाखिल की थी।

## डुमरी उपचुनाव में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान को लेकर बैठक आयोजित

# मतदान केंद्रों पर केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर रखी जायेगी निगरानी : सीइओ

**5 सितंबर की सुबह 7 से शाम 5 बजे तक वोटिंग | 8 सितंबर को मतगणना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के. रविकुमार ने कहा कि डुमरी विधान सभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए निर्वाचन विभाग सभी आवश्यक उपाय कर रहा है। इस दिशा में राजनीतिक दलों की भी सकारात्मक भूमिका अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष मतदान के लिए आधुनिक तकनीकों की मदद से पारदर्शिता तय की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्र, राज्य एवं जिला स्तर पर निगरानी रखी जायेगी। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर बाहर भी एक कैमरा लगाया जाएगा, ताकि मतदान परिसर में होने वाली गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके। वह, मंगलवार को धुर्वा स्थित कार्यालय में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को डुमरी विस चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया।

मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार समेत सभी प्रमुख मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### डुमरी विस क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मतदान एवं मतगणना के लिए डुमरी विस क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। 5 सितम्बर को मतदान के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है। मतगणना 8 सितंबर को गिरिडीह के पचंभा स्थित कृषि उत्पाद विपणन समिति में 8 बजे पूर्वाह्न से होगी। 16 काउंटिंग टेबल पर कुल 24 राउण्ड की मतगणना की जानी है।

**मतदान के दिन गिरिडीह और बोकारो जिले में रहेगा ड्राई डे**

### पहचान पत्र के रूप में ये होंगे मान्य

मतदाता सूची में शामिल वोटरों द्वारा मतदाता पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंक/पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी किए गए पासबुक, श्रम विभाग द्वारा जारी किए गए हेल्थ इन्सुरेंस स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, पेंशन के कागज, केंद्र/राज्य/पीएसयू/पब्लिक लिमिटिड कंपनी के सर्विस आईडी कार्ड,एमपी/एमएलए/एमएलसी द्वारा जारी किए गए ऑफिसियल आईडी कार्ड, यूडीआईडी कार्ड का वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### ओपिनियन पोल पर रोक

उप निर्वाचन के संपूर्ण मतदान क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में ओपिनियन पोल या अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। राजनीतिक दलों के ऐसे पदाधिकारी जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदाता न हों, वे इस दौरान उस क्षेत्र में न रहें।

## अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के बाहर लगाने होंगे डॉक्टर के नाम व जांच का समय

**रांची।** पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के अंतर्गत लिंग परीक्षण दंडनीय अपराध है। इस केंद्र में भ्रूण लिंग जांच नहीं की जाती है। ऐसी सूचना 3 फीट गुणा 2 फीट का बोर्ड लगाकर अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के बाहर लगाना होगा। मालूम हो कि स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक हुई थी। इस दौरान प्रत्येक पंजीकृत अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड सेवा देने वाले डॉक्टर का नाम एवं अल्ट्रासाउंड जांच करने का समय को अनिवार्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों को बोर्ड लगाने का निर्देश जारी किया गया है।

**फॉर्म एफ ऑनलाइन भरने का निर्देश :** पीसी एंड पीएनडीटी की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म एफ ऑनलाइन भरने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही इसकी हार्ड कॉपी को जिला स्थित कार्यालय में 1 से 5 तारीख तक जमा करते हुए एक प्रति अपने अल्ट्रासाउंड केंद्र में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है।

**जेएमएम पर पहले राज्य का सौदा करने और अब जनता के वोट का सौदा करने का लगाया आरोप**

# पहले यूपीए, अब आइएनडीआइए बनाकर जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा : सुदेश

**डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनावी रैली में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/डुमरी।** डुमरी के भरखर में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि उन्होंने 70 पंचायतों की यात्रा का संकल्प लिया है। इस यात्रा का उद्देश्य राज्य की गठबंधन सरकार के विकास की पोल खोलना है। चुनाव तो पहले भी हुए हैं लेकिन इस चुनाव का विशेष महत्व है। इसके परिणाम से सरकार पर फर्क पड़ेगा। यह उपचुनाव एक तूफान है जो सरकार को उखाड़ने का काम करेगा। यूपीए का नाम बदल कर आईएनडीआईए बनाकर वोट मांग रहे हैं।

झामुमो नेतृत्व वाली सरकार राज्य सम्पदा को तो बेचने का काम कर ही रही है, साथ ही यहां के जनमानस के साथ सौदा करने का काम भी कर रही है।

सुदेश महतो ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया। न रोजगार के क्षेत्र में न बेरोजगारी भत्ता को लेकर न तो किसानों के हित में कोई काम किया। सरकार का किसान विद्यालय खलने का वादा आज भी अधूरा है। सरकार ने युवाओं को पढ़ने के लिए क्रेडिट कार्ड देने का वादा किया था। बच्चों को मुफ्त भोजन, आदिवासी हॉस्टल की सुविधा और चावल के अलावा एक किलो दाल देने का वादा किया था। मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

सुदेश महतो ने डुमरी की जनता से उन्हें अपील करते हुए कहा कि हमारा संबंध केवल चुनाव तक का नहीं है बल्कि आने वाले 28 साल का हमारा संबंध बना रहे यह तैयारी करनी है। सुदेश महतो ने जनता से अपील की कि भय, भूख और भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने वाली सरकार के खिलाफ अपने अधिकार का प्रयोग करें और डुमरी और राज्य में बदलाव का वाहक बनें।

## बाबूलाल मरांडी ने 'बूथ जीतो उपचुनाव जीतो' का दिया मंत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि डुमरी से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को वोट करें। श्री मरांडी मंगलवार को उपर घाट में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो, चुनाव जीतो मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जनता भगवान है और कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी। उन्होंने कहा कि झामुमो बता नहीं पा रहा कि आखिर उनके प्रत्याशी को वोट क्यों दिया जाये। हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य को जो लूट, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती, अपहरण, बेरोजगारी का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून राज स्थापित करने के लिए गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश से भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण को समाप्त करने का आह्वान किया है।

## आदिवासी और मूलवासी की बात करने वाले ने राज्य को लूटा : दीपक प्रकाश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/डुमरी।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को तेलो मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को यशोदा देवी को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासी की बात करने वाले हेमंत सरकार ने झारखंड को सर्वाधिक लूटा। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण और बेरोजगारी दर बढ़ाने वाले हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव में हेमंत सरकार को जवाब देना है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अलग झारखंड के सपने को साकार किया था। लेकिन, झारखंड आंदोलन बेचने वाले झामुमो, खरीदार कांग्रेस और मेरे लाश पर अलग राज्य बनने का दावा करने वाले राजद एक साथ सरकार में हैं। ये तीनों मिलकर झारखंड को लूटने का कार्य किया है। इस सम्मेलन में मुख्य सचेतक बोकारो के विधायक बिरंची नारायण, विधायक लंबोदर महतो, चंद्रशेखर महतो, डॉ प्रह्लाद वर्णवाल, आजसू प्रभारी नवीन महतो उपस्थित थे।

## सत्ता पक्ष ने डुमरी में भय का माहौल बनाया : अन्नपूर्णा

**तेलो मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को भारी मतों से जिताने का किया आह्वान**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/डुमरी।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में सत्ता पक्ष ने भय का माहौल बनाया है। अन्नपूर्णा देवी मंगलवार को तेलो मण्डल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। यह उपचुनाव भय भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह पहला राज्य है जहां मुख्यमंत्री खुद घोटाले कर रहे हैं। कोयला खदानों की लीज उन्होंने अपने परिवार और करीबियों को दे दिया है। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन की राजनीति करने वाले ही जल जंगल जमीन की लूट में लगे हैं। झारखंड को लूटकर खोखला बना दिया है। शिबू सोरेन ने झारखंड आंदोलन बेचने का कार्य किया था, हेमंत झारखंड को ही बेचने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ देश को आगे बढ़ाया है। इज्जत घर, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, किसान समृद्धि योजना, आयुष्मान योजना समेत अनेकों ऐसे योजना लाया। जिनसे गरीब व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि देश आज चांद पर झंडे गाड़ा है। इसलिए डुमरी में एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी को केला छाप पर वोट देकर भारी से भारी मतों से जिताने की अपील की।

## शराब घोटाला : अमरेंद्र तिवारी और अभिषेक आनंद झा से 4 घंटे पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) मनी लान्ड्रिंग के तहत झारखंड शराब घोटाला मामले की जांच के क्रम में मंगलवार को शराब के किंगपिन योगेंद्र तिवारी के भाई अमरेंद्र तिवारी और भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा इडी के समक्ष उपस्थित हुए। इडी ने दोनों से चार घंटे तक पूछताछ की। इससे पहले भी इडी ने अमरेंद्र तिवारी को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन, वे पिता की बीमारी का हवाला देकर इडी के सामने उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद इडी ने उन्हें दोबारा समन कर मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया था।

**योगेंद्र तिवारी ने इडी को सौंपे दस्तावेज :** गौरतलब हो कि शराब घोटाला मामले में इडी ने योगेंद्र तिवारी से 26 अगस्त को नौ घंटे पूछताछ की थी। योगेंद्र तिवारी ने इडी को चल-अचल संपत्ति व बैंकिंग लेन-देन आदि से संबंधित दस्तावेज सौंपा है।

## सीएम ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर भी मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुये जोहार करता हूं। वर्षों से सीमित संसाधनों के बावजूद खेल के क्षेत्र में झारखंड के हमारे मेहनती युवाओं ने पहचान बनायी है। जब से आपकी सरकार बनी है, खेल संरचनाओं को सुदृढ़ कर युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान कर रही है।

# इडी की जांच से भागने वाले लोग बाबूलाल मरांडी पर न लगायें अनर्गल आरोप : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/डुमरी।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्य के सत्तापक्ष द्वारा बाबूलाल मरांडी पर लगाये गये आरोप को लेकर हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने डुमरी के इसरी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जो खुद ईडी के डर से भागा भागा फिर रहा हो वो बाबूलाल मरांडी पर बेतुका, अनर्गल आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि ये जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास मात्र है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट भी कहेगा कि जाकर ईडी के सवालों का जवाब दें। उन्होंने कहा कि दरअसल हेमंत सरकार बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से घबरा गई है। संथाल परगना की जनता ने लाखों की संख्या में यात्रा में शामिल होकर सरकार की नींद हराम कर दी है। इसलिए सत्ता पक्ष बौखलाया है और मरांडी जी पर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने एक भी वायदे चाहे प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी देने का हो या बेरोजगारी भत्ता, किसानों की दो लाख की ऋण माफी, कुछ भी पूरा नहीं किया। उल्टे पिछली रघुवर सरकार की कल्याणकारी योजनाएं एक रुपए में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री, मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना में प्रतिवर्ष 25 हजार रुपए किसानों के खाते में भेजना जैसी योजनाओं को बंद कर दिया। डबल सिलिंडर, गैस चूल्हा योजना भी बंद कर दिया। इस सरकार को उपचुनाव में जनता करारा जवाब देगी। इस अवसर पर सांसद आदित्य साहू, प्रवक्ता सरोज सिंह, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, प्रदीप साहू भी थे।

# डुमरी विधानसभा उपचुनाव में ओवैसी फैक्टर बनेगा हार-जीत का सबसे बड़ा कारण, झामुमो ने मंत्री हफीजुल हसन को दिया टास्क

**सत्येन्द्र**

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान चरम पर है। वोटरों को लुभाने के लिए चुनाव मैदान में उतरे राजनीतिक दल कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं, बावजूद ड़मरी उपचुनाव में जीत-हार को लेकर ओवैसी फैक्टर की विशेष चर्चा है। मालूम हो कि झारखंड में 2019 के चुनाव के बाद डुमरी छठी ऐसी विधानसभा सीट है जहां उपचुनाव होने जा रहा है। इससे पहले दुमका, मधुपुर, बेरमो, मांडर और रामगढ़ में उपचुनाव हो चुके हैं। इसके पूर्व हुए उपचुनाव में रामगढ़ को छोड़ दें तो बाकी सभी सीटों पर सत्तारूढ्ढ गठबंधन की जीत हुई है। अब सवाल उठता है कि डुमरी का किला कौन फतह करेगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

पांच सितंबर को होनेवाले डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में मुख्य मुकाबला सत्ताधारी दल झामुमो की बेबी देवी एवं एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के बीच में है। खास बात है कि इस बार डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में गठबंधन फैक्टर हावी है लेकिन ओवैसी की पार्टी ने सस्पेंस का तड़का डाल दिया है। झामुमो को इस बात का डर सता रहा है कि कहीं इस बार भी एआईएमआईएम का प्रत्याशी मुस्लिम वोट बैंक में सेंध ना लगा दे। इसको रोकने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। सूत्रों के मुताबिक मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट करने के लिए झामुमो विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को टास्क दिया गया है। पार्टी के कई मुस्लिम नेता डुमरी में डेरा जमाए हुए हैं।

झामुमो को मालूम है कि चार बार से विधायक रहे जगरनाथ महतो के असमय निधन से उनकी पत्नी बेबी देवी के साथ लोगों की सहानुभूति है लेकिन पार्टी अच्छी तरह जानती है कि सिर्फ सहानुभूति से चुनाव नहीं जीता जा सकता। वहीं दूसरी ओर झामुमो यह भी जानती है कि मुस्लिम वोट बैंक की गोलबंदी भाजपा प्रत्याशी के हिसाब से तय होती है। इस रणनीति के तहत देखें तो यहां आजसू की से भी महिला प्रत्याशी है। इस स्थिति मुस्लिम वोट को लेकर झामुमो का राजनीतिक समिकरण फिट नहीं बैठ रहा है। इस उपचुनाव में एक और गौर करने वाली बात यह है कि जिस बेबी देवी के साथ सहानुभूति की बात हो रही है, वहीं स्थिति यशोदा देवी के साथ भी है। दरअसल, यशोदा देवी के पति दामोदर महतो भी इलाके में बेहद सक्रिय थे। वर्ष 2009 के चुनाव में जदयू की टिकट पर दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं 2005 में समता पार्टी के टिकट पर उनको तीसरा स्थान मिला था। हालांकि साल 2018 में बीमारी से उनका निधन हो गया। उनकी जगह उनकी पत्नी यशोदा देवी ने ले ली। वह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं।



**डुमरी विस उपचुनाव को लेकर ओवैसी रांची पहुंचे, वे डुमरी विस क्षेत्र में अपनी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में आज करेंगे चुनाव प्रचार।**

### 2019 के डुमरी चुनाव की तस्वीर

2019 के विधानसभा चुनाव में डुमरी सीट पर झामुमो के जगरनाथ महतो को 71,128 वोट मिले थे। दूसरे स्थान में आजसू की यशोदा देवी को 36,840 वोट मिले थे। जगरनाथ महतो की जीत हुई थी। तीसरे स्थान पर भाजपा के प्रदीप कुमार साहू को 36,013 वोट मिले थे। वहीं ओवैसी की पार्टी के अब्दुल मोबिन रिजवी 24,132 वोट के साथ चौथे स्थान पर थे। जदयू के लालचंद महतो को 5,219 वोट, सीपीआई के गणेश प्रसाद महतो को 2891 वोट मिले थे। नोटा में 2090 वोट पड़े थे। 2019 के चुनाव में डुमरी सीट पर कुल 15 प्रत्याशी भाग्य आजमाने उतर थे। इनमें सिर्फ एक महिला प्रत्याशी थी। 15 में से 12 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। उस चुनाव में कुल 2 लाख 72 हजार वोटर थे। इनमें से 1 लाख 90 हजार 325 वोटरों में मत का इस्तेमाल किया था। पुरूष वोटर की संख्या 90,555 थी।

### ओवैसी की पार्टी का प्रभाव

डुमरी में हो रहे उपचुनाव को ओवैसी की पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी ने दिलचस्प बना दिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम प्रत्याशी झामुमो, आजसू और भाजपा के बाद 24,132 वोट के साथ चौथे नंबर पर थे। भाजपा यह मान कर चल रही है कि अगर पिछला चुनाव आजसू के साथ मिलकर लड़ा गया होता तो जीत तय थी। क्योंकि भाजपा और आजसू का वोट जोड़ने पर 72,853 वोट होते हैं जो जगरनाथ महतो से 1,725 वोट ज्यादा होते। जबकि झामुमो का कहना है कि इसबार उसको जदयू और लेफ्ट का समर्थन है। उनके वोट को जोड़ने पर जीत का फासला और बढ़ जाएगा। जाहिर है कि गठबंधन के खेल में मुस्लिम वोट बैंक का बिखराव झामुमो के लिए महंगा पड़ सकता है

### जाति-धर्म आधारित अनुमानित वोट बैंक

डुमरी विधानसभा क्षेत्र में डुमरी, नावाडीह और चंद्रपुरा प्रखंड है। इन तीनों प्रखंडों में करीब 40 हजार मुस्लिम वोटर हैं। जो वर्तमान चुनाव में हार-जीत का फैसला करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछली बार रिजवी को सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट मिला था। यहां 85 से 90 हजार कुर्मी वोटर हैं। दूसरे स्थान वैश्य वर्ग और तीसरे स्थान मुस्लिम वोटर है। एससी वोटर चौथे स्थान पर हैं। पांचवे स्थान पर आदिवासी वोटर हैं।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया होंगे सम्मानित : हिमांशु शेखर

**9 दिसंबर को झारखंड राज्य खाद्य आयोग करेगा मुखिया को सम्मानित**

**जिलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए मुखियाओं के चयन का आठ मापदंड तय किया गया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के बेहतर क्रियान्वयन और निगरानी करने वाले राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित मुखिया को सम्मानित करेगा। सम्मान समारोह 9 दिसंबर को होगा। आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने यह जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि जिलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए मुखियाओं के चयन का आठ मापदंड तय किया गया है। इन मापदंडों के आधार पर मुखिया का चयन किया जाना है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच की अवधि में मुखिया द्वारा किये गये कार्यों के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति तीन मुखिया का चयन करेगी। चयन समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता -सह-जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी होंगे, जबकि जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जन सूचना पदाधिकारी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित योजनाओं में कार्य करने वाले दो प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, जिनका मनोनयन संबंधित जिला के उपायुक्त द्वारा किया जाएगा, समिति के सदस्य होंगे। जिलों के उपायुक्त को निर्देश दिया गया है कि चयन की प्रक्रिया पूरी कर मुखिया की सूची 15 नवंबर 2023 तक आयोग को उपलब्ध करा दें।

**बैठक में हुई सम्मानित करने का निर्णय :** इससे पूर्व आयोग के कार्यालय में उपरोक्त मामले को लेकर बैठक की गयी. इसमें खाद्य आयोग की सदस्य शबनम परवीन, सदस्य सचिव संजय कुमार, आयोग के पूर्व सदस्य उपेंद्र नारायण उरांव, रामकरन रंजन, पूर्व राज्य सलाहकार बलराम, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति रमेश शरण बैठक में मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

# जी. टाउन मैदान फिटनेस जोन में तब्दील, कंपनी ने किया लोकार्पित

## टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी ने नयी सुविधा का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, बिस्टुपुर के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने जी-टाउन ग्राउंड, बिस्टुपुर में फिटनेस जोन समर्पित किया।

इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य विभिन्न आयु समूहों और रुचियों को पूरा करने वाली अत्याधुनिक फिटनेस और मनोरंजक सुविधाएं प्रदान करना है। टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा के साथ इस सुविधा का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में टाउन ओ एंड एम और आरई के वरिष्ठ महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे और टीडब्ल्यूयू के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने इस प्रयास के महत्व को रेखांकित किया। इस


जी टाउन फिटनेस जोन का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी। साथ में टीएसयूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा व यूनियन के नेतागण।


नये रुप में जी. टाउन मैदान।

### कायाकल्प के बाद मिलीं कई नयी सुविधाएं

फिटनेस जोन में सोच-समझकर डिजाइन की गई सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें एक पार्क क्षेत्र, एक पैदल ट्रैक, एक समर्पित वरिष्ठ नागरिक क्षेत्र, योग के लिए जगह, आरामदायक बैठने की जगह और खेल प्रेमियों के लिए खेल कोर्ट शामिल हैं। फिटनेस जोन में 16 ओपन जिम और 12 बच्चों के खेलने के उपकरण, एक वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट शामिल हैं। वॉकर ट्रैक की लंबाई 960 मीटर है। पेड़ों के साथ हरे भरे स्थानों का समावेश आसपास के वातावरण में प्राकृतिक शांति का स्पर्श जोड़ता है। फिटनेस जोन सुबह खुलने का समय सुबह 5 बजे 9 बजे तक रहेगा एवं शाम में 4 बजे से रात 9 बजे तक होगा

परिवर्तनकारी परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य एक समग्र स्थान बनाना है जो निवासियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ाता है। 8075 वर्ग मीटर (95 मीटर x 85 मीटर) के व्यापक क्षेत्र को कवर करते हुए, जी-टाउन ग्राउंड में फिटनेस जोन मार्च 2023 से शुरू होकर 6 महीने की अवधि में विकसित किया गया, जो अगस्त 2023 में पूरा हुआ।

## इनर व्हील क्लब जमशेदपुर ईस्ट ने कई प्रोजेक्ट को किया लांच



जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्व का इनर व्हील क्लब जिला 325 चार्टर नं. 5854 की चेयरमैन डा रागिनी रानी रविवार को जमशेदपुर के दौरे पर थीं। चेयरमैन ने मेजबान इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर इस्ट की टीम से गर्मजोशी से मिलीं और उनके स्वागत से अभिभूत हुईं। इस अवसर पर चेयरमैन ने क्लब की विभिनन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके तहत रेड रोज स्कूल मैंगो जमशेदपुर में हैप्पी स्कूल, सेव वाटर मैसेज के साथ हैंड वाशिंग स्टेशन, कंप्यूटर कक्ष की व्यवस्था, सेनेटरी पैड बैंक, स्कूल टॉपर प्रिया कुमारी को छात्रवृत्ति, कंप्यूटर दान – पीपी राम खन्ना द्वारा एक पीसी दान किया गया। साथ ही उनके द्वारा पटामदा के लिए 1 यूनिट दान किया गया। साथ ही हिंदुस्तान मित्रा मंडल स्कूल के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, हमारे कोषाध्यक्ष पीपी निलिमा प्रकाश द्वारा दान की गई। अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक मिड एजेड कपल के लिए एक रिटायरमेंट प्लान शुरू किया और शुरूआती प्रीमियम को प्रायोजित किया। अपनी बेटियों के साथ वंचित महिला के लिए कानूनी सहायता, जिसे उसके पति ने गुजारा भत्ता के लिए मामला दर्ज करने के लिए छोड़ दिया है। पीपी नीलिमा प्रकाश द्वारा प्रायोजित किया गया। इनर व्हील में फाउंडेशन ऑफ यूथ क्लब, हमने इसे अनन्या नाम दिया और हमने कॉलेज के प्रिंसिपल और प्रोफेसरों के मार्गदर्शन में टिनप्लेट यूनियन माहिला कॉलेज के 100 छात्रों के साथ इसकी शुरूआत की। चेयरमैन डा रागिनी रानी ने क्लब की गतिविधियों की मुक्त कंठ से सराहना की।

## बंगाल क्लब में मल्हार संध्या 9 को

**जमशेदपुर।** आगामी 9 सितम्बर 2023 को शहर की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था दी बंगाल क्लब एवं शहर के शास्त्रीय संगीत को समर्पित संस्था बंसी बोस म्यूजिक फाउंडेशन , जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में संध्या 6 .00 बजे से मल्हार संध्या का आयोजन साक्ची स्थित बंगाल क्लब के सभागार में किया जायेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रिय एवं अन्तराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति में धरवार, महाराष्ट्र के अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक पंडित कुमार मरदूर शास्त्रीय गायन पेश करेंगे। तबले पर जमशेदपुर के अमिताभ सेन हारमोनियम पर कोलकाता के गौरव चटर्जी संगत करेंगे। दूसरी प्रस्तुति में शहर में ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक पंडित रोनु मजूमदार बांसुरी वादन पेश करेंगे जबकि उनके साथ तबले पर अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक कोलकाता के शुभोज्योति गुहा संगत करेंगे।

## प्रभुनाथ सिंह ने 24वीं बार किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे प्लेटलेट्स डोनेशन अभियान की कड़ी में आज रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने आज प्लेटलेट्स की आवश्यकता एक मरीज को होने पर स्वयं एसडीपी दान किया। उन्होने अब तक 24 बार प्लेटलेट्स का दान किया है एवं 36 बार रक्तदान के साथ 60 रक्तदान को पूरा किया।

## कॉऑपरेटिव लॉ कॉलेज में नये कमरों का होगा निर्माण

जमशेदपुर। कोल्हान विवि के अधीन संचालित जमशेदपुर कॉ-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के नए कमरों के भवन का निर्माण के संबंध में कॉलेज के छात्र अमर तिवारी ने विभाग को निवेदन किया था और बताया कि उसके ऊपरी तल्ले में क्लास रूम निर्माण के लिए कोल्हान यूनिवर्सिटी को कॉलेज के तरफ से प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन विवि के कुलपति इसपर संज्ञान नही लिए है,जिसके चलते कार्य लंबित हो रहा है।

# नागरिक सुविधाओं में इंदौर से पीछे है जमशेदपुर : सरयू

## विधायक ने कहा, इंदौर पीजी पास तो जमशेदपुर की सुविधा नर्सरी लेवल में

**टीएसयूआइएसएल के एमडी से विधायक ने की बैठक**

एमडी ने कहा कि दो साल में सीवरेज और कचरा निष्पादन में बेंचमार्क होगा नगर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** टाटा स्टील युआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री रितुराज सिन्हा के साथ आज हुई बैठक में जमशेदपुर की नागरिक सुविधाओं खासकर पेयजल आपूर्ति एवं सफाई के विषय में वार्ता हुई। वार्ता में तय हुआ कि चहारदीवारी का काम पूरा हो जाने के बाद अब भुईयाडीह, लाल भट्ठा, बाबूडीह आदि क्षेत्रों की जलापूर्ति योजना पर शीघ्र तेजी से काम शुरू होगा, पाईप लाईन बिछना शुरू होगा। कमोबेश एक साल का समय काम पूरा होने में लगेगा।

एमडी ने विधायक को बताया कि लिट्टी चौक से नदी की ओर जाने वाली सड़क बनने पर लाल भट्ठा -बाबूडीह -भुईयाडीह के सामने नाला पर तीन पुलिया बनेगी ताकि यातायात निकासी का वैकल्पिक मार्ग इस इलाके के लोगों को मिले। उल्लेखनीय है कि यही से एनएच 33 को जोड़ने के लिए नदी पर पुल बनने वाला है। रितुराज सिन्हा ने विधायक को बताया कि जोजोबेडा इलाका के लिए जलापूर्ति की योजना 6 माह में पूरा हो जाएगी। दिसंबर-जनवरी से पानी का फार्म भरना शुरू हो जाएगा, तबतक इस क्षेत्र को पहले की तरह पानी मिलेगा। पानी का फ्लो कम नहीं होगा। विधायक ने एमएडी को बताया कि जलापूर्ति की दिशा बदल जाने के कारण प्रेम नगर में पेयजल का प्रवाह कम हो गया है। एमडी ने कहा कि इसे पहले की तरह किया जाएगा। बातचीत में विधायक और एमडी के बीच बड़ा नाला बनाने सहित बमार्माइंस क्षेत्र की करीब एक दर्जन जनसुविधा योजनाएँ बनाने पर उनकी सहमति मिली। काशीडीह रोड नंबर- एक बगान एरिया के नाला सफाई कराने का आश्वासन उन्होंने दिया। इस नाला की सफाई विगत आठ वर्षों से नहीं हुई है। जिन बस्तियों में जलापूर्ति पाईप बिछ गया है उनमें उपभोक्ता फार्म भरने के काम में तेजी लाई जाएगी और पानी दिया जाएगा। विधायक ने एमडी को अपनी इंदौर नगरपालिका की तीन दिवसीय अध्ययन यात्रा का संक्षेप में अनुभव बताया और कहा कि इंदौर पोस्ट ग्रैजुएट कर रहा तो हम नर्सरी में है तो इसपर रितुराज के अनुसार दो साल के भीतर जमशेदपुर में सिवरेज ट्रीटमेंट, घर घर से कचरा लेने एवं कचरा निष्पादन की दिशा में बड़ी सफलता मिल जाएगी। सरयू राय ने जमशेदपुर के लिए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की दीर्घकालीन व्यवस्था के लिए सीधे चांडिल डैम का पानी सतनाला एवं डिमना लेक के माध्यम से लेने और नदी का पानी औद्योगिक एवं अन्य उपयोग के लिए करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने नदी में उंचा वीयर खड़ा करने का विकल्प बताया। विधायक ने जनहित मे दोनों विकल्पों के लाभ एवं लागत अनुपात का गहन अध्ययन कराने का सुझाव उन्हें दिया। विधायक ने एमडी से शहर में यातायात नियंत्रण के बिन्दुओं पर भी चर्चा की और समाधान निकालने का अनुरोध किया और कहा कि लिट्टी चौक - एनएच 33 पुल एवं पथ निर्माण तथा अन्ना चौक -पीपला ऊपरी पथ (एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण के बाद जमशेदपुर में यातायात काफी सुगम होगा। एमडी ने बताया कि इन दोनों परियोजनाओं के लिए टाटा स्टील अपने जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के लिए तैयार है। इससे अब इनके निर्माण की समस्त बाधाएँ दूर हो गई।

## खबर एक नजर में

### रोटरी क्लब ने खेल दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का किया आयोजन



**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ स्टील सिटी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 27 अगस्त को ठक्कर बप्पा धतकीडीह मैदान में इंडिपेंडेंस क्लब फुटबॉल टूनार्मेंटनेट का आयोजन किया। टीमों एवं आयोजन समिति को पौष्टिक दोपहर का भोजन भी दिया गया। इसमें जमशेदपुर और आसपास की 22 सामुदायिक टीमों ने भाग लिया। विजेता और उपविजेता टीम को अद्भुत ट्रॉफी, नकद पुरस्कार और रोटरी ब्रांडिंग वाली टी-शर्ट दी गईं।
विजेता – अपराजेय एफसी, उप-विजेता – संदीप स्पोर्टिंग क्लब
फुटबॉल सबसे अविश्वसनीय रूप से विशेष तरीके से सम्मान, एकता, शांति और दोस्ती की संस्कृति का निर्माण कर सकता है। इंडिपेंडेंस कप फुटबॉल का उद्देश्य समुदायों के भीतर स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना और फुटबॉल को एक खेल और बदलाव के उपकरण दोनों के रूप में बढ़ावा देना है। खेल और शारीरिक गतिविधि बच्चों के मोटर कौशल, लचीलेपन, स्वास्थ्य और भलाई में सुधार के लिए आवश्यक हैं, जो संयुक्त राष्ट्र के सहस्राब्दी विकास लक्ष्य 4 का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर क्लब की ओर से आरटीएन. अध्यक्ष अमृता वखारिया, आरटीएन। गौरव रूंगटा- स्पोर्ट्स चेयर, आरटीएन। कृष्णा खारिया- कोषाध्यक्ष, मिलन वखारिया, आरटीएन। सवाक पटेल, भरत शाह, रोटरीलेट रेयांश, सिद्धांत, रोटरेक्टर अमित और चंदन, हम ठक्कर बप्पा समिति के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### लेखक व उद्यमी संदीप मुरारका ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



जमशेदपुर। जनजातीय समुदाय के सकारात्मक पहलुओं पर लिखने वाले कलमकार संदीप मुरारका ने राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर आदिवासी समुदाय पर लिखी गई कॉफी टेबल बुक 'देश के 105 विशिष्ट जनजातीय व्यक्तित्व' के अंग्रेजी संस्करण को भेंट किया। इस पुस्तक के हिंदी संस्करण का लेखन संदीप मुरारका ने एवं अंग्रेजी में अनुवाद सेवानिवृत बैंक अधिकारी आनंद मोहन चौबे ने किया है। उन्होंने महामहिम को कहा कि शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जिसमें जनजातियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा ना की हो। इस पुस्तक में कश्मीर से कर्नाटक तक के 23 राज्यों की 52 जनजातियों के विशिष्ट व्यक्तियों का सचित्र संक्षिप्त परिचय शामिल है। देशभर में फैले जनजातीय समुदाय के कई ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व भी इस बुक का हिस्सा हैं, जो भले स्वयं कभी स्कूल ना गए हों, परंतु आज उनके अनुकरणीय जीवन व कार्यों पर पीएचडी की जा रही है। विशेषकर देश के वैसे महान जनजातीय व्यक्तित्व जिनको पद्म पुरस्कार प्राप्त हुए हैं अथवा जो देश के उच्च पदों को सुशोभित कर रहे हैं एवं नई पीढ़ी के लिए आदर्श हैं, ऐसे 105 विशिष्ट आदिवासी हस्तियों की तस्वीर और फीचर को पुस्तक में समाहित किया गया है।

### मिलानी हॉल मे दर्शकों के सिर चढ़ कर बोल रहा सिकंदर का जादू रविवार को होगा आखिरी 3 शो



जमशेदपुर। शहर के बिष्टुपुर स्थित मिलानी वातानुकूलित हॉल में 4 अगस्त से चल रहे जादूगर सुपर स्टार सिकंदर के शो का 3 सितम्बर को आखिरी 3 शो होंगे उसके पहले राखी के दिन भी तीन शो दिखाए जाएंगे। रविवार के बाद जादूगर सिकंदर अपने भारी लाव लश्कर और पचास से ज्यादा महिला पुरुष कलाकारों के साथ अन्य शहर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे जहां अगले कार्यक्रम की तैयारियां चल रही है। जादूगर सिकंदर का शो बिल्कुल नए नए करतबों और इंटरनेशनल स्टाइल का होने के कारण दर्शकों ने खूब पसंद किया और इस अद्भुत मनोरंजक शो का जिक्र शहर भर मे सुना जाता रहा। जादूगर सिकंदर के द्वारा दिखाए जा रहे हैरतअंगेज कारनामों का जिक्र हर उस व्यक्ति के सिर चढ़कर बोल रहा है जो इस शो को देखकर बाहर निकलता है। शो में किसी को जादूगर का हवा में गायब होना चकित करता है तो किसी को लड़की को दो भाग मे काट देना, किसी को शीशा की दीवार से आरपार निकालती गर्ल को देखना हैरत से भर देता है। डायनासोर देख बच्चे बड़े भी आश्चर्य से भर जाते हैं।

### तिरुपति संस्था की महिलाओं ने सैनिकों को बांधी राखी, मिला गिफ्ट



जमशेदपुर। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड एवं तिरुपति संस्था के तत्वाधान में हिंदुओं के महापर्व रक्षाबंधन के उपलक्ष में हर साल की भांति इस साल भी सैनिक भाइयों के बीच में हिंदू विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण के द्वारा फौजी भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर एवं मिठाईयां खिलाकर रक्षाबंधन का महापर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया। सभी भाइयों को संस्था की तरफ से उपहार भी दिए गए। सभी भाई उपहार पाकर बहुत खुश हुए और भावुक होकर अपने घर की याद आ गई ह। फौजी भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर सम्मान किए। कार्यक्रम संस्था के झारखंड महामंत्री एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शशि आचार्य का कहना था कि फौजी भाई अपने घर परिवार से दूर हैं,इसलिए हम बहनों का कर्तव्य है कि उन्हें राखी बांधें। इस अवसर संस्था की सरायकेला आदित्यपुर अध्यक्ष सुजाता सिंह विद्या सिंह सुषमा सिंह तिरुपति की शर्मिला सिंह उपस्थित थीं।

### सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की महिलाओं ने बांधी सैनिकों को राखी



जमशेदपुर। हर वर्ष भांति इस वर्ष भी जमशेदपुर सैन्य शिविर में विशेष उत्सव पूर्वक माहौल में भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन में सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की संरक्षक रानी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में उनकी संस्था की ओर से अधिकारियों के साथ सुबह 10 :00 बजे पहुंच कर खुशी-खुशी देश की रक्षा के सेवा में अनुमूल्य योगदान करने वाले सैनिकों को अधिकारियों और वीर जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधी। मौके पर उपस्थित सैनिक सिविल के अधिकारियों एवं सैनिकों ने भी उपस्थित बहनों का उचित सम्मान करते हुए इस त्यौहार को मनाया मौके पर उपस्थित बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था की ओर से सौम्या, रानी गुप्ता व टीम सहयोगी पूर्णिमा देवी पूर्णिया अग्रवाल गीता देवी सतवंत कौर उपस्थित रहीं।

## सिनीमैजिक्स ने किया फैशन रियलिटी शो का मेगा ऑडिशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम को संबोधित करते निदेशक राजीव सिंह। साथ में रितु सिंह व अन्य।

जमशेदपुर। झारखंड का पहला ओ टी टी प्लेटफार्म सिनीमैजिक्स के फैशन शो का मेगा ऑडिशन की शुरूवात कल जमशेदपुर से हुई। इस मौके पर सिनीमैजिक्स के ऑनर राजीव सिंह ने बताया कि ऑडिशन में जमशेदपुर के युवाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। जमशेदपुर के बाद अब अगले हफ्ते रांची तथा उसके बाद झारखंड के बाकी जगहों पर भी ऑडिशन लिया जाएगा। ऑडिशन में सिलेक्टेड प्रतिभागियों का मेगा फिनाले अक्टूबर के पहले हफ्ते में जमशेदपुर में ही किया जाएगा। इस शो के जज प्रिंस मिश्रा, प्रिया खेस, और अक्षय शर्मा थे। इस मौके पर ऋतु सिंह, शो की कोरियोग्राफर स्मिता राउत तथा डी ओ पी अनिमेष सिंह ने इस फैशन शो को सफल बनाने में भूमिका निभाई।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह

>> समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और गायत्री मंत्र के साथ हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ रचना रश्मि।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। समारोह मे पूर्ववर्ती छात्रों को संबोधित करते हुए श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ.बालभद्र जेना ने कहा कि इस तरह से मिलने से हमारा रिश्ता और अधिक मजबूत होता है, हमारे महाविद्यालय को आपके सहयोग और सलाह की हमेशा आवश्यकता रहेगी इसलिए आपसे सहयोग हमेशा अपेक्षित है । उन्होंने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती छात्र हमारी धरोहर है आपकी कामयाबी आपके बाद के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करती है। कार्यक्रम में बी.एड. की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से सबका मन मोहा साथ ही पूर्ववर्ती छात्राओ ने अपने अनुभवों को सबके साथ साझा किया। इस एलुमनी मीट में बड़ी संख्या में वर्तमान और पूर्व के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहायक प्राध्यापक रचना रश्मि, एलुमनाई प्रकोष्ठ की प्रभारी चंचला महतो तथा अन्य प्राध्यापको का योगदान उल्लेखनीय रहा। संचालन सहायक प्राध्यापक बिनय सिंह शांडिल्य ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन माधुरी कुमारी ने किया।

## सूर्य मंदिर प्रबंध समिति का रघुवर गुट ने काम रोका

छठ घाट में स्वीमिंग पुल और शंख मैदान में बास्केट बॉल कोर्ट बनाने का किया विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट एवं सूर्य मंदिर के छठ घाट में स्विमिंग पूल निर्माण कार्य का सूर्य मंदिर समिति ने आपत्ति जताते हुए विरोध दर्ज कराया है। मंगलवार को इस संबंध में सूर्य मंदिर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधमंडल ने इस बाबत ज्ञापन सौंपकर सूर्य मंदिर परिसर में निर्माण कार्य ना कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन में बताया गया कि सूर्य मंदिर परिसर में छठ घाट तालाब एवं शंख मैदान का निर्माण जनता की मांग और स्थानीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पृष्ठभूमि में वर्ष 2003 में हुआ था। तत्समय से लगातार छठ घाट तालाब में छठ महापर्व का अनुष्ठान तथा शंख मैदान में आध्यात्मिक प्रवचन एवं सांस्कृतिक तथा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। उक्त दोनों स्थानों के प्रति स्थानीय जनता की आस्था एवं धार्मिक विश्वास बहुत गहरी है। बताया गया कि सूर्य मंदिर समिति को इस प्रकार की सूचना है कि शंख मैदान में बास्केट बॉल कोर्ट एवं छठ घाट तालाब में स्वीमिंग पूल के निर्माण की योजना बनायी जा रही है, जो सर्वथा अनुचित है और लोगों की धार्मिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक भावनाओं के विपरित है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सिदगोड़ा सूर्यधाम पिछले कई दशकों से हिन्दुओं की आस्था का केंद्र रहा है। सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में प्रायः कोई न कोई धार्मिक अनुष्ठान होता रहता है।

## बोलबम के उद्घोष से गूंज उठा बड़ौदा घाट से गाड़बासा चिंताहरण महादेव मंदिर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोमवार को पवित्र माह सावन महीना के आखिरी सोमवारी के दिन बागबेड़ा बड़ौदा घाट से विशाल कावड़ यात्रा निकली जो बागबेड़ा स्थित गड़ाबास शीतला माता मंदिर में चिंताहरण महादेव मंदिर में कावडियो द्वारा जलाभिषेक किया , ढोल नगाड़े के साथ डीजे पर बजते भजन की धुन पर थिरकते बच्चियां महिलाए और युवा के साथ साथ सभी कावडिया लोग। कावड़ यात्रा में बतौर कावरिया के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, जिला परिषद सदस्या कविता परमार, कुसुम पूर्ति, जूना अखाड़ा समिति के श्री श्री मेघानन्द सरस्वती महाराज ने पैदल जल लेकर यात्रा पूरी किए और बाबा चिंताहरण महादेव के दरबार में हाजिरी लगाई।

हाजिरी लगाने आए पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा की देवो के देव महादेव के दरबार में हाजिरी लगाने और ईश्वरीय कार्य में लोगो की रुचि दिनो दिन पढ़ते जा रहा है और ऐसा होना समाज को मजबूती मिलती है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन व पीएम मोदी शिक्षा व रिसर्च के प्रति गंभीर : मेलिंडा पावेक

## विद्यार्थियों व प्रोफेसरों से की खुलकर बातचीत कहा- हमारी मित्रता अटूट

## एक्सएलआरआइ में आउटरिच विजिट पर पहुंचीं अमेरिकी काउंसुल जनरल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


भावी प्रबंधकों से संवाद करती काउंसुल जनरल मेडिंडा पावेक।

**जमशेदपुर।** गत 25 अगस्त को अमेरिकी महावाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक आउटरिच विजिट के तहत एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस पहुंची। इस दौरान उन्होंने एक्सएलआरआइ प्रबंधक, विद्यार्थियों और प्रोफेसरों से वार्ता की। साथ ही भारतीय व अमेरिकी शिक्षण संस्थानों के बीच साझा प्रयास से शिक्षा व रिसर्च को बढ़ाने देने पर बल दिया। इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो ने एक्सएलआरआइ में मौजूद कोर्स, उसकी विसारत व पूरी दुनिया के विभिन्न देश व शहरों में एक्सएलआरआइ के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के होने की जानकारी दी। बताया कि अमेरिका के सिर्फ न्यूयॉर्क में एक्सएलआरआइ के करीब 400 पूर्ववर्ती विद्यार्थी कार्यरत हैं। मेलिंडा पावेक ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी व भारतीय शिक्षण संस्थानों में बेहतर शिक्षा व रिसर्च के प्रति गंभीर हैं। दोनों देशों के शिक्षा व रिसर्च को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम को गति प्रदान करने की बात कही। कहा कि अमेरिका में फिलहाल करीब 20,000 भारतीय पढ़ाई कर रहे हैं, विकासशील छात्रों को अपने देश के प्रति अच्छी समझ भी है। पावेक ने कहा कि अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी का सपना है कि अधिक से अधिक अमेरिकी छात्र भारत आएं और वे भारत की विविधता, ऊर्जा यहां के लोगों के टैलेंट को करीब से जानें। स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम से दोनों देशों का ना सिर्फ फायदा होगी बल्कि हॉलिस्टिक ग्रोथ भी संभव होगा। विद्यार्थियों से बातचीत के क्रम में मेलिंडा ने कहा कि हमारी एजुकेशनल सिस्टम व एकेडमिक कैलेंडर में काफी अंतर है। एकेडमिक कैलेंडर को साझा प्रयास से इस प्रकार से तैयार करने की आवश्यकता है कि भारत व अमेरिकी शिक्षण संस्थानों का कैलेंडर इस प्रकार हो कि दोनों देश के विद्यार्थी समर इंटर्नशिप पर अलग-अलग देशों में जा सकें। विभिन्न सेमेस्टर को भी नये सिरे से डिजाइन करने पर बल दिया। मेलिंडा पावेक से एक प्रोफेसर ने पूछा कि अमेरिकी वीजा एप्लीकेशन प्रोसेस में देरी की क्या वजह है? इस सवाल का जवाब देते हुए मेलिंडा पावेक ने कहा कि यूएस मिशन इन इंडिया के लिए एजुकेशन एंड रिसर्च कोलैब्रेशन करना टॉप प्रायोरिटी है। वीजा टीम द्वारा कम से कम समय में वीजा के लिए इंटरव्यू लिया जाए, और उन्हें वीजा मिले इसके लिए कार्य किया जा रहा है। पहली बार वीजा लेने में तमाम दस्तावेजों की जांच व अन्य जांच में देर होती है, लेकिन वीजा प्रॉसेस को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### होली क्रॉस स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय खेल दिवस पर होली क्रॉस स्कूल में बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी से क्लास आठ तक के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिये। बच्चों ने बिस्कुट रेस, बैलून रेस, फ्रॉग रेस, बकेट रेस, ट्रॉफी रेस, टावर रेस, म्यूजिकल चेयर समेत कई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रयास किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर स्कूल के प्राचार्य चंद्रभूषण सिन्हा ने पुरष्कृत किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना बढ़ती है। उनकी प्रतिभा का निखार होता है। मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं व बच्चे शामिल थे।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने किया धोती, साड़ी, लूंगी का वितरण



**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को सरकार के द्वारा चलाई गई सोना सोबरन योजना के तहत कई लाभुको के बीच धोती साड़ी व लूंगी का वितरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व बीडीओ ललित राम ने संयूक्त रुप किया। इससे पूर्व चंद्रवंशी का स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की अध्यक्षता में फूलमाला व बुक्के देकर गर्मजोशी के साथ प्रखंड कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला विशेष आमंत्रित सदस्य वेद प्रकाश शर्मा ने किया। मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचे इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं इसी के तहत आज प्रखंड कार्यालय से सोना सोबरन योजना का शुभारंभ किया गया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, इद्रीस हवारी, प्रखंड प्रमुख अल्का कुमारी, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, उपप्रमुख खोखन राम, सुनील तिवारी, अरबिंद मेहता, सुनील पांडेय, रूपेश कुमार सिंह, नवल सिंह, रामप्रसाद चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### लोन से आहत महिला ने की आत्महत्या



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हुरूहासा निवासी शीला देवी 50 वर्ष पति गनौरी भुईयां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शीला तीन बच्चों को छोड़ गई है। शीला देवी समुह लोन से दबी हुई थी। शीला चार समुह से चालीस चालीस हजार करके कुल एक लाख असी हजार रुपए कर्ज लिए थे। कर्ज किश्त के जरिए चुकानी थी। समुह द्वारा लिये पैसे को शीला देवी ने खर्च कर दिए थे। किसी तरह मजदूरी कर थोड़ा बहुत किश्त चुका रही थी। शीला देवी को आज किश्त देने के लिए दबाव डाला गया था शीला अगल बगल तथा अपने रिश्तेदारों से फोन पर पैसा का मांग किया लेकिन कोई देने को तैयार नहीं हुआ। लाचार होकर शीला देवी घर में टांगी हुई बांस में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। शीला घर में अकेली थी। उसका पति बाहर कमाने गया हुआ था। शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### भाजपा नेता ने खिलाड़ियों के बीच किया फुटबॉल वितरण



**सतबरवा पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता आशीष सिंहा ने बोहिता गांव के खिलाड़ियों के दो टीमों के बीच फुटबॉल वितरण कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें सहयोग करने की जरूरत है। ग्रामीण स्तर के खिलाड़ी भी अच्छा खेल का प्रदर्शन कर राज्य तथा देश स्तर के खिलाड़ी बन सकते हैं। सिन्हा ने करीब एक पखवाड़ा से सतबरवा प्रखंड के आधा दर्जन पंचायत के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया है। मौके पर पांकी विधायक के प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, डालटनगंज भंडारिया विधायक के प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, सेठ महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

### सतबरवा : लोहरा पोखरी में लाभूकों के बीच किया धोती व साड़ी वितरण



**सतबरवा पलामू।** धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव, पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, उप मुखिया मुधिर साव, अशोक यादव ने संयुक्त रूप से मंगलवार को झारखंड सरकार के सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण कार्डधारियों के बीच लोहरा पोखरी में जन वितरण प्रणाली के दुकान कृष्णा आजीविका सखी मंडल तथा भारत भूषण जयसवाल के दुकान में किया। मौके पर मुखिया रिंकी यादव ने कहा सोना सोबरन योजना राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसके तहत राशन कार्ड धारियों को 10 की दर से प्रति धोती, साड़ी तथा लूंगी दिया जा रहा है। वहीं विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो ने कहा कि सोना सोबरन योजना गरीब असहाय लोगों के लिए वरदान है। मौके पर डिलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कांत साहु, चन्देश्वर बैठा, बिनोद साव, ललन शर्मा समेत कार्डधारी मौजूद थे।

### पीडीजे ने नये सिविल कोर्ट भवन निर्माण को लेकर भूमि का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** जिले में नए कोर्ट भवन निर्माण को ले सोमवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव व सिविल कोर्ट के निबंधक अमित गुप्ता ने पुराने सिविल कोर्ट भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त पलामू शशि रंजन ने कहा कि एक पखवाड़े के अंदर भूमि से संबंधित स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ताकि जिले में नए कोर्ट भवन बनने का मार्ग प्रशस्त हो सके। विदित हो कि पलामू जिले में नया सिविल कोर्ट भवन का निर्माण किया जाना है। जिसे लेकर उपरोक्त अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया व स्थल को कोर्ट भवन निर्माण के योग्य पाया। इस मौके पर प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द से जल्द जमीन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी ताकि भवन निर्माण जल्द हो सके उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण होने से कार्य करने में काफी सहूलियत होगी।

### बीस सूत्री अध्यक्ष और मुखिया ने किया धोती-साड़ी वितरित



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बसरिया पंचायत में मंगलवार को सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना के तहत प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे एवं बसरिया पंचायत के मुखिया नीतीश सिंह के द्वारा लाभूको के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया। साथ ही सरकार स्तर से चलाया जा रहे विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी और उन्होने पंचायत के टोला दोकरा में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया जहां उन्होने आगनबाडी केंद्र बंद पाया। जिसका शिकायत प्रभारी सीडीपीओ संजय बाखला से कर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। मौके पर बसरिया पंचायत के वार्ड सदस्य भीष्म नारायण सिंह, सोनू पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हम यूं ही भूला न पायेंगे : स्व ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योतिन बाबू की जयंती आज

## शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रख्यात साहित्यकारे ज्योति प्रकाश के साथ गुजरे पल को किया साझा

### स्व ज्योति प्रकाश की जयंती पर विशेष



स्व ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योतिन बाबू।

**मेदिनीनगर(खबर मन्त्र संवाददाता)।** चर्चित साहित्यकार, संगीतकार, समाजसेवी सहित कई कला व विधा के खान स्व ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योतिन बाबू पलामू जिला ही नहीं एकीकृत बिहार में भी परिचय के मोहताज नहीं थे। स्व ज्योति प्रकाश ने पलामू को शिक्षा, संगीत, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में सजाने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया। स्व ज्योति प्रकाश का जयंती 30 अगस्त को मनाया जायेगा। इनके याद में शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रख्यात साहित्याकार से ज्योति प्रकाश के साथ गुजारे पल को साझा किया है। गणमान्य लोगों ने कहा कि ज्योति प्रकाश द्वारा किये गये कार्यों को आज भी भूलाया नहीं जा सकता है।

### साहित्य संगीत और शिक्षा के संगम का नाम ज्योति प्रकाश : देवव्रत



पत्रकार देवव्रत ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश को याद करते हुए कहा कि साहित्य, संगीत और शिक्षा के संगम का नाम था ज्योतिन भैया। उनके जीवन काल तक भारत का कोई दिग्गज शास्त्रीय संगीत कलाकार या साहित्यकार नहीं था जो पलामू की धरती पर उनके द्वारा नहीं बुलाया गया। मुझे खुशी है कि आज भी उनके परिवार उनके पद चिन्ह पर चल रहा है। यही कारण है कि बड़ी बहू अरुणा शंकर उनके पुण्य प्रताप से शहर की प्रथम महापौर बनने का अवसर प्राप्त किया।

### प्रथम टीबी वार्ड स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी का देन : डॉ आर पी सिन्हा



चिकित्सक सह पूर्व सिविल सर्जन डॉ आर पी सिन्हा ने कहा कि एक समय था जब टीबी के रोग से लोग मरा करते थे। कुछ डॉक्टर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के पास दवा दान के लिए आग्रह करने पहुंचे तो उन्होंने दवा दान के साथ-साथ सहर्ष सरकारी अस्पताल कैंपस में एक टीबी वार्ड का निर्माण करने की घोषणा की और 5 माह में उसका निर्माण करा कर समाज को समर्पित किया था। जिसका नाम उस वक्त के सिविल सर्जन ने ज्योति प्रकाश टीबी वार्ड रखा था। सरकारी ब्लड बैंक के निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका रही। समाज में स्व ज्योति प्रकाश के कई योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

### स्व ज्योति प्रकाश ने ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप बनाने में अहम भूमिका निभाई : प्रभात अग्रवाल



व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश चाचा शिक्षा, साहित्य एवं संगीत के शौकीन के साथ-साथ एक कुशल एवं दूरदर्शी व्यवसाई भी थे। उन्होंने 1940 में मोहन सिनेमा हॉल का उस वक्त निर्माण कराया। वे साहित्य व संगीत का कार्यक्रम कराया करते थे। उनके साथ मुझे हर कार्यक्रम में भागीदारी निभाने का मौका मिला था। वे छोटे पुत्र ज्ञान शंकर जी के नाम से उन्होंने ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर एवं ज्ञान शंकर उनके पद चिन्ह पर चल रहे हैं।

### हजारों लोग को रोजगार दे रहा ज्योति प्रकाश का परिवार : सरस जैन



शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के परिवार के बारे में बताते हुए कहा उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर, ज्ञान शंकर और अब दोनों पुत्रों के पुत्र स्रोत शंकर एवं आकर्ष आनंद अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ते हुए आज हजारों लोगों को रोजगार दे रहे हैं जो एक पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि यह परिवार हेरिटेज इंटरनेशनल एवं जेनी किड्स स्कूल का संचालन कर रहा है। वही ज्योति प्रकाश जी के नाम पर स्थापित ज्योति प्रकाश विद्यापीठ निशुल्क स्कूल एवं ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का भी संचालन कर रहा है। ज्योति प्रकाश के बेटे हजारो लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं।

### रोटरी स्कूल बनाने में ज्योति प्रकाश का अहम योगदान : राजेश्वर पांडे



शहर के प्रख्यात वकील राजेश्वर पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। मुझे उनके साथ काम करने का काफी अवसर मिला। कहा कि जब स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के बड़े पुत्र आनंद शंकर जी का जन्म हुआ उस वक्त हम रोटेरियन दोस्तों ने बेटे के जन्मोत्सव की पार्टी के जगह समाज के बच्चों के लिए उनसे एक स्कूल बनाने की बात कही और उन्होंने उसे स्वीकारते हुए रोटरी स्कूल बनाने का घोषणा किया जिसका नामकरण आनंद शंकर बाल विद्या मंदिर रखा गया जिसमें आज समाज के हजारों बच्चे पढ़ रहे हैं। आज उसी स्कूल का नाम रोटरी स्कूल आनंद शंकर है। उनकी बहुत सारी कृतियां मंदिर कॉलेज हॉस्पिटल समाज में आज की स्थापित है। मुझे खुशी है कि आज उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर ,ज्ञान शंकर एवं उनकी पुत्र वधू प्रथम महापौर अरुणा शंकर उनके पद चिन्ह पर चलकर समाज में उनका नाम रोशन कर रहे हैं।

### मोहन सिनेमा से कई यादें जुड़ी है : विजय ठाकुर



प्राइवेट बस स्टैंड के बगल में नाई दुकान संचालक विजय ठाकुर ने कहा कि जब ज्योतिन चाचा के द्वारा बनाया गया मोहन सिनेमा हॉल चला करता था और 11 बजे दिन में मंडल दादा द्वारा जनरेटर स्टार्ट करते ही घंटी और जनरेटर की आवाज से भीड़ जुटना शुरू हो जाता। उनके पास मदद के लिए जाता खाली हाथ नहीं लौटता।

### साहित्यकारों के मसीहा थे ज्योतिन बाबू : क्यूम रूमानी



शहर के मशहूर शायर क्यूम रूमानी ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहा ऐसा व्यक्तित्व बीरले पैदा होता जो स्वभाव से सरल और खुले हाथ का किसी को निराश नहीं करने वाला। हम पलामू के साहित्यकार एवं संगीतकार के मसीहा थे जोतीन बाबू। जब भी समाज में उनकी आवश्यकता हम लोगों को महसूस हुई हमेशा वह हम सबों के लिए तैयार रहते थे। ज्योति प्रकाश ने साहित्यकारों व संगीतकारों को एक मंच प्रदान किया था।

### बिस्मिल्लाह खा, किशन महाराज, गिरिजा देवी को सुनने का अवसर दिया स्व ज्योति प्रकाश ने : नवल तुलस्यान



व्यवसायी नवल तुलस्यान ने कहा कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश समाज के धरोहर, साहित्यकार, शास्त्रीय संगीत प्रेमी भी थे। शहर वासियों ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के प्रयास से पदम श्री बिस्मिल्लाह खान, गिरिजा देवी, कृष्ण महाराज, गोदई महाराज, सितारा देवी, प्रतिमा बेदी, भी जी जोग जैसे कई दिग्गज कलाकारों को सुनने और देखने का आनंद लिया। आज उनके नहीं रहने शहर में शास्त्रीय संगीत की दुनिया में सन्नाटा छा गया।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित

# खेल से खिलाड़ियों की प्रतिभा में आता है निखार : कुलाधिपति

खबर मन्त्र संवाददाता




**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपना व राष्ट्र का नाम रौशन करें। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा कल्याण कुमार, कुल सचिव डॉ देवाशीष मंडल ने सभी को खेल के लाभ के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डा अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने भारत में खेलों पर हो रहे विकास के बारे में बताया। इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर बीएड कॉलेज के छात्र आशीष कुमार रहे। द्वितीय स्थान पर बीपीएड कॉलेज के सागर उरांव व तीसरे स्थान पर बीटेक के अंकित कुमार चौधरी रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर बीपीएड कॉलेज की प्रियंका बारा व द्वितीय स्थान पर बीपीएड कॉलेज की ही अलमा लाकरा रही। मौके पर प्रवक्ता छोटन प्रसाद, निर्मला, ज्योति, लवली, उपेंद्र आदि मौजूद थे।

## धार्मिक आयोजन से लोगों में बढ़ता है भाईचारा : डॉ शशिभूषण

### पांकी विधायक ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम का उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में सनातन धर्म सभा केन्द्रीय समिति नीलांबर पीतांबबरपुर के तत्वावधान में सोमवार को श्रावणी महोत्सव के मौके पर रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व थाना परिसर में स्थित थानेश्वर महादेव मंदिर में पुजा अर्चना कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए अमन-चैन की कामना किया। इस मौके पर डॉ शशिभूषण ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर हूं। सनातन धर्म के लिए सड़क या सदन में हमेशा आवाज बुलंद करता रहुंगा। मौके पर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म सभा बहुत जल्द ही भारत के अन्य प्रदेशों में भी सनातन धर्म सभा कमेटी गठन करेगी तथा सभी जगह पर धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी। उन्होंने श्रावणी महोत्सव में लगे सभी कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, राजू राय, आंनद कुमार, सत्यम कुमार, विधायक प्रतिनिधि लाल प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी, पवन सोनी, सुदर्शन सोनी, योगेंद्र प्रसाद सोनी, मुनेंद्र नाथ दुबे, संजय प्रजापति, छोटेलाल सोनी, सहायक अवर निरीक्षक अभय त्रिपाठी, बिट्टू यादव, रंजीत साहू, परमानंद पाल, महावीर साहू, गोविंद यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय कमेटी के वीरेंद्र कुमार ने किया।

## मृतक उदल और रोहित का शव गांव पहुंचते ही मातम का माहौल

### बराव में भीषण सड़क हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव में एक कार ने दर्जन भर लोगों को रौंद दिया जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि कई लोग लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद ग्रामीणों के बीच चीख पुकार मच गई। पूरे इलाके में मातम का माहौल छा गया। जानकारी के अनुसार सभी मृतक अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। मौके पर जिला पार्षद रामलव चौरसिया, पूर्व जिला पार्षद विकाश उर्फ संटू चौरसिया, लालबहादुर चौरसिया, अमलेश चौरसिया समेत दर्जनों लोग अस्पताल पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात किया और सरकार से मृतक के परिजनों को 10 लाख मुआवजा देने की मांग की। घटना में मृतक उदल चौरसिया, रोहित चौरसिया रिश्ते में चाचा और भतीजा है जो नरसिंपुर पथरा केवाल गांव के रहने वाले हैं। जबकि एक डंडा निवासी मधु मेहता मृतकों में शामिल है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन लोगों की मौत हुई है। कार मालिक के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करने को कहा गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पीटल भेज दिया है। घटना के बाद विधायक आलोक चौरसिया ने सभी मृतकों को 10-10 लाख रुपए सरकार से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। वही मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक उदल चौरसिया और रोहित चौरसिया का शव गांव पहुंचते ही पुरा गांव में मातम सा छा गया वही पूरा परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### नगर निगम ने 6 दुकानों को किया सील

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को निगम क्षेत्र में किराया नहीं देने वाले बकायेदार दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान 6 दुकानों को सील किया गया। वहीं 5 दुकाने सील करने की प्रक्रिया में उन पांच दुकानदारों ने निगम को ऑन स्पॉट भुगतान कर दिया जिसकी राशि 1,36,536 रुपए है। कार्रवाई मुख्य बाजार इलाके में की गयी। टीम का नेतृत्व नगर निगम के उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उक्त दुकानदारों ने लंबे समय से किराया का भुगतान नहीं किया था। कई बार नोटिस जारी करते हुए किराया भुगतान का आदेश दिया गया। बावजूद उक्त दुकानदारों ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। नतीजतन निगम की ओर से कार्रवाई करते हुए छह दुकानों को सील कर दिया गया।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय के मुख्य सभागार में मंगलवार को हुसैनाबाद एसडीएम सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। जिसमें मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पर चर्चा किया गया। मौके पर नारायण ने पूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि भारत चुनाव आयोग के द्वारा 2024 से संबंधित मतदाता समीक्षात्मक कार्य चल रहा जो पूरे भारत हो रहा हैं। सभी बीएलओ घर-घर जाकर लोगों को सत्यापन किया हैं और यह कार्य अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि वैसे सभी 18 बर्ष आयु जो भारत के नागरिक है वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ना चाहते है वे जोड़वा सकते हैं। इससे संबंधित जो कार्य हैं वे सभी बीएलओ को अपने अपने कार्यो और दायित्वों की जानकारी दी जा चुकी हैं एवं मृतक का नाम हटना एवं सम्मान व्यक्ति को सत्यापन कार्य पूर्ण करने वाले सुपरवाइजर को सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे की धर्मपत्नी प्रमिला देवी का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे की पत्नी प्रमिला देवी 73 बर्ष का स्वर्गवास बीती रात्रि को 1:30 बजे हो गया है। डॉक्टरो के अनुसार शुगर लो होने के कारण मृत्यु हुई है। वह डायबिटीज की मरीज थी। स्व प्रमिला देवी अपने पीछे पति, दो पुत्र- पुत्रबहू, पोता पोती, चार पुत्रियां-दामाद, नाती नातिन सहित हर पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। दुबे ने बताया कि कुछ पारिवारिक सदस्यों के बाहर से पहुंचते ही मृत आत्मा की इच्छा नुसार अंतिम संस्कार आज ही देर शाम तक वाराणसी में किया जाएगा। यह दुखद समाचार सुनते ही दुबे के दुर्गा पाठक रोड स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न राजनीतिक दल एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों का आना-जाना लगा हुआ है। दर्शन श्रद्धांजलि देने पहुंचे डॉ अरुण शुक्ला, प्रोफेसर कमलाकांत मिश्रा, दीनानाथ तिवारी, विजयानंद पाठक, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, प्रदीप सिंन्हा, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, सोमेश सिंह, ब्रजमोहन राम, सुरेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रमेश आचार्य, अश्वनी मिश्रा, बबन तिवारी, कवि शर्मा, ब्रजेश शुक्ला, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अरुण दुबे, भोला सिंह, सुदीप सिंह, जय दुबे, अजय तिवारी, सुधीर प्रसाद, मनोज भुइयां, पंकज जयसवाल, सुनील पांडे, जितेंद्र तिवारी, श्वेताम गर्ग, छोटू सिंन्हा, किशन मखड़िया, शुभम तिवारी, छोटू सिंह, पंकज शर्मा, संदीप दास राससेस प्रचारक व्यापक जी, राजीव सिंह, विद्यार्थी परिषद के रत्नेश सहित अन्य कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने शोक संवेदना प्रकट की।

### ईश्वर परिजनों को धैर्य और शक्ति प्रदान करे : सांसद बीडी राम



पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने श्याम नारायण दुबे की पत्नी के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर दुबे जी से टेलीफोन पर बात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। सांसद ने घटना पर शोक जताते हुए कहा कि स्व प्रमिला देवी का आकस्मिक निधन से पूरे भाजपा परिवार में शोक एवं मर्माहत है। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस दुख की घड़ी में परिवार को धैर्य साहस शक्ति दे और मृत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, ईश्वरी पांडेय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नवेंदु मिश्रा, अमर कुमार मिश्रा, प्रदीप पासवान, सूरज विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नेता का नाम शामिल है।

### पूर्व स्पीकर ने भाजपा नेता को बंधाया ढाढ़स



झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने श्याम नारायण दुबे की पत्नी के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे। नामधारी ने दूबे से बात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया।

## पूर्वडीहा की नम्रता नीट में की क्वालीफाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव के करमडीह में नम्रता कुमारी ने नीट क्वालीफाई कर माता पिता के सपनों को साकार किया है। बचपन से ही मेधावी नम्रता ने रोटरी स्कूल डालटनगंज से मैट्रिक की परीक्षा में 96.7 तथा डीएवी स्कूल डालटनगंज से 12वीं की परीक्षा में 87.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। बचपन से ही डाक्टर बनने का सपना मन में पाली नम्रता ने नीट की परीक्षा में 720 में से 588 अंक प्राप्त कर झारखंड में 48वां कैटेगरी रैंक प्राप्त की तथा पूरे भारत में 14000 रैंक प्राप्त की तथा मेदिनीराय मेडिकल कौलेज डालटनगंज में नामांकन कराया। नम्रता की माता रीता देवी जो गृहिणी हैं वो बताती हैं कि दो भाई बहनों में छोटी बेटी बचपन से ही सरल एवं मेधावी रही है। पिता अवध किशोर दूबे जो पेशे से झारखंड पुलिस हैं वे बताते हैं कि ग्रामीण माहौल में रहकर घर का काम करती हुई नम्रता प्रतिदिन 18 घंटे मोबाइल एवं एनसीइआरटी किताब से स्वअध्ययन करती थी। आंखों में खुशी की आंसू लिए दूबे बताते हैं कि बेटी की शादी में जो दहेज खर्च किया जाता है वो बेटी को पढ़ाने में लगाया जाए ताकि बिटिया पढ़कर अपने पैरों पर खड़ी हो सके और इस लायक बने कि दहेज देने की नौबत ही नहीं आए। नम्रता की इस सफलता पर पूरे पूर्वडीहा गांव में खुशी की लहर है। सुबह गांव के युवाओं की टोली ने नम्रता के घर पर जाकर उसे धार्मिक पुस्तक, अंगवस्त्र एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया एवं उसका हौसला बढ़ाने का काम किया। समाजसेवी विकास दूबे ने बताया कि पूरा गांव गौरवान्वित है। सम्मानित करने वालों में पूर्वडीहा पंचायत के पंसस पति प्रदीप दूबे, रविन्द्र दूबे, भरत दूबे, सुधाकर दूबे, अंगद दूबे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## झामुमो नेता के निधन पर शोक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता झामुमो नेता सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मिथलेश महाराज का वेल्लोर में इलाज के दौरान निधन हो गया। इस दुखद खबर को सुनकर उनके मित्र हितैषी सामाजिक कार्यकर्ता झामुमो नेता सहित कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठन के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व विधायक सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ साथ मिथिलेश सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से संगठन को काफी क्षति हुई है।

## स्वर्णिम उपलब्धियों को छूता डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई

**झरिया।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई ने धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक शाखा द्वारा माइंड मार्टिंस के बैनर तले आयोजित क्विज प्रतियोगिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई और अपनी उत्कृष्टता साबित किया। इस प्रतियोगिता में 70 अंकों के साथ डी.ए.वी. मॉडल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऐसी उपलब्धि पाकर विद्यालय के विद्यार्थी उत्साह से भरे हुए हैं ।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिभागियों में 12वीं कक्षा के अक्षय प्रताप सिंह और आलोक कुमार रॉय थे। जिन्होंने इस उपलब्धि के माध्यम से अपनी क्षमता दिखाई। ये बच्चे स्कूल के लिए गौरव और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। इस प्रतियोगिता में धनबाद जिले के 12 प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। दूसरा और तीसरा स्थान द्वारका मेमोरियल स्कूल और बड्र्स गार्डन स्कूल ने क्रमशः 60 अंक और 50 अंक हासिल करके प्राप्त किया।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**बेरमो ।** सीसीएल ढ़ोरी प्रक्षेत्र के कल्याणी में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एसडीओसीएम ;कल्याणीद्ध शाखा की बैठक हुई। अध्यक्षता सचिव जितेंद्र दुबे ने किया। बैठक में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष जवाहरलाल यादव उपस्थित थे। बैठक में जितेंद्र दूबे ने कहा कि मजदूरों को खदान को बचाना भी है। इसके लिए यूनियन को और अधिक मजबूत व सशक्त बनाने की आवश्यकता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष जवाहरलाल यादव ने कहा कि यूनियन बराबर मजदूरों के हक में लड़ाई लड़ी है और आगे भी उनके हक में खड़ा है। इंडियन के मजबूती के लिए सदस्यता बढ़ने पर जोर दिया।इस अवसर पर रविंद्र मांझी एधनीराम महतोए पंकज कुमार महतो एसुशील कुमारए संतोष कुमारए भूलेश्वर महतोए गणेश महतो एराजेंद्र रविदासए संतोष रजवारए आदि मुख्य उपस्थित थे।

## स्कूल में दसवीं की छात्रा ने फिनायल पी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा स्थित गिनियादेवी मार्डन प्लस टू स्कूल में दसवीं की छात्रा ने स्कूल कैंपस में ही सफेद वाला फिनायल पी ली। आनन फानन मे स्कूल के द्वारा उसे निजी नर्सिंग होम भेजा गया फिर वहां से निरसा स्वास्थ केन्द्र भेजा गया जहां से धनबाद एनएम सीएच बेहतर इलाज के लिए भेजा गया।

## डीएवी बनियाहीर ने किया पौधरोपण

**झरिया ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए विद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य एस मोदक की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठ के सभी छात्रों ने उत्साहित हो कर भाग लिया। खेल दिवस के पुनीत अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रमन राय, असीम प्रियदर्शी तथा अरुंधती मिश्रा के दिशानिर्देश में कबड्डी, चेस, बॉलीबॉल तथा फुटबॉल आदि खेलों का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है।

# अवैध कोयला कारोबार में आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई फायरिंग और बमबाजी

### कर्मचारियों में दहशत, पुलिस ने तीन जिंदा बम किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/पुटकी।** बीसीसीएल की आउटसोर्सिंग में फायरिंग की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। अपराधियों के द्वारा बम फेके गए हैं। मंगलवार की अहले सुबह 4:30 बजे अपराधियों के द्वारा फायरिंग की गई। इस घटना के बाद यहां काम करने वाले कर्मियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर जिंदा बम भी बरामद किया है। फायरिंग की घटना पुटकी थाना क्षेत्र की है। बताते चले कि बीसीसीएल की पुटकी दो नंबर गोपाली चक में संचालित सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी में अपराधियों ने सुबह करीब 4:30 बजे के आसपास फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। आउटसोर्सिंग की पानी टैंकर पर फायरिंग की गई । चार राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी के कैंप में कार्यरत कर्मियों में घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है। कैंप के सुपरवाइजर रवि सिंह ने बताया कि वाहन पर सवार होकर अपराधी पहुंचे थे। उसके बाद उनके द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग सुपरवाइजर ने की है।

> पूर्व में हिंदी दैनिक खबर मंत्र में केंदुआडीह और पुटकी में कोयले का अवैध कारोबार धडल्ले से चलने का खबर प्रमुखता से छप गया था। जिसे रोकने में स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ भी नाकाम नजर आ रही है।

मौके पर पहुंची पुटकी पुलिस ने जिंदा बम बरामद किया है। इसको लेकर पुटकी थाना प्रभारी रासबिहारी लाल ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मौके से तीन जिंदा बम बरामद किया गया है। आउटसोर्सिंग प्रबंधन के द्वारा अब तक लिखित शिकायत नहीं दी गई है लिखित शिकायत मिलने के बाद प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि कोयला चोरी रोकने को लेकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। कोयला चोरों का हौंसला दिनों जिले में सातवें आसमान पर है। कोयला चोरी करने में बाधा पहुंचने पर फायरिंग कर दहशत फैलाया जा रहा है।

## धनबाद में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 95 लाख की ठगी

### महाराष्ट्र के औरंगाबाद से दो शातिर ठग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 95 लाख की ठगी करने वाले दो शातिर ठग को सीआईडी की साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है । शातिर ठग क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाता था। गिरफ्तार आरोपी में महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के थाना सिडको प्लाट नंबर 29 मूर्तिजापुर कृष्णा नगर माडा कॉलोनी निवासी प्रतीक संतोष राव रावत उम्र 21 और बाभुल गांव निवासी अभिषेक संतोष तुपे उम्र 21 वर्ष शामिल है आरोपी के पास से दो मोबाइल चार सिम पांच एटीएम सात आधार कार्ड दो पैन कार्ड 8 चेक बुक सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। करने वाले दो शातिर ठग को सीआईडी की साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है । शातिर ठग क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाता था। गिरफ्तार आरोपी में महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के थाना सिडको प्लाट नंबर 29 मूर्तिजापुर कृष्णा नगर माडा कॉलोनी निवासी प्रतीक संतोष राव रावत उम्र 21 और बाभुल गांव निवासी अभिषेक संतोष तुपे उम्र 21 वर्ष शामिल है आरोपी के पास से दो मोबाइल चार सिम पांच एटीएम सात आधार कार्ड दो पैन कार्ड 8 चेक बुक सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

## डुमरी उपचुनाव : सुदेश और हेमंत चुनावी मैदान में उतरे, जनसभा में आरोप-प्रत्यारोप

खबर मन्त्र संवाददाता



डुमरी में चुनावी सभा को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन।

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर इन दिनों पुरे क्षेत्र का राजनीतिक तापमान काफी बढ़ा हुआ है। लगातार चुनावी जनसभाओं का आयोजन एनडीए और इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के लिए किए जा रहे हैं और सभी चुनावी जनसभाओं मे दोनो ही गठबंधन के छोटे बड़े नेताओं के अलावे आजसू सुप्रीमो और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में कोई कोर कसर नहीं उठा रखी है। लगातार दोनों ओर से आरोप प्रतिआरोपों का वाण चल रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को डुमरी के नागाबाद में प्छक्प्। गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में एक बड़ी जनसभा हुई। इस जनसभा में प्रदेश के मुखिया हेमंत सोरेन ने हुंकार भरते हुए कहा कि विरोधी चाहे लाख प्रपंच रच ले, जीत बेबी देवी की ही सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग हमारी सरकार को लगातार गिराने का प्रयास कर रहे हैं, पर उनकी सरकार अभी तक मजबूती से खड़ी है और 2024 में भी उनकी ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सीधा समझ कर भाजपा ने चूल्हा बांट दिया है, पर सिर्फ चूल्हा से घर नहीं चलताए इसके लिए अनाज और अन्य चीजों की भी जरूरत होती है। उनकी सरकार लोगों के घरों तक इन जरूरी चीजें पहंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चियों को पढ़ाने का पूरा खर्चा राज्य सरकार दे रही हैए इसलिए लोग अपनी बच्चियों को पढ़ाएं। उन्होंने आजसू पर हमला बोलते हुए कहा कि गणेश महतो के हत्यारों को गाड़ी में बैठा कर वोट मांगने वालों का बहिष्कार करने का ये समय है। कुल मिलाकर दुसरे नजरि से इस चुनाव को दिखिये तो साफ दिखता है कि दोनो ही गठबंधनों के लिए अपने अपने प्रत्याशियों को जीतना नाक की लड़ाई बन गई है।

## जीएम की पत्नी ने कर्मी से की मारपीट संयुक्त मोर्चा ने किया धरना-प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक की पत्नी द्वारा बंगला में काम करने वाले कर्मी जजमान मांझी के साथ पिछले दिन कि गयी मारपीट कि घटना के विरोध में मंगलवार को संयुक्त मौर्चा के समर्थकों ने बरारी कोलियरी कार्यालय के समक्ष प्रर्दशन कर विरोध जताया। इस दौरान मोर्चा समर्थकों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सीएमडी से जीएम पर कार्रवाई करने कि मांग किया। मोर्चा सह बीसीकेयू नेता सबूर गोराई ने जीएम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कर्मी के साथ कि गयी अमानवीय हरकत के विरोध में बुधवार को लोदना क्षेत्र के सभी कोलियरी कार्यालयों के समक्ष तथा 12 सितंबर को क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष जीएम पर कार्रवाई कि मांग को लेकर विशाल विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है । मालूम हो कि चंदनक्यारी निवासी एवं बरारी कोलियरी के कर्मी जजमान मांझी कोलियरी प्रबंधन के निर्देश पर भागा स्थित जीएम बंगला में काम करते थे। तीन दिन पूर्व बंगला में कार्य करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जीएम कि पत्नी ने मांझी को शराब पीकर काम पर आने के लिए गाली गलौज करते हुए व फटकार लगाते हुए मांझी को एक थप्पड़ रशीद कर दिया। घटना के बाद मांझी द्वारा बंगला में काम करने से इंकार करने पर नियंत्रण अधिकारी ने मांझी का हाजरी पर रोक लगा दिया।

> मैडम पर किसी भी कर्मी के साथ मारपीट करने का ारोप बेबुनियाद है। चूंकि मैडम बंगला में तभी आती है जब क्षेत्र में कोई कार्यक्रम रहता है। मांझी ड्यूटी में हमेशा अनुपस्थित रहता था। जब कभी वह ड्यूटी आता था तो शराब के नशे में रहता था। नेताओं द्वारा कि जा रही आंदोलन राजनीति से प्रेरित है।
> **बीके सिन्हा जीएम, लोदना क्षेत्र।**

## एक नजर में

### कसमार में करम अखाड़ा को लेकर बैठक



करम अखाड़ा को लेकर बैठक करते लोग।

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत के कुरको मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार इकाई की दुगार्पुर मुखिया अमरलाल महतो की अध्यक्षता व भुनेश्वर महतो के संचालन में हुई बैठक में पार्टी विस्तार हेतु चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से दुगार्पुर पंचायत के कुरको मैदान में 19 सितम्बर को विराट करम आखड़ा का आयोजन का निर्णय लिया गया जिसमें मुख्य रूप से जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो उपस्थित होंगे। मौके पर भुवनेश्वर महतो, सुखदेव राम, ताराचंद महतो, गयाराम महतो, प्रकाश कुमार महतो, रविंद्र कुमार, सुबोध कुमार महतो, प्रवीण कुमार, योगेंद्र कुमार, बलदेव, मुकेश कुमार महतो, सुधांशु कुमार, लोकेश कुमार, प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार, धनेश्वर, मुरारी ठाकुर, मुकेश कुमार, तुलसीराम महतो, योगेंद्र मरांडी, विकास कुमार मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### सीआरएम-3 के बैफ की टीम ने बनाया कीर्तिमान



सीआरएम-3 के बैफ के टीम के सदस्य।

**बोकारो।** बीएसएल के सीआरएम.3 की बैफ की टीम ने उत्कृष्टता का एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए 231 क्वायल के लोडिंग एवं अनलोडिंग का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि से उत्साहित सीआरएम.3 के बैफ की टीम मार्च 2023 में स्थापित 52293 टन उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ एक नया उत्पादन रिकॉर्ड बनाने की ओर अगसर है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 माह में सीआरएम–3 के बैफ ने अपने उत्पादन लक्ष्य का 105ः पहली बार हासिल किया है। सीजीएम सीआरएम 3 दीपक राय ने इस उपलब्धि के लिए समस्त सीआरएम 3 को बधाई दी है।

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में ओणम एवं रक्षाबंधन पर्व संपन्न



श्री अय्यप्पा स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मनाती छात्राएं।

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित रंगोली इंटर हाऊस प्रतियोगिता में कक्षा छह से लेकर बारहवीं तक के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष राजगोपाल ने प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पेरियार एवं गंगा हाउस रहा। द्वितीय स्थान पर पम्पा एवं तृतीय स्थान पर कावेरी हाउस रहा। इसके बाद महाबली का आगमन हुआ एवं तिरुवातिरकली एवं मोहिनीअट्टम नृत्य व पुली कली नृत्य बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मोहनन आर नायर और शशिंद्रन कराट, बोर्ड सदस्य सुरेश कुमार के बाबू राज तथा बी शाजीन उपस्थित थे। विजेता वर्ग के छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### टोटो चालक ने सिपाही की वर्दी फाड़ी हथियार छीनने का किया प्रयास

**कतरास।** कोयलांचल में अपराध चरम पर है जहां एक और आए दिन किसी न किसी क्षेत्र में बमबारी और गोलीबारी की घटना को अपराधियों को द्वारा अंजाम दिया जा रहा हैए वही इस भय के माहौल में धनबाद पुलिस भी सुरक्षित नजर नहीं आ रही है। जहां एक और दो दिनों पहले धनबाद बैंक मोड में कुछ टोटो चालकों द्वारा धनबाद पुलिस पर हमला कर दिया गया थाए वहीं सोमवार को बाघमारा अनुमंडल के कतरास थाना क्षेत्र पचगढी बाजार में जाम हटाने गए कतरास थाना के सिपाही पर टोटो चालक ने हमला कर दिया। एवं हाथापाई के दौरान सिपाही की वर्दी फाड़ डाली। मोबाइल और हथियार छीलने का प्रयास किया गया। चार–पांच जवानों ने मिलकर टोटो चालक को काबू किया और पड़कर थाने में बैठाया। उसके बाद भी टोटो चालक का तेवर कम नहीं हो रहा थाए और बार .बार पुलिसकर्मियों को फंसा देने की धमकी दे रहा था। बताते चले कि रक्षाबंधन का त्यौहार होने के कारण बाजार में काफी भीड़ थी। सभी तरफ सड़क जाम का नजारा था इसी बीच टोटो चालक सड़क पर टोटो लगाकर कहीं गया हुआ था। पुलिसकर्मी वहां पहुंचे उसे टोटो हटाने के लिए कहा तो चालक द्वारा बहस बाजी की जाने लगी। बहसबाजी देखते ही देखते हाथापाई में उतर आई और टोटो चालक के द्वारा एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी गई एवं धक्का मुक्की की गई।

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर चैंबर के साथ डीसी की बैठक

**बोकारो।** सड़क चौड़ीकरण में आ रही समस्याओं के निदान को लेकर बोकारो चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की डीसी कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार आरसीडी के कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा चैंबर की ओर से अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह महासचिव सिद्धार्थ पारख संरक्षक संजय बैद पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी और शिवहरि बंका उपस्थित थे। सड़क किनारे लगे टेलीफोन बिजली के खंभे एवं ट्रांसफार्मर सड़क चौड़ीकरण की वजह से सड़क के बीच में आ जाएंगे। इस वजह से सभी व्यापारियों के मन में संशय है कि इसका निदान क्या होगा। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि बिजली के हाई टेंशन वायर सड़क के बीच में डिवाइडर से होकर गुजरेंगे। नगर निगम द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन के स्थानांतरण का कार्य अक्टूबर के पहले कर लिया जाएगा। घर और सड़क के बीच की दूरी लगभग 2 मीटर होगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बिजली के खंभों का स्थानांतरण किया जाएगा।

## 6 छात्रों को मिला ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई का मौका

खबर मन्त्र संवाददाता



आइआइटी आइएसएम के छात्रगण।

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद के 6 पीएचडी विद्यार्थियों को कोलैबोरेटिव डॉक्टरेट प्रोग्राम्स सीडीपी के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने का मौका मिला है। जिसमें अपर्णा सिंह प्रीति कुमारी अभिषेक कुमत शत्रुघ्न ठाकुर सपन कुमार पंडित और ख्वाजा आलमगीर अहमद शामिल है। सीडीपी डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करने के लिए आईआईटी आईएसएम धनबाद और कर्टिन विश्वविद्यालय दोनों द्वारा किया गया एक संयुक्त प्रयास है। आइआरएए डीन प्रोफेसर आरएम भट्टाचार्जी ने कहा कि सीडीपी सभी पंजीकृत और पात्र पीएचडी छात्रों को कैलेवोरिटीव डॉक्टरेट प्रोग्राम के समझौते के तहत दोनों संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली पीएचडी डिग्री को आगे बढ़ने का एक अवसर है ।आईआईटी धनबाद और विदेशी संस्थाओं के बीच सीडीपी का उद्देश्य पहचाने गए विशेषज्ञ के क्षेत्र में दोनों सहयोगी संस्थाओं के शैक्षणिक माहौल और अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत करना और सीएचडी विद्वानों के लिए एक नए अवसर सुनिश्चित करना है। जो किसी भी विदेशी संस्थानों में अपने शोध कार्य को आगे बढ़ाने में रुचि रखते हैं। प्रोफेसर भट्टाचार्जी ने बताया कि उल्लेखनीय है की सीडीपी करने वाले छात्रों को एक एकल संयुक्त डिग्री से सम्मानित किया जाएगा।

## गोताखोरों की नियुक्ति के लिए सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिला में गोताखोरों की नियुक्ति कराने को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर गोताखोरों की नियुक्ति कराने की बात कही है। भाजपा नेत्री ने पत्र में लिखा कि झारखण्ड प्रदेश जहाँ एक और प्राकृतिक सम्पदा से परिपूर्ण है, वहीं इसकी प्राकृतिक गोद में नदियाँ, नहरें, झीलें एवं विभिन्न माध्यमों से जल स्त्रोतों का भण्डारण है। इसी परिपेक्ष्य में सूचित करना है कि मेरे झरिया विधानसभा क्षेत्र सहित धनबाद जिला खनिज क्षेत्र है, जहाँ कोयले का उत्खन्न किया जाता है, परन्तु उत्खन्न पश्चात इन क्षेत्रों में एक ओर खनिज अवशेष का ढेर व अम्बार होता है, तो वहीं दूसरी ओर गहरी जल जमाव क्षेत्र अवस्थित है। इस जल जमाव क्षेत्र में आए दिन आकस्मिक घटनाएँ होती रहती है, जिससे जानमाल का हमेशा नुकसान होती रहती है। उल्लेखनीय होगा कि झारखण्ड के धनबाद जिला में सैकड़ों कोयले की खदानें है, जहाँ आकस्मिक घटनाएँ होती रहती है, परन्तु राज्यन्तर्गत गोताखारों की स्थानीय स्तर पर नियुक्ति नहीं होने के कारण इन घटनाओं के समाधान हेतू त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाती है, जिससे जिला सहित राज्य वासी अकस्मात काल-कल्वित हो रहें हैं। दैनिक समाचार पत्रों व अन्यान्य माध्यम से भी पता चलता है कि झरिया विधान सभा क्षेत्र मेंआकस्मिक घटना होती रहती हैं। विदित हो कि पड़ोसी राज्यों में राज्य स्तर पर गोताखोरों की पद सृजित कर नियुक्ति की जा रही है।

## राम चरित महापरायण यज्ञ में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**अलकडीहा।** झरिया मे जयरामपुर बूढ़ा बाबा मंदिर में आयोजित 9 दिवसीय राम चरित मानस नवाह महापरायण यज्ञ में मंगलवार उमडी भक्तों की भीड़ झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पहुंची। मंदिर में माथा टेकी। देवी देवताओं का पूजा किया। वहां उपस्थित महिलाएं विधायक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान चल रहे महायज्ञ मे पूजा पाठ के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी के उदघोष से गूंज रहा था। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि महायज्ञ जैसे कार्यक्रम होने से वातावरण स्वच्छ होता है ।साथ ही लोगों में प्रेम की भावना बढ़ती है। जयरामपुर सहित आसपास के लोग सुखी रहे, स्वस्थ रहें इसकी कामना ईश्वर से करती हूं। उन्होंने कहीं कि झरिया झरिया क्षेत्र मे लगातार विकास का काम किया जा रहा है। जयरामपुर सहित आसपास के लोगों की जो समस्याएं हैं। उसका भी हर संभव समाधान करने का काम किया जाएगा। चाहे वह पानी हो बिजली हो या आवास हो।

# रोपवे कॉलोनी में लाइब्रेरी खुलने से विद्यार्थियों को होगा लाभ

### विधायक पूर्णिमा ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



लाइब्रेरी का उद्घाटन करतीं विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

**झरिया।** डिगवाडीह 12 नंबर स्थित रोपवे कॉलोनी में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज ने ऐतिहासिक राजा शिव प्रसाद महाविद्यालय, झरिया का जीणोर्धार व लाइब्रेरी भवन के नव निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान माननीय विधायक जी ने कहा कि लगभग 1.38 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित भवन के जीणोर्धार तथा लाइब्रेरी भवन के निर्माण से यहां के छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने ने कहा कि गत दिनों आउटसोर्सिंग परियोजना लाने के लिए कॉलेज को उजाडा गया। इस ऐतिहासिक कालेज भवन को झरिया में स्थापित किये जाने को लेकर सरकार तत्पर है। गत दिनों बीसीसीएल द्वारा सौपा गया जर्जर भवन में बैठकर पूजा अर्चना किया गया था। परिणामतः आज आपके सामने जर्जर भवन का मरम्मत व नये पुस्तकालय भवन का निर्माण कराया गया। विधायक ने वर्ष 2019 में पैर से लाचार छात्र भाई जशीम जस्सी ने कार्यालय पहुचकर मांग किया कि हम छात्रों का भविष्य आर एस पी कालेज को बेलगड़िया से झरिया लाई जाए। जिसके बाद दिन रात प्रयास की,आज अथक प्रयास व सरकार की अच्छी सोच से आज कालेज बेलगढिया से छः साल बाद झरिया पहुचने की मार्ग पर अग्रसर दिख रहा है। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने प्ळ कालेज में पीजी की बंद पढाई फिर से शुरू कराने का भरोसा छात्रों को दिलाई। उन्होंने कहा कि कि डीगवाडीह में कालेज खुलने से झरिया, सिन्द्री सहित बोकारो जिला के चंदनकियारी के जरुरत मंद बच्चों को लाभ मिलेगा। साथ ही डीगवाडीह एजुकेशन हब के रूप में प्रदेश में जाना जायेगा। कालेज का मुख्य भवन के निर्माण कार्य के लिए लगातार प्रयास कर रही हूं लगभग 60.07 करोड़ का डीपीआर विभाग को भेजा गया है।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस दौरान छात्र व कालेज प्रबंधन पुष्प गुच्छ भेट कर ढोल नगाड़े के साथ आतिशबाजी कर विधायक जी का स्वागत किया गया । मौके पर कालेज प्राचार्य डां. जेएन सिंह, विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, सबुर गोराई, विनय रजवार, मुखतार खान, अफताब आलम, चंदन महतो, अब्दुल करीम अंसारी, मनौवर गद्दी, भगवान दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, मो जशीम, राजीव पांडेय, अजीत महतो, मनन यादव, मो सद्दाम, आदि थे।

# अब आदित्य की बारी

देश चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब सूर्य की तरफ कदम बढ़ाने को तैयार है। इसरो ने सोमवार को कहा कि सूर्य के अध्ययन के लिए तैयार भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला ह्यआदित्य-एल1ह्व को शनिवार 2 सितंबर को पूर्वाह्न 11:50 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा।इस अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) पर सौर वायु के यथास्थिति अवलोकन के लिए तैयार किया गया है। एल1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। इसरो ने बताया कि सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला को पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। आदित्य-एल1 मिशन का लक्ष्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। यह अंतरिक्ष यान सात पेलोड लेकर जाएगा, जो अलग-अलग वेव बैंड में फोटोस्फेयर (प्रकाशमंडल), क्रोमोस्फेयर (सूर्य की दिखाई देने वाली सतह से ठीक ऊपरी सतह) और सूर्य की सबसे बाहरी परत का अवलोकन करने में मदद करेंगे। आदित्य-एल1 पूरी तरह से स्वदेशी प्रयास है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी है। इसरो ने सोमवार को बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत भेजा गया रोवर प्रज्ञान 27 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर चार मीटर व्यास के एक गड्ढे के नजदीक पहुंच गया था। इसके बाद उसे पीछे जाने का निर्देश दिया गया। इसरो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अब सुरक्षित रूप से एक नये मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। निश्चित ही विश्व के नक्शे पर यह भारतीय अंतरिक्ष का उदघोष लंबे समय तक याद किया जाएगा। इस क्षेत्र में भारत आर्थिक मोर्चे पर विश्व में सबसे सस्ता और बेहतरीन साबित हो रहा है।

# इथेनॉल पर जोर

इ इथेनॉल पर मोदी सरकार का जोर ऊर्जा आत्मनिर्ट्टारता प्राप्त करने, किसानों की आय दोगुनी करने, उन्हें अन्नदाता के रूप में समर्थन जारी रखते हुए ऊजादार्ता में तब्दील करने और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रट्टााव डालने के उद्देश्यों के अनुरूप है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा तैयार किए गए दुनिया के पहले बीएस 6 स्टेज कक 'इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल' का प्रोटोटाइप लॉन्च किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए हुए श्री गडकरी ने कहा कि इथेनॉल एक स्वदेशी, पर्यावरण-अनुकूल और नवीकरणीय ईंधन है, जिसमें भारत के लिए आशाजनक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पर मोदी सरकार का जोर ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, किसानों की आय दोगुनी करने, उन्हें अन्नदाता के रूप में समर्थन जारी रखते हुए ऊजादार्ता में तब्दील करने और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रट्टााव डालने के उद्देश्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि जिस दिन इथेनॉल अर्थव्यवस्था 2 लाख करोड़ की हो जाएगी, कृषि विकास दर मौजूदा 12 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगी। जैव ईंधन में नवाचारों का जिक्र करते हुए श्री गडकरी ने असम के नुमालीगढ़ में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की रिफाइनरी के बारे में ट्टाी बताया, जहां जैव इथेनॉल के निर्माण के लिए बांस का उपयोग किया जा रहा है। उन्नत वाहन इनोवा हाइक्रॉस पर आधारित है और इसे भारत के सख्त उत्सर्जन मानकों का पालन करने के अनुरूप तैयार किया गया है, जो इसे वैश्विक स्तर पर पहले बीएस 6 स्टेज कक 'इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल' का प्रोटोटाइप बनाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रोटोटाइप के आगामी चरणों में सूक्ष्म परिशोधन, मान्यता और प्रमाणन प्रक्रियाएं शामिल हैं। निश्चित ही ऐसा नये पेट्रोलियम संसाधनों की दिशा में देश का आत्मनिर्भर कदम है।

# भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण

भारत अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। भारत सरकार ने देश की कालातीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'विकास भी विरासत भी' के नारे के तहत यह प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है।

सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुनर्विकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दशार्ते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है।

कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है।

एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास के तहत 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुनर्निर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें श्री आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं।





- सुधांशु कुमार

> श्री आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाना।

सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया।

हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा, श्री नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है।

हृदय (हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना) योजना के तहत 12 विरासत शहरों का विकास एक असाधारण विरासत के संरक्षक के रूप में खुद को स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत प्रभावशाली 40 विश्व विरासत स्थलों का दावा करता है, जिनमें से 32 सांस्कृतिक हैं, 7 प्राकृतिक हैं, और 1 मिश्रित श्रेणी के अंतर्गत है, जो भारत की विरासत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्षों में ही विश्व विरासत स्थलों की सूची में 10 नए स्थलों को जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, भारत की अस्थायी सूची 2014 में शामिल 15 साइटों से बढ़कर 2022 में 52 हो गई है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता और बड़ी संख्या में विदेशी यात्रियों को आकर्षित करने की क्षमता का संकेत है।

भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले ;काशी तमिल संगमम के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया - जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है।

## खास बात

# कूटनीतिक दाव

**डॉ. अनिल निगम**

**भारत** और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के बीच हुई 19 वीं दौर की वार्ता के बावजूद दोनों के बीच सीमा विवाद का कोई समुचित हल नहीं निकल सका है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के रिश्ते खराब रहे हैं। भारत की सीमा में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बढ़ने से दोनों देशों के बीच सीमा पर कई इलाकों में विवाद कायम है। वहीं, चीन ने जी-20 के लेटर हेड में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व पर आपत्ति जताई है।

हाल ही में भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 19 वें दौर की बैठक चुशुलमोल्डो में आयोजित की गई। वार्ता शांतिपूर्ण रही। भारत ने बैठक में देपसांग और डेमचोक समेत अन्य स्थानों से चीनी सैनिकों की वापसी की बात जोरदार तरीके से रखी लेकिन चीन टस से मस नहीं हुआ और समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका। ध्यातव्य है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हो चुका है। इस युद्ध में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जब चीनी सैनिकों ने तवांग जिले में घुसने की कोशिश की, भारतीय सेना ने उसे नाकाम कर दिया था। इसके पहले भी गलवान घाटी में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन यह सच है कि भारत और चीन सीमा पर स्थितियां हर साल बिगड़ती जा रही हैं। यही कारण है कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव बना रहता है। सीमा में युद्ध जैसे हालात बने रहते हैं।

अगर हम दोनों देशों के सैन्य बल की तुलना करें तो दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। संख्या और संसाधनों के लिहाज से चीन की सेना भारी पड़ सकती है परंतु अगर सेना के मनोबल और शक्ति की बात की जाए तो भारत का पलड़ा चीन से भारी है। कौन सी सेना भारी या कमजोर है। यहां यह समझना जरूरी है कि आज आमने-सामने युद्ध करने के बहुत दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं। आज यूक्रेन और रूस के युद्ध के कारण मानवता को होने वाली क्षति और आर्थिक खामियाजा ये दोनों देश ही नहीं बल्कि विश्व भी भुगत रहा है।

# हमारा महान उत्तरदायित्व

## धर्म-प्रवाह

**श्री रामशर्मा आचार्य**

**इस** ईश्वर प्रदत्त महान वरदान का उपयोग भौतिक सुविधाएँ कमाने तक ही सीमित रखा जाए, यह उचित नहीं। इनके साथ-साथ एक नैतिक उत्तरदायित्व यह भी जुड़ा हुआ है कि एक दूसरे को सन्मार्ग पर चलने की, कुमार्ग पर बढ़ने से रोकने की जिम्मेदारी उठाएँ ।

अनाचार का बढ़ना तभी संभव होता है, जब दूसरे लोग उसे सहन करते हैं अथवा रोकने में उपेक्षा बरतते हैं। दुष्टता को प्रोत्साहन उसी आधार पर मिलता है। स्वार्थपरता, संकीर्णता और कायरता, अनीति की जननी हैं। देखने में यह दोनों बातें साधारण-सी लगती हैं, पर वस्तुतः अनीति की जननी यही हैं। कानून की दृष्टि में जिस प्रकार हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार आदि दण्डनीय अपराध हैं, उसी प्रकार आध्यात्मिक दृष्टि से, ईश्वरीय कानून की दृष्टि से संकीर्ण स्वार्थपरता तक सीमित रहना और सामाजिक उत्तरदायित्वों की उपेक्षा करना भी एक भयावह पाप है। लोगों की इन्हीं दुष्प्रवृत्तियों के कारण व्यक्ति और समाज का पतन होता है और फिर सभी को इसका दुष्परिणाम भोगना पड़ता है। पिछले दिनों यही होता रहा है। शेष लोग चुपचाप अपने बिलों में बैठे-बैठे दिन गुजारते और तमाशा देखते रहे हैं। छोटे-बड़े प्रतिरोधों द्वारा रोकने के लिए जो प्रयत्न किया जा सकता था, वह नहीं हुआ है ।

**झारखंड** मुक्ति मोर्चा से विकास संभव नहीं, विकास इनके चरित्र में ही नहीं। यह आपार जनसमर्थन और जेएमएम की बौखलाहट ही परिवर्तन का परिचायक है।

**– योगी आदित्यनाथ, सीएम**

## आपके ट्वीट

**भाजपा**–आजसू ने पूर्व में ओबीसी वर्ग का आरक्षण घटाने का काम किया। यह वही लोग हैं जिन्होंने 1985 पर मिठाई बांटने का काम किया था। जब हम 1932 लाए तो कानूनी अड़ंगा लगवा दिया। हमने विधानसभा से सरना धर्म कोड पारित किया।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**डुमरी** विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशीके पक्ष में चुनाव प्रचार और जनसम्पर्क के क्रम में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए तेलो में प्रचार किया।

**– अन्नपूर्णा देवी**

# सतत ऊर्जा और सार्वभौमिक पहुंच की ओर बढ़ते कदम

**नागेन्द्र सिंह**

## सामयिक

**भारत** के बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को विश्वसनीय, किफायती और सतत ऊर्जा प्रदान करना है। पिछले 9 वर्षों में, बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने, बिजली तक पहुंच का विस्तार करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और अभिनव नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यहां हम उन प्रेरणादायक उपलब्धियों और बदलाव लाने वाली पहलों पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने भारत के बिजली क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

हरित भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा को वैश्विक मान्यता मिली है। पिछले नौ वर्षों में उत्पादन क्षमता में 175 जीडब्ल्यू से अधिक की वृद्धि के साथ, भारत बिजली की कमी वाले देश से एक बिजली अधिशेष राष्ट्र में परिवर्तित हो गया है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए देश की प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में विश्व के अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। आज, भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के सन्दर्भ में पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर है, इसकी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 43% गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित है।

बिजली उत्पादन और सार्वभौमिक विद्युतीकरण के लिए भारत की प्रतिबद्धता इस परिवर्तन की प्रेरणा-शक्ति रही है। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) पहल को सफलता के प्रतीक के रूप में मान्यता मिली है, जिसके तहत सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए देश के हर गांव और जिले को कवर किया गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत, 25 सितंबर, 2017 से ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की सुविधा से वंचित 2.86 करोड़ परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इसे बिजली सुविधा तक पहुँच के सन्दर्भ में, बिजली के इतिहास में दुनिया का सबसे तेज विस्तार कहा है। ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। बिजली की उपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों में 2014 के प्रति दिन लगभग 12 घंटे से बढ़कर वर्तमान में 22.5 घंटे प्रति दिन और शहरी क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे तक हो गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए, 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) शुरू की गई थी। डीडीयूजीजेवाई कार्यक्रम ने 28 अप्रैल, 2018 को 18,374 गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण करके 100% ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल किया। इसके लिए वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि बिजली ग्रामीण भारत के हर कोने तक पहुँचे। सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के प्रयासों के भी उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। किफायती एलईडी द्वारा सभी के लिए उन्नत ज्योति (उजाला) योजना के तहत, 2014 और 2019 के बीच एलईडी बल्बों की खरीद कीमत में लगभग 90% की कमी आई है। एक एलईडी बल्ब की कीमत 310 रुपये से घटकर 39.90 रुपये रह गयी है। इस योजना के तहत अब तक 36.86 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल से न केवल घरों में बिजली की लागत कम हुई है, बल्कि एलईडी बल्बों के घरेलू निर्माण को भी बढ़ावा मिला है और ₹मेक इन इंडिया₹ अभियान को समर्थन मिला है। परिणामस्वरूप, भारत ने ऊर्जा-कुशल प्रकाश समाधानों को व्यापक रूप से अपनाया है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

जो-पुतिन मुलाकात ...




साभार कॉर्टन मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### आनलाइन शिक्षा

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव के अनुसार कोविड-19 की अवधि में शिक्षा को बचाना इस समय सबसे मूल्यवान है। इस अवधि के दौरान शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हुई है। ऑनलाइन शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का विकल्प बन गई है। शिक्षकों और छात्रों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो गया है। वर्तमान में देश ऐसी शिक्षा के लिए तैयार नहीं है।

**–नरेंद्र शर्मा, रांची**

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं चुनाव घोषणा-पत्र एक विज्ञापन से ज्यादा कुछ भी नहीं होता।

**– रतिका, जमशेदपुर**

# चीन सदा-सर्वदा विकासशील !

**अनुष्का चौधरी**

शी चीन की भविष्य की वृद्धि को लेकर कोई आशंका व्यक्त कर रहे थे और ऐसा कुछ कह रहे थे कि उनका देश मध्य आय के जाल में उलझा रहेगा।

दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में संपन्न ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जोर देकर कहा कि उनका देश विकासशील देशों के समूह का सदस्य था, है और हमेशा रहेगा।इस बात की संभावना कम है कि शी चीन की भविष्य की वृद्धि को लेकर कोई आशंका व्यक्त कर रहे थे और ऐसा कुछ कह रहे थे कि उनका देश मध्य आय के जाल में उलझा रहेगा। यदि वह ऐसा नहीं कह रहे थे तो फिर उनके इस वक्तव्य की व्याख्या किस प्रकार की जाए?दरअसल वह इस बात की घोषणा कर रहे थे कि चीन चाहे जितना अमीर हो जाए और उसके हित विकासशील देशों के हितों से चाहे जितने अलग हो जाएं, वह हमेशा खुद को विकासशील देशों का नेता कहलवाना चाहता है। पश्चिम के उदार लोकतांत्रिक देशों के साथ महाशक्ति बनने की किसी भी प्रतिस्पर्धा में चीन की उम्मीद यही है कि वह अपने विकासशील देश के दर्जे के साथ दुनिया के विकासशील देशों का समर्थन जुटा सकेगा।

भारत के लिए इसे एक परेशान करने वाले रुझान के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत पहले ही वैश्विक जलवायु परिवर्तन सम्मेलनों में खुद पर दुनिया के सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश का ठप्पा लगवाने का खमियाजा भुगत चुका है। चीन की धुआं उगलने वाली फैक्टरियां चाहती हैं कि उन पर उत्सर्जन कम करने का दबाव न बनाया जाए और इसके लिए वे समग्र एवं प्रति व्य?क्ति के हिसाब से भारत जैसे विकासशील देशों में बेहद कम उत्सर्जन की आड़ लेना चाहती हैं।

भारत के लिए इस चालाकी का जारी रहना ठीक नहीं है। यह भारत का दायित्व है कि वह विश्व स्तर पर अन्य उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों के साथ साझा हितों को सुरक्षित करे। इनमें ब्राजील और इंडोनेशिया जैसे बड़े देशों से लेकर सब-सहारा अफ्रीका के छोटे देशों तक शामिल हैं। इन साझा हितों में विकेंद्रीकरण और समावेशी वैश्विक आर्थिक व्यवस्था शामिल है जिसमें फाइनैंस और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े व्यापक सुधार शामिल हैं जो शायद पश्चिम अथवा चीन के तात्कालिक हित में नहीं हों। इन विचारों को विशुद्ध विकासशील देशों के गठबंधनों के द्वारा आगे बढ़ाया जाना चाहिए, न कि अमेरिका अथवा चीन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में।भारत अब विकासशील देशों के नेता के रूप में चीन की स्थिति का समर्थन नहीं करता है। वह उसके खुद को विकासशील देश के रूप में स्वयं चिह्नित करने की भी वकालत नहीं करता। हालांकि वह ऐसे मसलों पर स्वनिर्धारण के सिद्धांत के साथ है। अब वक्त आ गया है कि ऐसे सिद्धांत में भारत के लिए क्या है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन के भीमकाय कद और उसके सहजता से आय वितरण में ऊपरी हिस्से में जाने को स्वीकार किया जाना भी लंबित है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि चीन की प्रतिव्यक्ति आय अर्जेन्टीना, मलेशिया, मैक्सिको और तुर्की से अधिक है। उसकी प्रति व्यक्ति आय यूरोपीय संघ के देशों से 1,000 डॉलर के आसपास ही कम है।परंतु विकासशील देश के रूप में स्व-निर्धारण उसे यह सुविधा देता है कि वह विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय स्तरों पर कुछ वरीयता हासिल कर सके।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### कटकमसांडी : खुशबू ने जीता सिल्वर मेडल



**कटकमसांडी।** खुशबू रानी पति सुबेदार आकाश कुमार प्रखण्ड कटकमसांडी के अंतर्गत ग्राम अशधीर के मूल निवासी है । खुशबू रानी ने 7 वां ईस्ट जोन राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप आसनसोल वेस्ट बंगाल जो 26 अगस्त से 30 अगस्त 2023 तक चला, इस चैंपियनशिप में खुशबू रानी ने 50 मीटर राइफल प्रोन पोजीशन में सिल्वर मेडल जीत कर अपने प्रखंड वा जिला का नाम रौशन की, अब ऑल इन्डिया जी, वी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेगी जो महू (मध्य प्रदेश) में 1सितम्बर से 10 सितम्बर 2023 तक चलेगी। खुशबू रानी सुबेदार आकाश कुमार राइफल शूटिंग में अंतरराष्ट्रीय मेडलिस्ट की पत्नी है और 2 बचो की मां भी है, खुशबू आकाश शूंटिंग स्पोर्ट्स क्लब हजारीबाग से खेलती है और सारा श्रेय अपना पति एंव कोच को देती है। इस कामयाबी के लिए आकाश शूटिंग स्पोर्ट्स क्लब के महासचिव संदीप कुमार एंव क्लब के सभी मेंबर्स और खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

### किक बाक्सिंग में तुषार सिंह ने जीता गोल्ड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा रांची में 23-27 अगस्त तक आयोजित नेशनल किक बक्सिंग चैंपियनशिप वाको इंडिया लो किक रिंग फाइट के अंडर-18 में तुषार कुमार सिंह ने गोल्ड मैडल जीता है। तुषार घुटुआ दुर्गी मार्केट निवासी विश्राम सिंह व कमला देवी का पुत्र है। वह श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में कक्षा 11वीं का छात्र है। तुषार ने फाइनल में झारखंड के ही रोशन कुमार को हराया। तुषार की सफलता पर परिजनों और स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है। तुषार ने कहा कि इस सफलता से काफी खुश हूं। इस जीत के साथ इंटरनेशनल के लिए भी क्वालीफाई कर चुका हूं। आगे के लक्ष्य की तैयारी में जुट गया हूं। परिवार और विद्यालय का लगातार सहयोग मिल रहा है। स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि तुषार ने अपनी सफलता से सभी को गौरवान्वित किया है। खेल के क्षेत्र में संभावनाएं काफी बढ़ गई है। बच्चों को खेलकूद में भी रुचि लेना चाहिए। तुषार के कोच प्रवीण कुमार समेत कई लोगों ने तुषार की सफलता पर बधाई दी है।

### टैंकर पलटने से लगी आग, एक की मौत

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ घाटी में मंगलवार एथनॉल लोड टेंकर पलट गई ।पलटते ही आग लग गई ।जिसमें एक व्यक्ति अंदर ही जिंदा जलकर राख हो गया ।जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झूलस गए। दोनो को इलाज अस्पताल भेजा गया ।बताया जा रहा है कि टेंकर में तीन लोग थे ।जिसमें टेंकर के अंदर एक व्यक्ति जिंदा जल गया है ।बाकि दो लोग गंभीर रूप से जल गए ।दोनों को एम्बुलेंस के माध्यम इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल भेजा गया है ।टेंकर नंबर एचआर58सी/3672 यूपी से एथनॉल लोडकर रांची की ओर जा रहा था ।सड़क घुमावदार होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया ।डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरे लेन में जाकर पलट गई ।टेंकर को पलटते ही आग लग गई ।दो दमकल आकर आग लगे टेंकर बुझाने का कार्य किया गया। घण्टों बाद आग पर काबू पाया गया।

### अडाणी फॉउंडेशन ने दिया पोषण किट

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को तीसरे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। ‛प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना’ के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए ।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है, जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है ।पोषण किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्यवनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### विष्णुगढ़ में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**विष्णुगढ़ ।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में खेल का आयोजन किया गया। जिसमें वेणी प्रसाद हाई स्कूल अलपिटो, एंबीशन पब्लिक स्कूल अखाडा चौक, गायत्री पब्लिक स्कूल बेडा हरियारा के विद्यालयों में खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कब्बडी, खोखो,कुर्सी रेस, दौड़ आदि शामिल है। खेल के बिजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया` खेल में भाग ले रही व विजेता विद्यार्थियों में कशिश कुमारी, मोनिका कुमारी, ओमकार यादव, विराज साव आर्यन कुमार आदि शामिल थे ।

### लापता युवक का शव कुआं से बरामद

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चरणखिया बकसपुरा पंचायत के एक पुराने कुएं से एक 22 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक मो.आजाद अंसारी जानकारी के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को निकाला व पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक गिरिडीह जिले के राजधनवार प्रखंड के लालबाजार निवासी है। युवक पिछले 24 अगस्त से घर से निकला था जिसके बाद लापता था। परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाया है। युवक को मार कर हाथ- पैर प्लास्टिक के रशी से बांध कर बड़े बड़े पत्थर के सहारे कुआं में गिराया गया था। ताकि शव पानी के ऊपर ना आ सके।

### विधायक ने नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

**बड़कागांव।** बादम गांव में तैलिक साहू समाज बादम के सौजन्य से नवनिर्मित तैलिक साहू भवन का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव,अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, साहू समाज प्रखंड अध्यक्ष जगत नंदन प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अतिथियों द्वारा नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बादम तेली समाज अध्यक्ष अर्जुन साव एवं संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने की। विधायक ने कहा कि समाज द्वारा बनाए गए यह ऐतिहासिक भवन क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत है।

### भुरकुंडा ओपी के प्रभारी बने मयंक प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी में नये ओपी प्रभारी के रूप में मयंक प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने पूर्व ओपी प्रभारी अमित कुमार को पतरातु का थाना प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर मयंक प्रसाद को भुरकुंडा ओपी का नया ओपी प्रभारी बनाया है। पदभार ग्रहण के मौके पर नये ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने कहा कि पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबूत कर क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के लिए पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, राजनीतिक दल के नेताओं और ग्रामीणों से भी शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

# सौंदा डी में चोरी के समानों के साथ अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी स्थित एक घर से चोरी कर भाग रहे दो चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर मंगलवार को भुरकुंडा पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सौंदा डी निवासी द्रोपदी देवी मंगलवार को घर पर ताला लगाकर भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में ड्यूटी करने गई हुई थी।

इस बीच स्क्रैप चुनने वाले दो बच्चे ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे बर्तन सहित अन्य समानों की चोरी कर बोरे में जाने लगे। इसी क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा दोनों पर संदेह होने पर उनका पीछा किया गया। इसके बाद वे भागने लगे तो स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर एक चोरों को भुरकुंडा बांसगढ़ा के सीमप धर-दबोचा। वहीं एक चोर भागने में सफल रहा। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पहुंची। जहां चोरी के समानो के साथ पुलिस ने चोर को भुरकुंडा ओपी लाकर पूछताछ करने में जुटी है।

**गया बेटल शप एंड जेनरल स्टोर से 5 हजार कैश सहित 15 हजार के सामान की चोरी**

मेन रोड भुरकुंडा स्थित थाना चौक के समीप गया बेटल शप एंड जेनरल स्टोर में बीती रात्रि चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार चोरो ने दुकान का एस्बेस्ट्स हटाकर नकदी सहित हजारों रूपये के सामान की चोरी कर ली। मंगलवार की सुबह जब संचालक राहुल कुमार गुप्ता दुकान पहुंचे तो देखा की दुकान करवट हटा हुआ है और समान बिखरा पड़ा है। साथ ही गले में रखे पैसे भी गायब है। मामले पर दुकान संचालक राहुल गुप्ता ने बताया कि दुकान में रखे तकरीबन पांच हजार नकद और लगभग 15 हजार रूपये लागत के सामान की चोरी कर ली गई है। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस चोरी मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

## केंद्रीय टीम ने प्लांडु उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार को प्रखंड के तलसवार पंचायत स्थित प्लांडू गांव में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्रीय टीम के प्रमुख टीम लीडर डॉक्टर अमित चटर्जी,रॉबिन चरण ने उप स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी, लैब रूम,प्रसव वार्ड के अलावा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर चटर्जी ने रूम में एक विशेष धर्म का तस्वीर लगा हुआ पाया जिस पर उन्होंने सीएचओ मुकेश गोस्वामी को सख्त निर्देश दिया कि धर्म की तस्वीर लगानी है तो सभी धर्म का एक साथ तस्वीर लगाए अच्छा रहेगा इस पर विशेष ध्यान दें। वहीं डॉक्टर चटर्जी ने सीएचओ मुकेश गोस्वामी,एएनएम प्रमिला सिंहा से अस्पताल से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां इकट्ठा की और जानने का प्रयास किया कि केंद्र सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल रहा है या नहीं। इस दौरान केंद्रीय टीम ने सहीया लोगों को स्वास्थ्य उपचार संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उपस्थित डॉक्टरों के द्वारा बीमारियों एवं उसके इलाज के बारे में बताया गया । मौके पर मोहम्मद शाहनवाज,सिविल सर्जन सरजू प्रसाद सिंह,डॉ कपिल मुनि, मुखिया गीता देवी, मीना कुमारी, मुकेश कुमार,नवीन कुमार,आशीष कुमार,आशीष वर्मा,अशोक कुमार,संजय कुमार,दीपक केरकेट्टा, सुधीर कुमार के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी व सहिया उपस्थित थे।

### डीसी-एसपी ने उपकारा का किया निरीक्षण

रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ किशोर कुमार रजक एवं अंचल अधिकारी रामगढ़ सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ सोमवार की रात्रि छत्तरमांडू स्थित उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। डीसी ने प्रभारी जेलर से प्रविष्ट बंदियों की पंजी, दंड पुस्तिका, मुलाकात पुस्तिका, सहित अन्य अभिलेखों की जांच की एवं सभी पुस्तिकाओं को नियमित रूप से अनुरक्षित करने का निर्देश दिया।

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल में मना रक्षाबंधन



**बरही।** आइलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी शाखा विद्यालयों में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने अपने सहपाठियों के हाथों पर रक्षासूत्र बांधकर छात्रों ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। आइलेक्स पब्लिक स्कूल में बच्चों ने एक दूसरे को राखी बांधकर भाई ने बहनों को सुरक्षा देने का संकल्प लिया। निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन भाइयों एवं बहनों के बीच के प्यार का अटूट बंधन है। हमें अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में निरंतर ज्ञान देना आवश्यक है, इसलिए इस तरह के कार्यक्रमो का होना विद्यालयों में अति आवश्यक हैं।

### रेन्बो स्कूल में खेल प्रतियोगिता आयोजित



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी चार हाउस में अंबेडकर हाउस, भगत सिंह हाउस, चंद्रशेखर हाउस एवं दयानंद हाउस के बच्चे शामिल हुए। जिनमे बालिकाओं की कबड्डी जूनियर ग्रुप में विजेता भगत सिंह हाउस एवं उपविजेता अंबेडकर हाउस, वही सीनियर ग्रुप में भी विजेता भगत सिंह हाउस बनी। वॉलीबॉल में विजेता चंद्रशेखर हाउस, उपविजेता भगत सिंह बने। खो - खो में दयानंद हाउस विजेता एवं उपविजेता भगत सिंह बने।

### बलकुदरा आउट सोर्सिंग माइंस में ओबी रिहांडलिंग काम का हुआ शुभारंभ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** परियोजना के बलकुदरा आउट सोर्सिंग माइंस की दूसरी फेज के कोयला उत्पादन करने की कवायद की शुरुआत मंगलवार को किया गया। इसका उद्घाटन पतरातु एसडीपीओ डॉ.वीरेन्द्र चौधरी व भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने नारियल फोड़कर किया। पीओ मनोज पाठक ने बताया की पीएलआर का बलकुदरा आउट सोर्सिंग का टेंडर 23 जुलाई को समाप्त हो गया है। जिसके बाद बलकुदरा में दूसरी फेज के उत्पादन के लिए एसएमपीएल कंपनी द्वारा कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा की पूजा-अर्चना के साथ एसएमपीएल कंपनी द्वारा 15 लाख क्यूबिक मीटर डंप ओबी की रिहांडलिंग की शुरूवात की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहले ओबी हटाई जा रही है। उसके बाद सेकेंड फेज में बेरियर और बलकुदरा से 195 लाख टन कोयल और 24 लाख क्यूबिक मीटर हार्ड ओबी का निकासी किया जाएगा। साथ ही कोयला उत्पादन का 20 प्रतिशत कोयला रोड सेल में दिया जाएगा। उन्होंने कहा की भुरकुंडा का भविष्य उज्ज्वल है। बालकुदरा आउट सोर्सिंग 2 वर्षो में अपनी टारगेट को पूरा कर लेगा। उन्होंने बताया कि सीसीएल दिसंबर माह में माइंस 3 और 4 नंबर में डिपांटमेंटल काम शुरू करने की तैयारी में है। पीओ श्री पाठक बताया कि 3 और 4 नंबर खदान में अनुमानत लगभग 12 लाख मिलियन टन कोयल का अकूत भंडार है। जो परियोजना का भविष्य तय करेगा।

# 888 क्विंटल गरीबों का अनाज खा गए चूहे!

लेखराज यादव

- मामला कटकमसांडी प्रखंड का, हैरत में हैं कार्डधारी
- प्रखंड में कुल 4947 क्विंटल अनाज होता है आवंटन
- इस माह 4059 क्विंटल गेहूं और चावल का हुआ वितरण

कटकमसांडी। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना के तहत गरीब परिवारों को समय पर अनाज सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। हजारीबाग जिले में बाजार समिति के द्वारा राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना का अनाज प्रखंड के सभी पीडीएफ दुकानदारों के यहां डोर टू रोड डिलिवरी का व्यवस्था बेहतर तरीके से किया जाता है। बताते चले की कटकमसांडी प्रखंड में अगस्त माह में 4947 क्विंटल अनाज चावल और गेहूं आवंटन किया गया। हजारीबाग जिले के बाजार समिति के द्वारा अगस्त माह में कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के लिए 4059 क्विंटल गेहूं और चावल का वितरण हुआ है। मामले पर कार्डधारी पीडीएस दुकानदारों पर अनाज हड़प कर डकार जाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं परंतु कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में तीन माह के दौरान गरीबों का 888 क्विंटल अनाज चूहों द्वारा खा जाने की सूचना मिल रही है। जिसकी जानाकरी खुद पीडीएस दुकानदारों ने दी है। इस मामले पर कार्डधारी जमनी देवी ने कहा कि गरीबवन के अनाज ई दुकानदरवेन बेचलथीन,भगवान इसबन के भला नय होतन। कार्ड धारी सोहनी देवी ने कहा कि हमीन गरीब सब के अनाज डीलर अगर घपला केलथीन है तो जांच करके डीलरवन के जेल भेजल जाए।

**क्या कहती हैं प्रखंड प्रमुख**

इस मामले पर प्रखंड की प्रमुख संगीता देवी ने कहा कि प्रखंड में पीडीएस दुकानदारों के द्वारा गरीबों का अनाज 888 क्विंटल चूहों द्वारा खा जाने की बात एक बड़े घोटाले का दर्शाता है। अगर ऐसा हुआ है तो प्रखंड में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच की जाएगी। जिस जिस भी पीडीएस दुकानदारों के यहां घोटाला साबित होता है तो उन पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। वही बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में पीडीएस दुकानदार के द्वारा इतना बड़ा घोटाला हुआ है। उसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि अगर यह हुआ है तो बहुत गरीब परिवार प्रभावित हो जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि अगर आप राशन कार्ड धारी हैं तो पीडीएस दुकानदारों के यहां जा कर अपने पुरा आनाज राशनकार्ड से ले। संजय कुमार ने कहा कि कटकमसाडी प्रखंड के चूहों का पेट काफी बढ गया है। चूहों ने तौल माप कर खाया है। जांच किया जाएगा तो बड़े चूहों को अनाज जमा करना होगा। इधर इस मामले में जब एमओ से दूरभाष के माध्यम से जानकारी लेने की कोशिश की गयी तो उन्होने संवाददाता का फोन नहीं उठाया।

## बासल के नये थाना प्रभारी आर्यन ने पदभार संभाला

**कहा-अपराधियों पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता**



**बासल (रामगढ़)।** बासल थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में विकास आर्यन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व विकास आर्यन रामगढ़ थाना में पदस्थापित थे। आर्यन ने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखना व अपराधियों पर नकेल कसना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, राजनेतिक दल के नेताओं और ग्रामीणों से भी शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना होने व असमाजिक तत्व के लोग दिखे तो इसकी जानकारी तत्काल थाना को दें, त्वरित कार्रवाई की जायेगी। इधर युवा जदयू के रामगढ़ जिलाध्यक्ष भूषण उरांव व बासल थाना के एसआई नरेंद्र प्रसाद ने पदभार ग्रहण करने के बाद नये थाना प्रभारी विकास आर्यन को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही भूषण उरांव ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को हर संभव सहयोग करने की बात कही।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 07/JMT/2023-24, PR No. 304519, अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

(ई० अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR305809 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

**झारखंड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय**

**भूतपूर्व सैनिकों के लिए आवश्यक सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड एवं इसके अधिनस्थ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR222879(HOME)19-20#D दिनांक 31 दिसम्बर 2019 अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

सहायक निदेशक

PR 305795 Home(23-24)D

**झारखंड सरकार**
**गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय**

**भूतपूर्व सैनिकों के लिए आवश्यक सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड एवं इसके अधिनस्थ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या Pr222882 (HOME)19-20#D दिनांक 31 दिसम्बर 2019 अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

PR 305788 Home(23-24).D — सहायक निदेशक

**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा प्रसंग सं० :- RCD/HAZARIBAG/1050/2023-24

दिनांक :-28.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में "कल्लु चौक से बौंडम बाजार के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 1.10 तक (कुल लम्बाई 1.10 कि.मी) का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 82,14,700.00 (बैरासी लाख चौदह हजार सात सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 12.09.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651-2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :-http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eeredhazari-jhr@nic.in
Tel. No. - 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 305778 Road(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।**

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

टेन्डर रेफरेंन्स नं०-प०नि०वि०/राँची-16/2023-24 दिनांक :-28.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | रिंग रोड एवं दलादली रोड (दलादली चौक के नजदीक) से ICFAI University तक पहुँच पथ (कुल लंबाई-1.106 कि०मी०) का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण कार्य वर्ष 2023-24. |
| 2. | प्राक्कलि राशि (रू० लाख में) | रू० 189.51213 लाख (रूपये एक करोड नवासी लाख एकावन हजार दो सौ तेरह) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू० लाख में) | रू० 3.80 लाख (रूपये तीन लाख आस्सी) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) महीना |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.09.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 11.09.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 12.09.2023 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची-834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651-2361018 |
| 10. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तो के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

PR 305806 (Road Construction Dept Road Division Ranchi) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**
E-mail: rdsdhazaribagh@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री महेंद्र प्रसाद सिंह, सेवा निवृत कनीय अभियंता, स्थायी पता-ग्राम -सिंघौल, पो0-बेलागंज, जिला-गया, बिहार, वर्तमान पता-इंजिनियर कॉलोनी, अम्बेडकर नगर, बरमसिया, देवघर, झारखण्ड को श्री अश्विनी कुमार लाल दास, सरकार के अवर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक -6 (आरोप)-267/2016 ग्रा0का0वि0-2736 दिनांक 23.08.2023 के आलोक में सूचित किया जाता है कि संचालन पदाधिकारी द्वारा आपके विरुद्ध गठित आरोपों को एकतरफा प्रमाणित मानते हुए आपसे क्रमशः रु0 7,72,457.00/- एवं रु0 24,35,180/- को वसूली योग्य माना गया है। संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्रासंगिक पत्रों द्वारा आपसे द्वितीय कारण पृच्छा की गई, जिसका जवाब अबतक अप्राप्त है। तीन दिनों तक द्वितीय कारण पृच्छा का उत्तर कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें अन्यथा उत्तर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर नियमानुसार दण्ड अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 305770 Rural Development (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### महिला विशेषज्ञ डॉ स्वाति आज गुमला में

**गुमला।** महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति लाल 30 अगस्त को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगी। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### कैरो मंडल भाजपा की बैठक आज

**कैरो।** मंडल भाजपा की बैठक आज 30 अगस्त को होगी। प्रखंड भाजपा के सभी पदाधिकारी, सभी मंच, मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी जिला में रहने वाले सभी वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत संयोजक, सह संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष 30 अगस्त को कैरो हता बारी शिशु मंदिर के बगल में आयोजित सुबह 11:30 बजे बैठक में शामिल होंगे। 3 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का आगमन लोहरदगा समाहरणालय मैदान में 11 बजे होना तय हुआ है। इसी की तैयारी को लेकर बैठक रखी गयी है। जिसमें प्रखंड प्रभारी नवीन कुमार टिंकू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर महतो सहित कई पदाधिकारी रहेंगे।

### रोटरी भवन में नि:शुल्क शिविर दो को

**गुमला।** मेदांता रांची एवं रोटरी क्लब गुमला सिटी के द्वारा 2 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में किया गया है। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमूल्या स्वाति, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलेश मिश्रा, कान नाक गला विशेषज्ञ डॉ कृष्ण के दास एवं अन्य चिकित्सक शविर में लोगों की जांच करेंगे।

### ऑटो पलटने से महिला की मौत



**डुमरी।** थाना क्षेत्र के कपासगुटरा महुआडीपा पुल के समीप मंगलवार को टेंपो पलटने से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि कई लोग घायल हो गये। दुर्घना में पुटरूंगी के लूसिया टोप्पो (45) की मौत हो गयी। वहीं सलोनी खलखो (60), रामजनी खलखो (45), सुंदरी देवी (33) व कमली देवी (19) घायल हैं। जिन्हें उप स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में इलाज के लिए भर्ती कराया है। एसआई पवन तिर्की घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में बच्चों के बीच हुई राखी प्रतियोगिता



**घाघरा।** गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में राखी प्रतियोगिता मंगलवार को करायी गयी। प्रतियोगिता में कई बच्चों ने राखी बनायी। वहीं छात्राओं ने छात्र के हाथों पर राखी बांधकर आशीर्वाद लिया। विद्यालय के निदेशक नीरज कुमार साहू ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन का प्यार का पर्व है। मौके पर शिक्षक शिवानी सिंह, ललिता वर्मा, अनंत देवघरिया, स्वाति वर्मा, संगम सिंह, अरुण सिंह, पिंकी कुमारी, संगीता कुमारी, रितु कुमारी सहित कई छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### जोरी पिकेट में तैनात सीआरपीएफ जवान की हृदय गति रूकने से मौत



**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के जोरी स्थित सीआरपीएफ कैंप में कार्यरत अजमेर राजस्थान के जवान धीरा सिंह रावत (53) की सोमवार शाम 6:30 बजे ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। उन्हें साथी जवानों ने उप स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वह एसआई के पद पर कार्यरत थे।

### छठ घाट गंगा आरती में जुटे हजारों लोग



फोटो 9 में गंगा आरती में शामिल लोग

**घाघरा।** कांवरिया संघ छठ नगर घाघरा ने सोमवार की देर शाम छठ घाट घाघरा में गंगा आरती की। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। वहीं काशी विश्वनाथ के दशा सुमेर घाट के तर्ज पर गंगा आरती की गयी। इस क्रम में हनुमान चालीसा, गंगा आरती का पाठ आचार्य प्रमोद पाठक ने कराया। साथ ही कांवरिया संघ ने भव्य भंडारा किया। मौके पर अमित ठाकुर, आशीष सोनी, नीरज जायसवाल, राहुल कुमार, दीपक कुमार, विक्की कुमार, जसवंत महतो, नीरज सिंह आदि थे।

### निलंबित शिक्षकों को बहाल करने की मांग



**कुडु।** प्रखंड के उडूमुडू गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंप राजकीय उत्क्रमित विद्यालय उडूमुडू में शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि 19 मई को विद्यालय के पिकनिक कार्यक्रम के दौरान एक हादसा हो गया था जिसमें एक बच्चे की डूबने से मौत हो गयी थी। इसके बाद से कुछ शिक्षक निलंबित और कुछ नो पे पर हैं। अब 500 से अधिक बच्चों में मात्र तीन शिक्षक हैं। मौके पर गणेश उरांव, रिजवाना आफरीन, मंजू उरांव, रामदीप सिंह, हसमुख लाल, फनिल उरांव, रितेश सिंह, रशीद अंसारी ने निलंबन वापस लेने की मांग की है।

### शिक्षा विभाग में कार्यरत स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी स्वयं सेवी संस्थानों के कार्य शैली की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया। जिसमें उपायुक्त ने सभी स्वयं सेवी संस्थानों के प्रतिनिधियों से संस्था से संबंधित परिचय प्राप्त किया।

# समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिप सदस्य को राज्यपाल ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**जारी।** प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी दिलीप बड़ाईक को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र और मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। साथ ही दिलीप बड़ाईक को आगे भी समाजिक सेवा करते रहने की बात कही। ज्ञात हो कि दिलीप बड़ाईक विगत कई वर्षों से शैक्षणिक, स्वरोजगार खेल सहित अनेकों समाजिक गतिविधियों मे सक्रिय रहकर समाज सेवा कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर जनजागरूकता अभियान के माध्यम से बेटियों और महिलाओं को आगे लाने कस प्रयास कर रहे हैं। साथ ही किसी के परिवार में किसी भी तरह का दुख तकलीफ होती है तो उस परिवार को मदद करने के लिए हमेशा आगे रहते हैं। किसी गरीब के घर मे अकास्मिक किसी का निधन हो जाता है तो उस परिवार मे पहुँचकर अपने स्तर से आर्थिक मदद से लेकर सरकारी मदद कराने में सहयोग करते हैं। जिप सदस्य सह समाजसेवी दिलीप बड़ाईक ने कहा कि किसी को भी किसी भी तरह का परेशानी हो हमे सूचित करें मैं हर सम्भव मदद करने के लिए तैयार हूं।



जिप सदस्य को सम्मानित करते राज्यपाल।

# उमेश पासवान को बृजमोहन लाल अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार

■ सच्चे राष्ट्रभक्त थे मेजर ध्यानचंद : सच्चिदानंद लाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पारंपरिक खेलकूद दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर द्वितीय बृजमोहन लाल अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार 2023 लोहरदगा निवासी और झारखंड तैराकी एसोसिएशन के मुख्य कोच उमेश कुमार पासवान को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने समिति के पदाधिकारियों के साथ उमेश कुमार पासवान को स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र और विद्या विकास समिति झारखंड की वार्षिक पत्रिका उत्सर्ग भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें तैराकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि बृजमोहन लाल अग्रवाल लोहरदगा में शिशु मंदिर, विद्या मंदिर और कॉलेज की स्थापना की थी।



उमेश को सम्मानित करते अतिथि।

कुडु में 6 करोड़ 81 लाख की योजनाओं का वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया शिलान्यास, बोले

# सभी वर्गों के सामाजिक विकास के लिए अग्रसर है राज्य सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अनुसूचित जनजाति, जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत योजना सरना, मसना, अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी, जनाजा सेड एवं आधारभूत संरचना निर्माण का शिलान्यास वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लाभुक समिति के अध्यक्ष, सचिवों को गमछा ओढ़ा कर कर स्वागत किया गया। लाभुकों ने अपने-अपने वक्तव्य में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रति आभार प्रकट किया। वित्त मंत्री श्री उरांव ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सभी वर्गों के सामाजिक विकास के लिए अग्रसर है। यह सरकार आधारभूत संरचना के साथ साथ सामाजिक संस्कृत विकास के लिए जोर शोर से कार्य कर रही है। आज कल्याण विभाग के माध्यम से सरना, मसना, अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान जनाजा सेड,एवं आधारभूत संरचना का निर्माण कुल राशि 6 करोड़ इक्यासी लाख चौदह हजार एक सौ अंठानवे रुपए से किया जा रहा है कि जिससे पूर्वजों और सामाजिक संस्कृत स्थलों का परीक्षण किया जा सके। इसके साथ-साथ धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक विकास के लिए पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर का वितरण लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं अखड़ा में किया जायेगा।



ग्रामीणों की समस्या सुनते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव।

# बेहतर रेसिपी से होगा पोषण की समस्या का समाधान: प्रखंड प्रमुख

■ विकास भारती विशुनपुर ने करायी रेसिपी प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा बिशनपुर पंचायत के पंचायत भवन में रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीमती राजलक्ष्मी ने की। मौके पर राजलक्ष्मी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के द्वारा किसानों में जागरुकता आयेगी। जिससे फसल उत्पादन के साथ-साथ उसके उपयोग एवं बाजार हेतु सामग्री तैयार कर महिलाओं के आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

साथ ही साथ पोषण की समस्या से भी निजात मिलेगा। सीईओ श्री धनंजय पाठक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के किसानों के द्वारा मोटा अनाज बड़े पैमाने पर किया जाता है। यहां की महिलाएं उन उत्पादों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने की परंपरा भी रही है।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**खास बातें :** मोटे अनाज को ज्यादा उपयोग में लायें और बाजार के अनुरूप अपने को ढालें। महिलाएं आज मोटा अनाज से विभिन्न प्रकार की खाद्य पदार्थ बनाकर अनेक बाजारों में बेच रही हैं। जिससे उनकी आमदनी में भी काफी वृद्धि हुई है। विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुराने समय में इस प्रकार के अनाजों की भरमार थी। लेकिन बीच के समय में धान एवं गेहूं की उपयोगिता बढ़ाने के कारण इनका क्षेत्रफल भी कम हुआ एवं उनके उपयोग में भी कमी आई। लेकिन अब इसकी महत्ता को देखते हुए किसानों में जागरूकता बड़ी है। इस प्रकार की रेसिपी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र तीन प्रखंडों में करेगा। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र महिलाओं के द्वारा उत्पादित विभिन्न सामग्रियों के बाजार हेतु विभिन्न संगठनों एवं विभागों के माध्यम से इन्हें बाजार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में 65 प्रकार के व्यंजन महिलाओं के द्वारा बनाया गया था। जिसे प्रदर्शित किया गया।

### मुआवजा की राशि जल्द दिलाने की मांग की

**कुडू।** प्रखंड के उडूमुडू गांव के वीरेंद्र साहू ने उपायुक्त को एक आवेदन देकर आपदा विभाग से मुआवजा की राशि जल्द भुगतान कराने की मांग की है। वीरेंद्र साहू ने कहा है की विगत 19 मई 2023 को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ाई करने वाला उनका लड़का कृष कुमार की मौत विद्यालय द्वारा आयोजित पिकनिक कार्यक्रम के दौरान डूबने से हो गई थी। जिसे लेकर कुडु अंचलाधिकारी को आवेदन देकर आपदा विभाग से मुआवजा की मांग की गयी थी। उन्होंने उपायुक्त से जल्द से जल्द राशि दिलाने की मांग की है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट छह सितंबर से

**जारी।** प्रखंड के भिखमपुर पारिश मैदान में पांच दिवसीय जोड़ा खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता युवा संघ जामटोली 6 से 10 सितंबर तक रखी है। इच्छुक टीमें सीधे मैदान में 6 सितंबर को उपस्थित होकर अपनी टीम का नमांकन करा सकती हैं। आयोजन समिति अध्यक्ष निरंजन एवं सचिव प्रीतम तिर्की ने कहा कि फुटबॉल मैच शांति व सदभाव की स्थापना के लिए करायी जा रही है।

### बाईक से गिरकर तीन छात्र घायल

**गुमला।** सिसई रोड संत इग्नासियुस स्कूल के समीप मंगलवार ने रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें बाईक सवार तीन छात्र घायल हो गये। घायलों में संतोष उरांव, अन्नू उरांव व कमल तिग्गा शामिल है। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। तीनों छात्र एक बाईक से शहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बाईक अनियंत्रित होकर रिक्सा से जा टकरायी और बाईक सहित तीनों छात्र सड़क पर गिर गये। इसमें तीनों को चोट लगी।

### सावन सोमवारी को लेकर शिव चर्चा सह भंडारा



**भंडरा।** जय श्री राम जय मां सरना समिति हाटी अंबेरा द्वारा श्रावण मास के अन्तिम सोमवारी को शिव चर्चा सह भंडारा किया गया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष गांव में किया जाता है। जिसमें मुख्य अतिथि भंडरा प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव एवम उदरंगी पंचायत के मुखिया प्रमेश्वर महली उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि रामकृत यादव, दिलीप प्रसाद साहू, शोहराय उरांव, रमेश प्रसाद साहू, राजेश प्रसाद साहू, उपस्थित हुए। आयोजन समिति के मुख्य सदस्य और संरक्षक लाल भीम नाथ शाहदेव, गौतम यादव, गोपाल प्रसाद, प्रदीप प्रजापति, आकाश यादव अमित यादव, सुरज यादव, रविंद्र यादव, राजू यादव, गोविंद महतो, अमित साहू एवं परेश महतो उपस्थित हुए।

# बीडीओ ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर कई निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डोर टू डोर वोटरों का सत्यापन कार्य चल रहा है। इसमें सभी बीएलओ को टारगेट दिया गया है। टारगेट के अनुसार प्रदर्शन नहीं करने वाले बीएलओ को आज बुलाया गया एवं उन्हें पुनः प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही उन्हें कहा गया कि यह कार्य आपको ही हर हाल में करना है। आप जितनी तन्मयता से इस कार्य को सीखेंगे उतने सही ढंग से वोटर लिस्ट में सुधार किया जा सकता है, क्योंकि हेल्दी रोल होगा तभी हेल्दी पोल संभव है। यानी अगर सौ प्रतिशत मतदाता है तो शत प्रतिशत वोट पोलिंग होना चाहिए। इस तरह मतदाता सूची को पुनरीक्षित करना है।

# साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में आये 50 से अधिक आवेदन

50 से अधिक आवेदकों ने समर्पित किया अपना आवेदन, मिशन बदलाव ने घाटों बगीचा कब्रिस्तान, धार्मिक स्थल एवं अंतिम पड़ाव में हाई मस्ट लाइट लगाने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रति सप्ताह की भांति मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। जन शिकायत निवारण दिवस में 50 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त को अपना आवेदन समर्पित किया। जन शिकायत निवारण दिवस में गुमला के दुकानदारों ने अपना आवेदन समर्पित कर उपायुक्त को बताया कि भट्ठी तालाब के पास नगर निगम द्वारा उनके दुकानों एवं गुमटियों को तोड़ दिया गया था एवं कुछ दुकानों को अतिक्रमित कर लिया था। नगर निगम सभी दुकानदारों को स्थायी जगह देने एवं नये दुकानों के निर्माण का आश्वासन दिया था। कार्रवाई में विलंबता को देख सभी दुकानदारों ने उपायुक्त से त्वरित कार्रवाई कराते हुए दुकानदारों को उनके दुकानों को आवंटन का आग्रह किया।

# हमें अनुशासन सिखाता है खेल : एसएस वशिष्ठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंडालको खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा संचालित सेरेंगदाग खनन क्षेत्र अंतर्गत हिंडालको सीएसआर ने पांच दिवसीय मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसमें कुल 32 फुटबॉल टीम भाग ली। फाइनल मुकाबला में केचकी-बी ने दो गोल से केचकी-ए को हराकर प्रतियोगिता जीता। इससे पूर्व खान प्रबंधक एसएस वशिष्ठ, अखिलेश सिन्हा व अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों से हाथ मिलाया।

### सर्पदंश से जुरमू के वृद्ध की मौत, शोक

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के जुरमु निवासी वृद्ध गुदे मुंडा (70) की मौत सर्पदंश से हो गयी। मृतक के पुत्र लरंगु मुंडा ने बताया कि उसके पिता सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे बाड़ी में घास काटने के लिए गये हुए थे। उसी दरम्यान एक जहरीले सांप ने काट लिया। जिसकी जानकारी के बाद परिजन उसे उप स्वास्थ्य केंद्र डुमरी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी परिजनों ने मुखिया इग्नासियुस मिंज उर्फ प्रदीप को दी।

# नशापान से दूर रह खेल को खेल भावना से खेलें बच्चे : तिम्बू उरांव



खबर मन्त्र संवादाता

**घाघरा।** सुखेर टाना भगत मेमोरियल चार दिवसीय खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मंगलवार को जरगाटोली खेल मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य तिम्बू उरांव, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी व कुहीपाट मुखिया फगुआ उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच ब्लैक टाइगर गोया बनाम आरएफसी के बीच खेला गया। जिसमें ब्लैक टाइगर गोया ने आरएफसी को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। तिम्बू उरांव ने कहा कि स्व सुखेर टाना भगत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र में करके गांव के बच्चों की छुपी प्रतिभा निखारने का एक सफल प्रयास किया।

# पुलिस फोर्स सदैव समाज के लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार है : एसपी

■ भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल की छात्राओं ने एसपी व पुलिस जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राखी का त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है। इस पहचान को बनाये रखने के लिए भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में राखी त्योहार मनाया गया। जिसके बाद बच्चे एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी ऐहतेशाम वकारिब सहित कई पुलिस जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने कहा कि पुलिस फोर्स सदैव समाज के लोगो के सुरक्षा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें यह याद दिलाता है कि बहनें हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं। भाइयों और बहनों के लिए रक्षा बंधन का एक विशेष महत्व है। यह त्योहार सिर्फ सामान्य लोगों द्वारा ही नहीं मनाया जाता है बल्कि इसे देवी-देवताओं द्वारा भी भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को कायम रखने के लिए मनाते हैं। हमें इस महान और पवित्र त्योहार के आदर्श की रक्षा करते हुए इसे नैतिक भावों के साथ खुशी-खुशी मनाना चाहिए। विद्यालय के बच्चों के पुलिस के प्रति इस जज्बे के लिए शुभकामनाएं दी और सभी बच्चों को मिठाई खिला कर सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जाहिर किया। विद्यालय में राखी मेकिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया।



राखी बनाकर एसपी को भेंट करती छात्राएं।

**खास बातें :** कार्यक्रम को सफल में प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने शिवम मिश्रा, रुचिका, निशा कुमारी, रीता देवी, अर्जुन कुमार, सिद्धार्थ दीक्षित, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या, प्रियंका सहाय, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, आशा टोप्पो शिक्षकों और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कार्यकर्ताओं की बदौलत 2024 के चुनाव में जीत तय है : सुखैर भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई इस बैठक में विशुनपुर विधानसभा के कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद, लोहरदगा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुखैर भगत एवं गुमला जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए नेसार अहमद ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के चल रहे लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य वैसे समर्पित और निष्ठावान कांग्रेसी जो कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते हैं जिन्हें आगे लाकर उन्हें नेतृत्व देने का एक अवसर है। झारखंड प्रदेश के लोहरदगा लोकसभा एवं खूंटी लोकसभा क्षेत्र में यह मिशन लागू किया गया है।



बैठक में मौजूद कांग्रेसी।

**खास बातें :** इसके तहत कांग्रेस के अग्रणी मोर्चा युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई, सेवा दल, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, एस सी, प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, को सशक्त एवं मजबूत बनाकर आगामी 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्धेश्य अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से जोड़ना और उनके अंदर लीडरशिप क्षमता विकसित करना है और आगामी 2024 के लिए संगठन को धारदार और सशक्त बनाना है और केंद्र में बैठी निरंकुश मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है आज देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार के साथ-साथ नफरत का माहौल व्याप्त है जिससे आम जनता काफी त्रस्त है इन्हीं जन मुद्दों को लेकर हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष का रास्ता चुने हैं।

## वेतनमान को लेकर सहायक अध्यापकों की हुई बैठक



बैठक करते सहायक अध्यापक।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक जिला उपाध्यक्ष जय कालीनाथ शाहदेव की आध्यक्षता मे संपन्न हुआ। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव ने की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष श्री शाहदेव ने कहा कि 22 अगस्त 2023 से राज्यपाल आवास रांची में वेतनमान को लेकर अनिश्चितकालीन धरना सह आमरण अनशन चल रही है। इस आमरण अनशन मे हर रोज एक-एक जिला के सभी शिक्षक साथी भाग ले रहे हैं। इस कड़ी में लातेहार जिला का नंबर सितंबर 2023 को आ रहा है। रांची के राज भवन के सामने प्रदेश स्तरीय आमरण अनशन में सभी टेट पास सहायक अध्यापक को स-समय पहुँचने पर चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात सभी शिक्षकों ने सर्वसहमती से जाने का बात बताया। साथ ही बीईओ स्तर से सामूहिक अवकाश लिये जाने की सहमति बनाई गई। जो शिक्षक अनशन मे भाग नहीं लेंगे उन्हें संघ की ओर से बैठक कर उचित निर्णय के साथ आर्थिक जुमार्ना लिये जाने की निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित टेट प्रखंड सचिव भीम प्रजापति, विनोद मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, भोला यादव, संतोष उरांव, शिवनारायण राणा, सुरेंद्र सिंह, मनोज ठाकुर, अभिषेक कुमार, बिंदेश्वर राम, पूर्णिमा कुमारी, संजू कुमारी आदि दर्जनों की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर लातेहार में कार्यक्रम आयोजित

**लातेहार।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंडोर स्टेडियम लातेहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा युवक-युवतियों के अच्छे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि कोई एक खेल अवश्य खेलें। इस मौके पर रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र लातेहार ने प्रथम स्थान, डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर (टीम ए) ने द्वितीय तथा डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर (टीम बी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकस्सी के बालिका वर्ग में फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चंदवा ने प्रथम, डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर टीम ए ने द्वितीय तथा डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर टीम बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिसमें आकांक्षा नागेसिया (राज्य स्तरीय 800 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार विजेता), प्रेमिका बेक (राज्य स्तरीय 400 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार विजेता) जेनी टोप्पो, शॉट पुट में प्रथम पुरस्कार विजेता, संजना एक्का डिस्कस थ्रो में प्रथम पुरस्कार विजेता, प्रीति बाड़ा जेवलिन थ्रो में प्रथम पुरस्कार विजेता, कुलदीप टोपनो, आसिफ अली प्रिंस को सम्ममानित किया गया।

### मनिका प्रखंड के दुंदु में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा 74वां वन महोत्सव किया गया आयोजित

# पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ बचाना जरूरी : रामचंद्र सिंह

- मनुष्य के जीवन के लिए पेड़ पौधों का होना बहुत जरूरी, पेड़ पौधों के बचाव के प्रति लोगों को करें जागरूक: डीएफओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के दुंदु पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वन प्रमंडल लातेहार के तत्वाधान में,वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी मनिका ठाकुर पासवान के नेतृत्व में दिन मंगलवार को 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह,विशिष्ट अतिथि डीएफओ रौशन कुमार समेत अन्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर वन विभाग के कर्मियों के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकार बंधुओ को पौधे देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आज पेड़ पौधों के कमियां की वजह से मनुष्य के जीवन में सीधा असर पड़ रहा है,बारिश नहीं हो रही,हमेशा ही अकाल की स्थिति उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान खासकर शहरी क्षेत्र के लोगों को ऑक्सीजन की काफी कमियां हो रही थी ऑक्सीजन नहीं होने से लोगों को बचा पाना मुश्किल हो गया था।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक व डीएफओ।

उन्होंने कहा कि आने वाले पीढ़ी को भी जवाब देना होगा कि हम लोगों ने क्या किया है इसलिए पेड़ पौधा लगाना जरूरी है ताकि आने वाला समय में पानी की किल्लत ना हो अपने खाली पड़े भूमि पर अधिक से अधिक पेड़ पौधे जरुर लगाएं और वन विभाग के कर्मियों को सहयोग कर पेड़ पौधों को कटाई से बचाइए। उन्होंने कहा कि अपने जरूरत के अनुसार ही बालू घाट से बालू का उठाव कीजिए और अगर कोई भी बाहर का आदमी अवैध तरीके से यहां से बालू का उठाव करता है या लकड़ी का कटाई करता है तो आप उसे रोकिए या उसके खिलाफ वन विभाग को शिकायत कीजिए। यह हमारे लिए प्रकृति की देन है इसे हमें संयोग कर रखना है अगर कोई उसका नुकसान करता है तो हम उसे रोकेंगे तभी बारिश होगी,हम लोग खेती कर पाएंगे और तभी हम लोग जीवित रह सकते हैं। वहीं डीएफओ रौशन कुमार ने कहा कि वन की कटाई को रोकने के लिए हम सभी को मिलकर लोगों को जागरूक करना होगा मनुष्य के जीवन के लिए पेड़ पौधों का होना बहुत जरूरी है इसलिए सभी का दायित्व बनता है कि पेड़ पौधों को बचाएं और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि लोग अपने निजी उपयोग के लिए गांव स्तर पर स्थित बालू घाट से बालू का उठाव कर सकते हैं जिसमें मशीन का कोई उपयोग नहीं करना है। इसके लिए बालू घाट के कमेटी के द्वारा 100 रुपए का पर्ची काटकर दिया जाएगा। अगर इससे ज्यादा आपसे पैसे की वसूली की जाती है तो आप संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी शिकायत कर सकते हैं। वहीं इसके साथ ही कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों से लोगों को संबोधित किया मौके पर उपस्थित सभी ने विद्यालय के प्रांगण में एक एक पौधे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, अधिवक्ता सह कांग्रेस नेता वृन्दबिहारी प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, मुखिया चांदनी देवी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, समाजसेवी अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, पूर्व मुखिया संजय सिंह, वरिष्ठ नेता कामेश्वर यादव, अकबर अंसारी, सुरेंद्र भारती, कृष्णा यादव, दिनेश प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सेरक स्थित श्री श्री 108 ठाकुर जी के मंदिर जमीन को लेकर हुआ विवाद, मामला पहुंचा थाना

# प्रशासन ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला कराया शांत

- लगभग 47.35 जमीन है मंदिर के नाम
- वर्तमान में मंदिर के सेवायत के पास रहेगा जमीन पर कार्य करने का अधिकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सेरक पंचायत स्थित श्री श्री 108 ठाकुर जी मंदिर की जमीन को लेकर मंदिर समिति व कुछ लोगो के बीच जमकर विवाद हुआ। मंगलवार की सुबह मंदिर समिति के लोगो के द्वारा मंदिर की जमीन पर कुछ कार्य किया जा रहा था, इसी बीच एक पक्ष के लोग वहां पहुंच गए व कार्य को बाधित कर दिया। जिसके बाद विवाद बढ़ गया व दोनो पक्ष अपने सामने आ गए। सूचना के बाद चंदवा थाना से प्रशासनिक टीम गांव पहुंची व मामला शांत कराते हुए दोनो पक्षो को थाना बुलाया गया। जिसके बाद मामले को लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण चंदवा थाना पहुंचे व प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अंचलाधिकारी विजय कुमार व अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश भी दिया व किसी प्रकार की शिकायत होने पर न्यायालय जाने की बात कही। मंदिर समिति के लोगो व ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग मंदिर की जमीन को अवैध तरीके से अपना बताते हुए हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। आगे बताया कि सेरक गांव में प्राचीनकाल से श्री श्री 108 ठाकुर जी का मंदिर स्थापित है। मंदिर के लिए दान स्वरूप जमीन मिला है व लगभग 47.35 एकड़ जमीन मंदिर के नाम है। जिसका सीएस और आरएस खतियान है, मांगपत्र व रसीद वर्तमान समय तक कटते आ रहा है। न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी के वाद संख्या 353/21 के प्रथम पक्ष के लोग रामकुमार साहू, मुंशी प्रसाद साहू, सुरेंद्र प्रसाद साहू तीनो पिता स्व गुप्तेश्वर साहू तथा अनुज प्रसाद साहू पिता स्व. रामकिशुन साहू (सभी ग्राम सेरक) के द्वारा जबरदस्ती मंदिर की जमीन में भूमि विवाद पैदा कर मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर मंदिर की जमीन को बचाने की गुहार ग्रामीणों ने लगायी है। गुहार लगाने वालों में ग्राम प्रधान जगलाल उरांव, विजय यादव, ललशु राम, सत्यवान यादव, जनार्दन साव, प्रदीप साव, ब्रजेश ठाकुर, मिथलेश साव, रिंकू राम, अर्जुन सिंह, अजय ठाकुर समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।



थाना में उपस्थित लोग।

**क्या कहते हैं अंचलाधिकारी**

मामले को लेकर पूछे जाने पर अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि खतियान में 47.35 एकड़ जमीन मंदिर के नाम है, मंदिर की जमीन पर वर्तमान में कार्य करने का अधिकार सेवायत को है। अगर किन्ही को लगता है कि इसमें उनकी जमीन गयी है तो वे न्यायालय जा सकते हैं।

## बीडीओ पर पैसा लगाकर योजना ऑनलाइन करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला पर मनरेगा के योजना ऑनलाइन करने के नाम पर पैसे की मांग करने का आरोप लगा है। मुरपा पंचायत के चंदली ग्राम निवासी सतीश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुरपा में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा टीसीबी योजना ऑनलाइन करने के नाम पर प्रति योजना 1 हजार की राशि की मांग की जा रही है। बता दें कि जो व्यक्ति पैसा नहीं देता है उसको बीडीओ द्वारा टालमटोल करते हुए बोला जाता है कि 15 दिन रुक जाइए अभी योजना बंद है। जबकि प्रतिदिन योजना ऑनलाइन किया जा रहा है। सतीश कुमार ने बताया कि बीडीओ ललिता बाखला के द्वारा एक बिचौलिया मुनेश प्रजापति से यह वसूली करवाया जाता है। लाभुक अपना योजना लेकर बीडीओ के पास जाता है तो प्रखंड विकास पदाधिकारी योजना ऑनलाइन करने के नाम पर टालमटोल करती है। जिसके बाद मुनेश प्रजापति द्वारा जितनी बड़ी राशि की योजना उस हिसाब से पैसे की मांग किया जाता है। तब जाकर कही योजना पास होता है। आगे सतीश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा की बीडीओ द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देश दिया गया है कि किसी भी योजना को ऑनलाइन कराने के लिए लाभुक का फॉर्मेट उनके पास जाए ताकि अवैध वसूली की जा सके। उन्होंने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर उतर सके। वहीं इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं इस संबंध में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कश्यप से पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच की जाएगी।





## उपायुक्त हिमांशु मोहन ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

- मरीजों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सभी सुविधाएं निश्चित तौर पर गुणवत्ता के साथ ससमय मुहैया कराई जाए: हिमांशु मोहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन के द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आईसीयू, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस, जांच केंद्र, जिरियाट्रिक वार्ड, दवा स्टॉक के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सकों को समय पर अस्पताल में उपस्थित होने तथा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बेहतर सेवाएं जनता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का उपायुक्त हिमांशु मोहन ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया है अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। जिसके आधार पर उनका बेहतर ईलाज संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पश्चात ब्लड बैंक, लातेहार में थैलेसीमिया डे केयर यूनिट का उपायुक्त ने शुभारंभ किया। थैलेसीमिया डे केयर यूनिट में थैलेसीमिया के मरीजों का ब्लड ट्रांसफ्यूजन की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, गोपनीय प्रभारी श्रेयांश एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।



निरीक्षण करते डीसी।

## बेतला में एसबीआई एटीएम खोलने का प्रस्ताव, बीडीओ ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और एलडीएम के साथ-साथ बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिला परिषद की सदस्य सन्तोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू भी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत दिए गए लाभों की सूची तैयार करने साथ ही प्रखण्ड क्षेत्र के किसानों को केसीसी के लाभ की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया। वही सभी बैंकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ हर हाल में लाभुकों को मिले साथ ही उनके लाभ के पैसे का समायोजन किसी दूसरी योजना में नहीं करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बेतला नेशनल पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए जल्द से जल्द एसबीआई की एटीएम सेवा शुरू करने का भी प्रस्ताव दिया गया। बैठक में एलडीएम राजीव कुमार मंदीलवाल, शाखा प्रबंधक एसबीआई विवेक कुमार के साथ-साथ प्रखंड में संचालित अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

### सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की बैठक संस्था के संस्थापक अमल दास की अध्यक्षता में संपन्न

# बीमारी देखते हुए संस्था निःशुल्क दवा वितरण कर रही हैः अमल दास

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला कार्यालय में सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की बैठक संस्था के संस्थापक अमल दास के अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन जिला प्रभारी राजू सिंह के द्वारा किया गया। संस्थापक अमल दास ने सभी आए हुए प्रखंड प्रभारी, पंचायत प्रभारी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्था एक सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बोकारो जिला के चंदन कियारी से 2019 से प्रारंभ करते झारखंड के सभी जिलों में संस्था कार्यरत है, संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगों को मदद करना है। आगे बताया कि संस्था के कार्य को जिले के हर घर में पहुंचने और आगे बढ़ाने का निर्देश दिए जिसमें सभी महिलाएं अपने-अपने क्षेत्रों के हर घर घर मे जाकर प्रशिक्षण देना है, ताकि गांव के सभी महिलाएं आत्म निर्भर बन सके। वहीं उन्होनें आगे कहा कि सुकन्या ट्रस्ट जो महिलाओं के हित में कार्य कर रही है और महिला उत्पीडन में जो संस्था सहयोग कर रही उसे महिलाओं को हौसला बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। हमारी संस्था संस्था झारखंड के साथ-साथ बिहार एवं उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं। संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगों को मदद करना एवं संस्था के सदस्यता अभियान को जिला के हर घर तक पहुंचना है। आगे बताया की संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए संस्था की ओर से मोमबत्ती, अगरवत्ती, सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मशरूम, पापड़, आदि के प्रशिक्षण दिलाया जाता है। जिसे महिलाएं आपने आप आत्म निर्भर बन सके। स्वस्थ मिशन परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत जिले के सभी घर को सर्वे करा कर फ्री में दवा उपलब्ध कराना है आज के समय में हमारा देश में एक विकट समस्या है वह है बीमारी एवं बेरोजगारी देखते हुए संस्था रोजगार के साथ-साथ बीमारी को खत्म करने के लिए फ्री में दवा वितरण करने का कार्यक्रम कर रही है। इस बैठक में चंदवा प्रखंड प्रभारी मंजू सिंह ने भी संबोधित किया। इस बैठक में मनिका प्रखंड के पूर्व प्रमुख नीलम देवी, राजबर्धन सिंह, किरण देवी, फिलदेव सिंह, रेखा देवी, गुडी देवी, प्रेमशिला देवी, शोभा देवी, रौशन कुमार, अभिमुन्य कुमार के अलावे लातेहार जिला के सभी एसोसिएट मौजूद थे।



## एक नजर में

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी की हुई बैठक

**बरवाडीह।** अनुसूचित जनजाति लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ देने को लेकर मंगलवार को प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय के कक्ष में योजना को लेकर गठित प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार जेएसएलपीएस के बीपीएम अभय कुमार मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति परिवार के लाभुकों के चयन को लेकर सबसे पहले पंचायत के चयन पर चर्चा की गई। जिसके तहत पंचायत स्तर पर सुकर विकास योजना, बत्तख चूजा योजन, बकरा विकास योजना, कुक्कुट पालन योजना, बॉयलर कुककुट पालन योजना के लाभ दिलाने के साथ-साथ महिला विधवा दिव्यांग निसंतान दंपति को प्राथमिकता देने पर भी समिति के द्वारा चर्चा की गई। पंचायत और लाभुकों के चयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जरूरतमंद परिवारों को मिले ताकि अनुसूचित जनजाति से संबंध रखने वाले परिवार खुद को इस योजना का लाभ पाकर आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अपने जीवन यापन की शैली को और बेहतर बना सके।



बैठक में उपस्थित बीडीओ व अन्य।

### संचालित योजनाओं को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**बारियातू।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में प्रखंड कर्मियों के साथ साप्ताहिक बैठक किया। बैठक मे बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर पंचायतवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिसमें मनरेगा योजना के तहत पोटो-हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना एंव अधुरें पड़े आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने पर जोर दिया। वहीं कहा कि जिन मजदुरों का अब तक आधार अपडेट एवं के-वाईसी नहीं हुआ है। वैसे मजदुरों को आप सभी कर्मी अपने अपने क्षेत्र से खोज कर अधार अपडेट एंव के-वाईसी एक सप्ताह मे कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रवि यादव, जई सत्येंद्र भगत, आशीष कुमार गुप्ता, अभिनाष मिंज, विक्रम आदित्य, पंचायत सेवक राम लखन यादव, उमाशंकर सिंह, शेराफिनुस खलखो, राजेश यादव, अरविन्द पाण्डेय, रोजगार सेवक मो. आलम, सुजीत कुमार, सुरेन्द्र पासवान सहित कई कर्मी उपस्थित थे।



साप्ताहिक बैठक करते बीडीओ।

### फरार चल रहे दो अलग-अलग कांड के चार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



गिरफ्तार अभियुक्त।

**बारियातू।** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रहेया व मनातु गांव में छापामारी अभियान चला कर फरार चल रहे चार अभियुक्तों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी कि बारियातू थाना कांड संख्या 8/23 के एक अभियुक्त गुडन उर्फ मनोज गंझु पिता सुदा गंझु ग्राम रहेया थाना बारियातू व थाना कांड संख्या 58/23 के तीनों अभियुक्त जिवलाल गंझु, पिता स्वर्गीय कमल गंझु, लाल कृष्ण गंझु पिता जिवलाल गंझु व कैलाश गंझु पिता डेगन गंझु, ग्राम मनातु थाना बारियातू जिला लातेहार घर आया हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना स्तरीय दो टीम गठित की गई और छापामारी अभियान चला कर चारों आरोपियों को अपने-अपने घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक बिन्देश्वर महतो, धर्मेन्द्र कुमार लेंबु सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह के अलावा थाना के कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### भारतीय वायु सेना के द्वारा मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए भर्ती रैली का आयोजन

**लातेहार।** भारतीय वायु सेना के द्वारा अहर्ता पूर्ण करने वाले झारखण्ड के उम्मीदवारों के लिए 15 और 18 सितंबर को मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए एयरमैन भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना के बैरकपुर में स्थित भारतीय वायु सेना स्टेशन में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हो सकते है। 15 सितंबर से शुरू होने वाले पहले चक्र में, 26 दिसंबर 2002 और 26 दिसंबर 2006 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी, जिन्होंने 10+2 की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व अंग्रेजी विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं। वहीं 18 सितंबर को होने वाले रैली के अंतिम चक्र में 26 दिसंबर 1999 और 26 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी अथवा 26 दिसंबर 1999 से 26 दिसंबर 2002 के बीच जन्मे विवाहित अभ्यर्थी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फामेर्सी में डिप्लोमा या डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह के 6:00 से सुबह के 10:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

# गबन में बिचौलिया को दो साल की सजा, एक लाख जुर्मान

## आरोपी कनीय अभियंता 16 साल से फरार

**दुमका।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने 16 साल पहले जामा में मनरेगा में मजदूरों से फर्जी काम कराने के आरोपी बिचौलिया रामजीवन राउत को देषी करार देते हुए दो साल और एक लाख रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना अदा नहीं करने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अभियुक्त जामा के सिलांदा का रहने वाला है। वहीं इसी मामले में नामजद आरोपी जिला परिषद का कनीय अभियंता राजकिशोर राय आज तक फरार है। सहायक लोक अभियोजक खुशबूददीन अली ने नौ गवाह पेश किए।

दस जुलाई 07 को जामा के जराटीकर गांव के बेटका टुडू समेत 14 लोगों ने उपायुक्त के न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल कर आरोप लगाया था कि बिना काम कराए उनके नाम से मजदूरी का भुगतान किया गया है। न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन दंडाधिकारी दिनेश कुमार सिंह व उप समाहर्ता संदीप दूबे ने मामले की जांच की थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि जराटीकर गांव के एक भी मजदूर ने मनरेगा योजना से सिलांदा से बजरा गांव तक मिटटी मोरम की सड़क में कोई काम नहीं किया। योजना के अभिकर्ता उस समय के कनीय अभियंता नंदकिशोर राय ने मजदूरों के जाब कार्ड व मास्टर रोल में मजदूरी भुगतान की फर्जी प्रविष्टि कर सरकारी राशि का गबन कर लिया है। अभियंता ने सरकारी राशि का गबन करते हुए मजदूरों का शोषण किया है। रिपोर्ट के आधार पर जामा के तत्कालीन बीडीओ शशि भूषण मेहरा ने 13 जुलाई 07 को अभियंता व बिचौलिया के खिलाफ जामा थाना में मामला दर्ज कराया था।

# टेंपो चालक के अपहरण व हत्या के प्रयास में दो दोषियों को कारावास

20 हजार रुपए का जुमार्ना मिली आजीवन सश्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** टेंपो चालक राजेश साव का अपहरण कर बंधक बना कर रखने एवं हत्या के प्रयास किए जाने के एक मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने आरोपी सुधीर यादव व विनोद यादव (दोनों के पिता बालेश्वर यादव, तिसरी, गिरीडीह) को 364ए के तहत दोषी पाते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 2 साल अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने 120 (बी) में दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास एवं 20 हजार जुमार्ना लगाया जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 2 साल अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। साथ ही न्यायालय 365 आईपीसी में दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास एवं 5 हजार जुमार्ना लगाया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 2014 का है। इसे लेकर नवलशाही थाना कांड संख्या 39/2014 एवं सत्र वाद संख्या 77/15 दर्ज था।

### क्या है पूरा मामला

घटना का सूचक मृतक का भाई बबली साव पिता किशुन साव तीनतारा थाना कोडरमा ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि उसका भाई प्रत्येक दिन की भांति 20 अक्टूबर 2014 को सुबह 3:30 बजे अपना टेंपो लेकर भाड़ा कमाने के लिए निकला था। उसी दिन करीब 11:30 बजे दिन में कोडरमा पुलिस द्वारा सूचना मिली कि उसका भाई का उपरोक्त टेंपो लावारिस अवस्था में नवलशाही थाना क्षेत्र में पाया गया है। जिसे नवलशाही थाना में सुरक्षित रखा गया है। उसके भाई ने अपने सगे संबंधियों के पास फोन कर पता लगाने का प्रयास किया लेकिन उसके भाई का कुछ पता नहीं चला।

उन्होंने पुलिस को दिए बयान में कहा कि सुबह करीब 3 बजे के आसपास किसी का फोन आया था उसके बाद उसका भाई घर से निकला था। मुझे आशंका है कि उसके भाई का अपहरण अज्ञात लोगों द्वारा कर लिया गया है. पुलिस ने उक्त मामले में बेहतरीन कार्य करते हुए एक एक कड़ी को जोड़ते हुए मामले के तह तक पहुंची और राजेश साव को अपहरण कताओं के चंगुल से आजाद कराया। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने करते हुए अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने की मांग न्यायालय से की, वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मंटू सिंह ने दलीलें पेश की।

## एक नजर में

### गांजा ब्यावसायी के घर छापा पड़ा 1,022 गांजा माप तौल उपकरण बरामद

**गोड्डा।** जिले के बसंतराय थाना अंतर्गत कोरियाना ग्राम के बबलू साह उर्फ देव नंदन साह उम्र 47 वर्ष पिता सुखदेव साह ग्राम कोरिया थाना बसंत राय जिला गोड्डा के घर छापा मारी की गई । पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथूसिंह मीना के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा जे पी एन चौधरी गोड्डा के नेतृत्व में टीम गठन कर छापेमारी का निर्देश दिया था टीम में मुकेश कुमार पांडेय पुलिस निरीक्षक पथरगामा प्रभाग ,विनीत कुमार थाना प्रभारी बसंत राय ,चंद्रशेखर सिंह थाना प्रभारी ललमटिया ,बहुरान ऊराओ बसंत राय ,विश्वनाथ सिंह ,विनोद यादव थाना बसंत राय शामिल थे । गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का आपराधिक इतिहास भी रहा है पूर्व में गंजा बिक्री करने का ।इस बाबत बसंतराय थाने में एक प्राथमिकी दर्ज का ली गई है।दिनांक 29/8/23 को धारा 57/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया और अभियोगी को हिरासत में लेकर न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल भेज दिया गया।

### गोड्डा उपायुक्त का जनता दरबार 8 ग्रामीण ने अपनी समस्या रखी

**गोड्डा।** उपायुक्त, गोड्डा जिशान कमर के द्वारा आज दिन मंगलवार को जनता की फरियाद को सुना गया। जिसमें जिले के दूरदराज के गांव से 08 लोगों ने आकर अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष अपनी अभिव्यक्ति वयक्त की , उपायुक्त के द्वारा सभी के शिकायतों को बारी-बारी से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि उपायुक्त गोड्डा अथवा अन्य वरीय पदाधिकारी के द्वारा प्रत्येक दिन समय 12:00 बजे से दोपहर से 1:00 वजे अपराह्न तक जनता की समस्याओं को सुना जाता है। जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं। आज जनता अपनी अपनी समस्या लेकर आए जिनमें निम्न है:- जमीन संबंधी विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना , पेंशन संबंधी मामले, राशन कार्ड से संबंधित मामले, होमगार्ड नियुक्ति से संबंधित मामले सहित अन्य संबंधित आवेदनों को सुनकर संबंधित विभाग को कार्यवाही करने के लिए निदेशित किया गया। पेंशन संबंधी मामले को महोदय के द्वारा सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के अधिकारियों को निष्पादन हेतु भेजा गया।

### एसकेएमयू के मनोविज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने प्रस्तुत किया शोधसार

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में पीएचडी शोधार्थियों ने बारी- बारी से सिनोप्सिस अर्थात शोध सार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। आज चार शोधार्थियों को जोड़कर कुल 14 शोधार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर शोध निदेशक व संकायाध्यक्ष समाज विज्ञान डॉ जैनेंद्र कुमार यादव की उपस्थिति में सिनोप्सिस प्रजेंट किया। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि शोध सार एक गहन विश्लेषण इसलिए आवश्यक होता है ताकि शोध की कठिनाइयों को ठीक से समझा जा सके। यह एक पायलट स्टडी के रूप में काम करता है। शोधार्थियों को बहुत ही ईमानदारी, निष्पक्षता, वास्तविकता व एथिक्स को ध्यान में रखते हुए शोध कार्य को करने जरूरत है। त्रुटि व कंमेंट को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए तभी गुणात्मक शोध की सार्थकता संभव है। संकायाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव ने शोध मानकों पर खड़ा उतरते हुए शोध कार्य करने की सलाह दी तो वही डीआरसी सदस्य डॉ कलानंद ठाकुर ने पूर्वाग्रह से दूर रहकर शोध कार्य करने का सुझाव दिया। शोध गाइड में डॉ पुष्पलता, एएस कॉलेज, देवघर एवं साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के डॉ सिदाम सिंह मुंडा उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिपूर्वक संचालन डॉ स्वतंत्रत कुमार सिंह ने सहयोग शोधार्थियों को शोध कार्य की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ दी। इस सत्र में कुल 14 शोधार्थियों में दिव्या कुमारी, हिमांशु कुमार सिंह, दशरथ महतो, ज्योति निर्मला टुडू, सिम्पा कुमारी, हीना परवीन, मनोज कुमार मल्लिक, रश्मि कुमारी, पूजा प्रियदर्शी, जॉनसं मुर्मू, मुनि हंसदा, अदिति करबा, मनोज कुमार भगत व अनुबाला कुमारी ने सफलतापूर्वक शोध सार प्रस्तुति किया।

### इग्नू सहायक निदेशक ने एसपी कॉलेज छात्रावास का किया निरीक्षण

**दुमका।** संथाल परगना महाविद्यालय दुमका के इग्नू अध्ययन केंद्र(3604) द्वारा नामांकन और विभिन्न पाठ्यक्रम के संबंध में जागरूकता अभियान का संचालन किया गया। यह अभियान समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न छात्रावासों में चलाया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय इग्नू कार्यालय देवघर के सहायक निदेशक अरविंद मनोज सिंह उपस्थित रहे। सहायक निदेशक ने विभिन्न छात्रावास में जाकर इग्नू के द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं उसकी महत्ता को छात्रों के साथ साझा किया। छात्रों से बात करते हुए उन्होंने यह बताया कि इग्नू में किस तरह से रोजगारपरक एवं विभिन्न उपाधियों से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम में एसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने बताया कि कॉलेज में स्थित केंद्र स्थानीय आवश्यकताओं से संबंधित विषय के अध्ययन के प्रति संजीदा है। इग्नू के द्वारा दूरस्थ माध्यम में सहज, सरल एवं उपयोगी शिक्षा का लाभ उठाया जाना चाहिए। इसके अलावा कार्यक्रम में केंद्र के समन्वयक सुनील बेसरा ने जानकारी दी कि इग्नू में नामांकन की तिथि 31 अगस्त तक है। इस कार्यक्रम में जनजातीय छात्रावास, महिला छात्रावास, अनुसूचित जाति छात्रावास एवं अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में छात्रावासों के छात्र अधीक्षक डॉ होलिका मरांडी, डॉ सत्यम कुमार, डॉ बसंती हांसदा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कॉलेज में संचालित अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो सुनील बेसरा, सहायक समन्वयक प्रो अमन राज एवं प्रो प्रतिभा टुडू सहित कार्यालय कर्मी कुर्बान अंसारी, भरत मंडल एवं संजीव मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न छात्रावासों के छात्र नायक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जून तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई।

# पुत्र कुपुत्र तो हो सकता है,परंतु माता कभी कुमाता नही हो सकती

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड (गोड्डा) के लिटल फ्लावर स्कूल में मंगलवार को संत मोनिका पर्व के अवसर पर मातृ शक्ति को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में इस स्कूल में पढ़ने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं की माताएं कार्यक्रम में शामिल हुई। सभी छात्रों और छात्राओं के माताओं को बारी बारी से बुलाकर उनका सम्मान किया गया। पुष्प गुच्छ, फूलमाला से बारी बारी से सभी माता का सम्मान किया गया। साथ ही साथ घरेलू उपयोगी वस्तुओं से पुरस्कृत भी किया गया। माता के सम्मान में नन्हे मुन्ने बच्चों ने गीत गाकर नृत्य किया।

इस अवसर पर फादर सिलजो,सिस्टर शशि, सिस्टर मेरी, सनेमी मुर्मू, सालोमी मरांडी,मनु मानुएल सोरेन,जॉन हेंब्रम, राकेश हेंब्रम आदि ने बारी-बारी से माता से संबंधित प्रकाश डालते हुए कहा कि माता के चलते ही आज सभी लोग इस पृथ्वी पर दुनिया में है। माता के सम्मान में जितना कहा जाए उतना ही काम है। माता हमेशा माता होती है। वह कुमाता नहीं हो सकती। पुत्र कभी-कभी कुपुत्र हो भी जाते हैं। बताया कि सभी माता का इस देश दुनिया रूपी बगीचा लगाने में बहुत बड़ा योगदान है। माता जैसा कोई सहनशील नहीं। माता जैसा कोई दयावान नहीं। माता जैसा कोई आशीर्वाद देने वाली नहीं। बताया कि इस सम्मान समारोह से माता के प्रति आस्था, विश्वास, रुचि और सम्मान के बारे में उदगार जताया जा रहा है। कार्यक्रम में दर्जनों शिक्षाविद, गणमान्य, बुजुर्ग, समाजसेवी, मजदूर, किसान, अभिभावक ग्रामीण थें।

# अपहरण व दहेज प्रताड़ना में सास को 18 माह की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रथम श्रेणी, न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने मंगलवार को आठ साल पुराने बहू के अपहरण व दहेज प्रताड़ना में सास चेचनी देवी को दोषी करार देते हुए 18 माह और दस हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि जमा नहीं करने पर महिला को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुददीन अली ने छह गवाह के बयान दर्ज कराए। जबकि मुख्य आरोपी पति डमरू दरवे व ससुर नागेश्वर दरवे को पुलिस आज तक गिरफ्तार नहीं कर सकी।

जरमुंडी के नवाडीह गांव की सुमित्रा देवी ने चार फरवरी 15 को जरमुंडी थाना में मामला दर्ज कराया। बताया कि वर्ष 10 में बेटी चमेली देवी की शादी फाड़सिमल गांव के डमरू यादव के साथ की थी।

शादी के बाद से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है। इस बात को लेकर गांव में कई बार पंचायती हुई, इसके बाद भी आरोपी की आदत में सुधार नहीं आया। पति समेत सभी लोग बेटी के साथ रोज मारपीट किया करते थे। 20 जनवरी 15 को बेटी से मिलने के लिए ससुराल गई तो वहां पर मुलाकात नहीं हुई। दामाद ने बताया कि उसकी बेटी कहीं चली गई है। काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चला। मां के बयान पर पुलिस ने पति, सास व ससुर के खिलाफ अपहरण व दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया।

### पुलिस मुखबिरी के आरोप में फिर एक व्यक्ति की हत्या

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने फिर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। बता दें कि एक सप्ताह के भीतर नक्सलियों ने अब तक 5 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है, जिससे इलाके में दहशत है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, भाकपा माओवादी नक्सलियों ने सोमवार की रात गोइलकेरा थाना अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित राजाबासा के कटम्बा गांव से एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे अपने साथ ले गए। बाद में नक्सलियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि, घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण नक्सलियों ने मृतक पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है या नहीं यह अब तक साफ नहीं हो पाया है।

# बेहतर टीकाकरण के लिए चक्रधरपुर के डॉ. अंशुमन शर्मा को मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मिशन इंद्रधनुष 5.0 के प्रथम चरण टीकाकरण में बेहतर उपलब्धि हासिल करने पर चक्रधरपुर सहित जिले के तीन प्रखंडों को सम्मानित किया गया। इसमें चक्रधरपुर के अलावा जगन्नाथपुर एवं बड़ाजामदा सीएचसी शामिल है। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने अपने कार्यालय कक्ष में तीनों प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशुमन शर्मा ने सम्मान ग्रहण किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल भी उपस्थित रहें।

### मिशन इंद्रधनुष को लेकर टास्क फोर्स गठित



सघन मिशन इंद्रधनुष 2023 के सफल संचालन को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स गठित किया गया। इसे लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में टास्क फोर्स सह एनीमिया मुक्त भारत का गठन किया गया। जिसमें बीडीओ के अलावा चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा, पंचायत राज पदाधिकारी डा. मनोज कुमार सिन्हा, सीडीपीओ, सीओ बाल किशोर महतो, बीईईओ आदि को शामिल किया गया। प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स (टीकाकरण) की बैठक में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 को लेकर रणनीति तैयार की गई। इसके अलावा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला एवं कृमि मुक्ति दिवस पर भी चर्चा की गई। बताया कि प्रखंड में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 अभियान के अंतर्गत टीकाकरण से वंचित व छूटे हुए 0 से 5 साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्वदेशी खेल एवं अन्य खेलों का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा स्वदेशी खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को कमार दुधानी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में रस्सा कस्सी एवं इंडियन राउन्ड तीर धनुष (स्वदेशी खेल) तथा वालीबॉल का आयोजन किया गया। आयोजित स्वदेशी खेल में संथाल परगना के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सर्व प्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर उनके फोटो पर माल्यार्पण कर शत शत नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने विधिवत तीरंदाजी खेल का उद्घाटन किया एवं खिलाडियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के आधर पर उन्हें सम्मानित किया इसके पूर्व आइएस प्रशिक्षु सुश्री प्रांजल ढ़ाढा ने मेजर ध्यानचंद की स्मृति में पुष्प अर्पित कर खिलाडियों को सम्मानित कर खिलाडियों के हौसला को बढ़ाया। इस अवसर पर रस्सा कस्सी वालीबॉल एवं अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने बताया कि रस्सा कस्सी खेल में 4 टीम व 60 प्रति भागियों ने भाग लिया एवं तीरंदाजी में 20 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। दोनो खेलों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले विजेता टीम को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी विजय कुमार, सार्जेंट मेजर पुलिसलाइन, एसएसबी इंस्पेक्टर एवं अन्य अतिथि मौजूद थे।

# खेल दिवस के अवसर पर रस्साकसी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड सरकार खेलकूद, कला संस्कृति, पर्यटन एवं युवा कार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज दिनांक 29.08.2023 को स्थानीय गांधी मैदान पर रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिलाओं की चार एवं पुरुषों की चार टीमें शामिल हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो ने मेजर ध्यानचंद के तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों के नाम अपने संबोधन में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवनवृत्त पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए हॉकी के साथ - साथ राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की जानकारी दी तथा जिला के खेल एवं खिलाड़ियों के बहुमुखी विकास के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

पुरुष वर्ग में जहां स्थानीय पहलवानों की टीम गोड्डा रेसलर्स विजयी रही वहीं उपविजेता खिताब नेटबॉल ए के नाम रहा। दूसरी ओर महिला वर्ग के खिताब पर आवासीय बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र का कब्जा रहा जबकि ब्लू स्टार क्लब उपविजेता रही। शक्ति कुमार एवं मोनालिसा कुमारी मैच रेफरी थे। एवं उपविजेता टीम के अलावा हालिया संपन्न स्टेट एवं नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आवासीय वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र की पांच प्रशिक्षु बसंती कुमारी, पूनम कुमारी, बिंदिया कुमारी, अंजनी कुमारी एवं आशा कुमारी को विशेष तौर पर अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ सचिव देवाशीष झा, बैडमिंटन संघ कोषाध्यक्ष मो0 आसिफ, हॉकी एवं कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष आशुतोष झा व संयुक्त सचिव अमरेंद्र सिंह बिट्टू व दयाशंकर, नेटबॉल संघ सचिव गुंजन झा, सेपकटाकरा संघ सचिव प्रियव्रत परमेश आदि उपस्थित थे। उपस्थित सभी खेल संघ के पदाधिकारियों द्वारा नव नियुक्त जिला खेल पदाधिकारी का स्वागत - अभिनंदन अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से किया गया।

# सीएम नीतीश कुमार ने नालंदा खुला विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

एजेंसी

**बिहारशरीफ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को नालंदा जिला के सिलाव अंचल स्थित 121 करोड़ रुपये की लागत से नव निर्मित नालंदा खुला विश्वविद्यालय नए भवन अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा खुला विश्वविद्यालय का निर्माण बेहतर ढंग से हुआ है। यह भवन काफी सुंदर,आकर्षक और भव्य बन गया है। यहां पर एक साथ काफी संख्या में यहां विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की बुनियादी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई गई हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि यहां काफी जगह है। इसलिए के एक हिस्से को विश्वविद्यालय के कॉन्सेप्ट के रूप में भी विकसित करें ताकि एक तरफ खुला विश्वविद्यालय के कॉन्सेप्ट तो दूसरी तरफ विश्वविद्यालय की तर्ज पर भी विद्यार्थी शिक्षा ले सकें। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए यहां के परीक्षा भवन की क्षमता 1500 विद्यार्थियों की है उसका विस्तार कर 2500 विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था करें ताकि इसका इस्तेमाल ऑडिटोरियम के रूप में भी हो सके।



यहां की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध करने को भी कहा। 10 एकड़ में फैले नालंदा खुला विश्वविद्यालय के नये भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय के साथ-साथ सेमिनार, सम्मेलन एवं कार्यशाला आयोजित हो सकेगा। छात्रों एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास तथा अतिथिशाला भी बनाए गए हैं। इससे विश्वविद्यालय में कला-संस्कृति एवं खेल-कूद से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान दूर दराज से आनेवाले विद्यार्थियों को रहने में सहूलियत होगी।

अतिथिशाला की सुविधा से सेमिनार एवं कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु देश-विदेश से आनेवाले विद्वानों को रहने में सुविधा होगी। यहां पत्रकारिता पाठ्यक्रम के छात्रों के अध्ययन के लिए स्टूडियो भी तैयार किया गया है। लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब भी अलग-अलग तल पर बनाए गये हैं। वर्तमान में नालंदा खुला विश्वविद्यालय में 105 पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनमें से अनेक पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी, व्यावसायिक एवं कौशल विकास से संबंधित हैं।

कुलपति केसी सिन्हा ने बताया कि यहां कुलपति, प्रतिकुलपति प्रोफेसर, विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों के आवास और अतिथियों के ठहरने के लिए 24 कमरों के गेस्ट हाउस की सुविधा है।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

### मोतिहारी रेड क्रॉस सोसाइटी से हाईकोर्ट ने मांगा एक सप्ताह के अंदर जबाब



**चंपारण।** पटना हाईकोर्ट ने मोतिहारी रेड क्रॉस सोसाइटी के चुनाव पर दो सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का आदेश जारी किया है। दीपक कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य सी.डबल्यू.जीसी 9954/2022 में दिनांक 28-8-2023 को अंतरिम आदेश पारित करते हुए बिहार सरकार एवं अन्य को दो सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का आदेश पारित किया है।

मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित है। विधीक्षा-लीगल सोल्यूशन प्रधान पथ मोतिहारी स्थित लॉ फर्म के अधिवक्ता कुमार अमित ने बताया है कि रेड क्रॉस चुनाव को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है, जिसमें चुनाव की प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए चुनाव को रद्द करने की मांग न्यायालय से की गई है।जिस पर माननीय न्यायालय ने दो सप्ताह के अंदर बिहार सरकार व अन्य से जबाब दाखिल करने को कहा है।वही उच्च न्यायालय के इस पहल के बाद शहर में चर्चाओ का बाजार गरम हो गया है।

## पेज 1 का शेष

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर...

अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए इनके दाम में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से कटौती की गयी है। उन्होंने कहा, गैस सिलेंडर सस्ता हुआ फिर एक बार, राखी पर बहनों को मोदी सरकार का उपहार। उन्होंने बताया कि इसका देश के 33 करोड़ उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इससे सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7,680 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके अलावा, ठाकुर ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख बहनों को सरकार मुफ्त में गैस कनेक्शन देगी। सरकार पहले ही धुएं से मुक्ति के लिए 9.60 करोड़ बहनों को उज्ज्वला योजना का लाभ दे चुकी है। अब प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जायेगी। इसके लिए गैस सिलेंडर, चूल्हा, पाइप व अन्य सामग्री बिना एक रुपये लिये उन्हें मुफ्त दी जायेगी।

### कोल खनन परियोजनाओं के नामकरण...

उन्होंने मांग की है कि झारखंड की पहचान एक खनिज संपदा बहुल राज्य के रूप में स्थापित है। देश के विकास में इसका अहम योगदान है। खनिजों से प्राप्त राजस्व का बड़ा भाग कोयला खनिज से ही प्राप्त होता है, जिसका लगातार दोहन किया जा रहा है। ऐसे में यहां की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान दिया जाना चाहिए।

# रक्षाबंधन का चांद होगा सुपर ब्लूमून, चंद्रमा दिखेगा ज्यादा चमकीला

- आज पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए निकट होगा चांद
- सफेद चमक के साथ बड़ा और चमकदार दिखेगा



एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए बुधवार, 30 अगस्त का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन रक्षाबंधन के मौके पर आसमान में ब्लू सुपरमून नजर आने वाला है। ब्लूमून नाम से दिखने जा रहे इस सुपरमून की चमक जहां आम पूर्णिमा की तुलना में अधिक होगी, वहीं उसका आकार भी कुछ बड़ा दिखेगा। यह जानकारी मंगलवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को हमसे लगभग 3 लाख 57 हजार 181 किलोमीटर दूर रहकर चांद पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए निकट बिंदु पर होगा। इस कारण वह माइक्रोमून की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत बड़ा और 30 प्रतिशत अधिक चमकदार दिखेगा। सारिका ने बताया कि दो पूर्णिमा के बीच 29.5 दिन का अंतर होता है और अगर पहली पूर्णिमा महीने की 1 या 2 तारीख को आती है तो दूसरी पूर्णिमा भी उस ही माह आ जाती है। एक ही अंग्रेजी कैलेंडर माह में दो पूर्णिमा आने पर दूसरी पूर्णिमा के चंद्रमा को मंथली ब्लूमून नाम दिया गया है। एक अगस्त को पूर्णिमा के बाद बुधवार, 30 अगस्त को दूसरी पूर्णिमा है। उन्होंने बताया कि ब्लूमून का दूसरा प्रकार सीजनल ब्लूमून होता है। अगर तीन महीने के किसी खगोलीय सीजन में चार पूर्णिमा आती है, तो तीसरी पूर्णिमा का चांद सीजनल ब्लूमून कहलाता है। सीजनल ब्लूमून कम बार आता है। एक अनुसंधान के अनुसार 1100 सालों में 408 सीजनल ब्लूमून तथा 456 मंथली ब्लूमून की घटना की गणना की गई है। अगला ब्लूमून 2024 में 19 अगस्त को होगा और यह सीजनल ब्लूमून होगा। सारिका ने बताया कि यह सुपरब्लूमून नीला नहीं दिखेगा, बल्कि पूर्णिमा के चांद की तरह ही चमक रहा होगा। दुर्लभ वस्तुओं या घटनाओं के नाम के आगे ब्लू लगा दिया जाता है। अतः मान्यता के अनुसार कुछ लोगों ने इसे ब्लूमून नाम दिया है। उन्होंने बताया कि नीले नहीं सफेद चमक के साथ दिखने जा रहे ब्लूमून नाम के सुपरमून की चमक को रक्षाबंधन बनाते हुए आसमान में देखने का लुफ्त उठा सकते हैं। इसे तिरंगामून नाम भी दे सकते हैं, क्योंकि इस चांद के शिवशक्ति पाइंट के आसपास तिरंगे के साथ प्रज्ञान रोवर भी चहलकदमी कर रहा है।

## वोकल फॉर लोकल का असर, बाजार से चीनी राखियां गायब

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की त्योहारों पर वोकल फॉर लॉकल और आत्मनिर्भर भारत की अपील का असर धरातल पर नजर आ रहा है। उत्तर भारत के सबसे बड़े थोक बाजार, सदर बाजार में इस बार रक्षाबंधन के त्यौहार पर चीन निर्मित राखियां नदारद हैं और सिर्फ भारतीय राखियों की ही भरमार है। इससे दुकानदारों में भी खासा उत्साह है और उन्हें इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

सदर बाजार में चीन निर्मित राखियां कम उपलब्ध होने पर स्थानीय दुकानदार बृजेश ने कहा कि आए दिन चीन सीमा का अतिक्रमण कर हमारे देश में घुस रहा है। हम क्यों चीन का माल बनाएं? चीन की राखी न हमारा ग्राहक खरीदना चाहता है और न हम बनाना चाहते हैं।

एक अन्य दुकानदार अरविंद कुमार ने कहा कि अब लोग चीन की राखियां पसंद नहीं करते और इसलिए हम रखते भी नहीं हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक भारतीय राखियों की ही ज्यादा मांग कर रहे हैं। वे चीन की राखी की मांग में कमी का एक प्रमुख कारण उसकी महंगी कीमत और खराब गुणवत्ता को भी बता रहे हैं। दुकानदार संजय यादव ने बताया कि इस बार सदर बाजार में तीन रुपये से लेकर 200 रुपये कीमत तक की भारतीय राखियां उपलब्ध हैं जबकि चीनी राखी की शुरूआती कीमत ही 50 रुपये है और यह टूटती भी जल्दी है। दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा ने बताया कि बाजार में 80 फीसदी भारतीय राखियां ही मिल रही हैं और राखियों के बाजार में चीन की हिस्सेदारी मुश्किल से 20 फीसदी तक ही रह गई है । यह भी केवल कच्चे माल के तौर पर ही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि चीन की राखियों की मांग बीते तीन-चार साल के दौरान कम हुई है। इससे पहले चीन से राखियां खूब आती थीं। राखियों के थोक व्यापारी अनिल का भी यही कहना था कि राखियों के लिए कुछ कच्चा माल जरूर चीन से आता है लेकिन उन्हें यहीं तैयार किया जाता है।

देशभर के व्यापारियों के राष्ट्रीय सगंठन कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया है कि इस बार राखी पर दिल्ली समेत समूचे देश में 10 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है जबकि पिछले साल राखियों का सात हजार करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था।

# इमरान खान अभी अटक जेल में रहेंगे

एजेंसी

**तोशाखाना मामला**

- ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत बनी विशेष अदालत ने कहा - पूर्व पीएम को अभी न्यायायिक हिरासत में रखें
- एक्ट को पाकिस्तानी सेना के इशारे पर बनाया गया है जिसमें बहुत ही सख्त प्रावधान किये गये हैं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद भी अभी अटक जेल में ही बंद रहेंगे। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑफिशियल सीक्रेट ऐक्ट के तहत हाल ही में बनी एक विशेष अदालत ने अटक जेल के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इमरान खान को रिहा करने की बजाय अभी न्यायायिक हिरासत में रखें।

यही नहीं विशेष अदालत ने साइफर मामले में इमरान खान को बुधवार को पेश करने का आदेश दिया है। दरअसल, ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट को पाकिस्तानी सेना के इशारे पर बनाया गया है जिसमें बहुत ही सख्त प्रावधान किए गए हैं। साइफर एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज है और इमरान खान का दावा है कि यह गुम हो गया है। इमरान खान की पार्टी का दावा है कि इस दस्तावेज में इमरान खान को सत्ता से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से दी गई कथित धमकी का डिटेल है। विशेष अदालत के इस फैसले के बाद इमरान खान अभी अटक जेल में ही बंद रहेंगे। इससे पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आम चुनाव से पहले बड़ी राहत देते हुए तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी। अदालत ने इमरान को जेल से रिहा करने का आदेश भी दिया था।

## कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं कांग्रेस नेता ए. के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अनिल एंटनी को पिछले महीने ही राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में शुमार ए.के. एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी एक समय में कांग्रेस के नेता थे और केरल कांग्रेस के चर्चित चेहरों में शामिल थे। लेकिन गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री विवाद के बाद पर कांग्रेस के रुख को देखते हुए उन्होंने जनवरी में पार्टी छोड़ दी थी और वे भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा से जुड़ते ही उन्हें पार्टी में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई। अब उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं में स्थान दिया गया है। बताया जा रहा है कि केरल में भाजपा को मजबूत करने के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

मनजिंदर सिंह सिरसा बने राष्ट्रीय सचिव : दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के पूर्व प्रमुख मनजिंदर सिंह सिरसा को मंगलवार को भाजपा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सिरसा को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है।

## चंद्रयान-3 उभरते नये भारत का प्रतीक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की सराहना करते हुए मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि इस मिशन की सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि से कहीं अधिक देश की उन्नत सोच, आत्मनिर्भरता और वैश्विक मंच पर उभरते नये भारत का प्रतीक है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता

**सॉफ्ट लैंडिंग के लिए कैबिनेट ने इसरो के वैज्ञानिकों को दी बधाई**

में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के कारण भारत की बड़ी उपलब्धि पर इसरो और वैज्ञानिकों की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि देश चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर जश्न मना रहा है और कैबिनेट भी इस खुशी में शामिल है । उन्होंने कहा कि इस बारे में कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की सराहना की गई।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## शत-प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली इनोवा कार लांच

**अन्नदाता बनेंगे ऊर्जा दाता : गडकरी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल में मिश्रण के लिए एथनॉल की बढ़ती मांग भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदल देगी, जिससे किसान ऊर्जा दाता बन जाएंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दुनिया का पहला भारत चरण-6 (चरण-दो) विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन-आधारित वाहन पेश करते हुए यह बात कही। यह वाहन 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन पर भी चल सकता है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के उच्च योगदान की तुलना में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि और संबद्ध क्षेत्र का योगदान केवल 12 प्रतिशत है, जबकि 65 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है।




नयी दिल्ली में इनोवा कार लांच करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व अन्य।

उन्होंने कहा कि एथनॉल उद्योग किसानों के लिए वरदान है। देश में एथनॉल की मांग बढ़ेगी, यह भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदल देगा। उन्होंने कहा कि हमारे किसान न केवल अन्नदाता होंगे बल्कि ऊर्जादाता भी बनेंगे। गडकरी ने विश्वास जताया कि एथनॉल की मांग के साथ जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी।

## बॉलीवुड में वापसी करेंगे आमिर खान



**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान सिनेमा में बहुप्रतीक्षित वापसी करने वाले हैं। आमिर ने नवंबर 2022 में अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की थी। वह हाल ही में करीना कपूर खान के साथ फिल्म लाल सिंह चड्ढा में दिखाई दिए थे, यह फिल्म पिछले साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन में है और 20 जनवरी 2024 को इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है।आमिर खान और दिनेश विजान सरकारी वकील उज्ज्वल निकम पर बायोपिक बनाने का विचार कर रहे हैं ।

## शेयर बाजार में तेजी जारी

**मुंबई।** चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। बीएसई के मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही।

## राष्ट्रपति को राखी बांधेंगी कोडरमा सेक्रेड हार्ट की छात्राएं

- जनसंपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए हुईं रवाना
- राज्यपाल को भी राखी बांधने रांची आएंगी छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांधने के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्राएं मंगलवार को दिल्ली रवाना हो गई। बच्चों के साथ शिक्षक प्रवीण कुमार और शिक्षिका कामिनी सहाय भी साथ में गए हैं। बच्चे मंगलवार को जनसंपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने वाले बच्चों में नयनतारा गुप्ता, सौम्या कुमारी, जाह्नवी ओझा, कौशांबी मालवा और पुलकित सोनी के नाम शामिल हैं। बच्चों को स्टेशन छोड़ने के लिए विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार के अलावा बच्चों के माता-पिता भी पहुंचे थे। राष्ट्रपति को राखी बांधने के बाद बच्चे दिल्ली के प्रमुख स्थानों की सैर करेंगे और एक सितंबर को वापस लौट आएंगे।

दूसरी ओर झारखंड के गवर्नर सीपी राधाकृष्णन को राखी बांधने के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों की दूसरी टीम बुधवार को सुबह में रांची रवाना होगी। गवर्नर हाउस जाने वाले छात्रों में आर्ची कुमारी, वंदना कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, मेघा सिंह और तनीषा शर्मा के नाम शामिल हैं।



साथ में एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, शिक्षिका कुंतल जेठवा और मनोज पांडेय भी रांची जाएंगे। राखी बांधने के बाद शाम तक बच्चे अपने घर लौट आएंगे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं। यहां के बच्चों ने पिछले साल भी रक्षाबंधन के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को राखी बंधी थी।






### स्पीड न्यूज

### काजीरंगा में बाढ़ से 11 वन्य प्राणियों की मौत

**काजीरंगा।** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। बाढ़ से कम से कम 11 वन्य प्राणियों की मौत हुई है। दो दिनों में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में दोबारा बाढ़ आ जाने के कारण उद्यान के वन्य प्राणी संकट में पड़ गए हैं। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार अब तक 11 जंगली जानवरों की मौत हो चुकी है। इनमें से दतिया हिरण, एक भैंस, एक अजगर और तीन गैंडे शामिल हैं। राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों ने मरने वाले जानवरों की संख्या अगले 24 घंटे में और बढ़ने की संभावना जता रहे हैं।

### पाक में आटा चुराने पर बच्चे को पीटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आर्थिक संकट मुसीबत बन गया है। आटे की किल्लत से भूखे 12 वर्ष के एक बच्चे ने एक दुकान से आटा चुराने की कोशिश की। दुकानदार ने उसे पकड़ लिया तो उसे खंभे से उल्टा लटकाकर पीटा। घटना का वीडिया वायरल होने पर लोगों का गुस्सा भड़का, जिसके बाद पुलिस ने आरोपित दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान इस समय घनघोर संकट से गुजर रहा है। लोगों के पास खाने के लिए आटा तक नहीं है। पिछले दिनों पाकिस्तान में जगह-जगह आटे के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी थीं। बता दें मुफ्त आटे के लिए मची भगदड़ में 20 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

### कांकरिया को मिलेगा श्रीलाल शुक्ल सम्मान

**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध कथाकार मधु कांकरिया को वर्ष 2023 का श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान दिये जाने की मंगलवार को घोषणा की गयी। इफको द्वारा यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस पुरस्कार के लिए कांकरिया का चयन प्रो. असगर वजाहत की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने किया जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अनामिका, कवि-कथाकार प्रियदर्शन, लेखक-फिल्म समीक्षक रवीन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ आलोचक मुरली मनोहर प्रसाद सिंह और युवा लेखक श्री उत्कर्ष शुक्ल शामिल थे।

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गए। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गयी । एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 11:34 बजे आया, जिसका केंद्र मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले से 279 किमी दक्षिण पूर्व में और समुद्र तल के नीचे 221 किमी की गहराई में स्थित था।

### तिहाड़ के अधिकारी से 50 लाख की ठगी

**नयी दिल्ली।** तिहाड़ जेल के एक सहायक अधीक्षक दीपक शर्मा से हुई 50 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। अधिकारी ने इसको लेकर एक महिला पहलवान और उसके पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार मशहूर तिहाड़ जेल के जेलर दीपक शर्मा का दावा है कि वह पेशेवर पहलवान रौनक गुलिया और उनके पति अंकित गुलिया द्वारा घोटाले का शिकार हो गए हैं।

### जी20 सम्मेलन : बंदरों से बचाने के लिए लंगूर के लगाये जायेंगे कटआउट

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी में जी20 सम्मेलन के दौरान बंदरों के प्रकोप से बचने के लिए अधिकारी कार्यक्रम स्थलों पर लंगूर के कटआउट लगाने और उनकी आवाज निकालने वाले लोगों को तैनात करने पर विचार कर रहे हैं। दिल्ली में, खासतौर पर लुटियन्स इलाके में बड़ी संख्या में बंदर हैं। कई बार ये उत्पात मचाते हैं और लोगों पर हमला कर उन्हें काट भी लेते हैं।








# भइया मेरे, राखी के बंधन को निभाना



**रक्षाबंधन का अर्थ है (रक्षा+बंधन) यानी किसी को अपनी रक्षा के लिए बांध लेना। इसीलिए राखी बांधते समय बहन कहती है- 'भैया! मैं तुम्हारी शरण में हूं, मेरी सब प्रकार से रक्षा करना।' आज के दिन बहन अपने भाई के हाथ में राखी बांधती है और उन्हें मिठाई खिलाती है। फलस्वरूप भाई भी अपनी बहन को रुपये या उपहार आदि देते हैं। रक्षाबंधन स्नेह का वह अमूल्य बंधन है जिसका बदला धन तो क्या सर्वस्व देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। भारतीय परंपरा में विश्वास का बंधन ही मूल है और रक्षाबंधन इसी विश्वास का बंधन है। यह पर्व मात्र रक्षा-सूत्र के रूप में राखी बांधकर रक्षा का वचन ही नहीं देता बल्कि प्रेम, समर्पण, निष्ठा व संकल्प के जरिए हृदयों को बांधने का भी वचन देता है। पहले रक्षाबंधन बहन-भाई तक ही सीमित नहीं था, अपितु आपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए अथवा किसी की आयु और आरोग्य की वृद्धि के लिए किसी को भी रक्षा-सूत्र (राखी) बांधा या भेजा जाता था। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि- 'मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव'- यानी 'सूत्र' अविच्छिन्नता का प्रतीक है, क्योंकि सूत्र (धागा) बिखरे हुए मोतियों को अपने में पिरोकर एक माला के रूप में एकाकार बनाता है। माला के सूत्र की तरह रक्षा-सूत्र (राखी) भी लोगों को जोड़ता है। गीता में ही लिखा गया है कि जब संसार में नैतिक मूल्यों में कमी आने लगती है, तब ज्योतिर्लिंगम भगवान शिव प्रजापति ब्रह्मा द्वारा धरती पर पवित्र धागे भेजते हैं, जिन्हें बहनें मंगलकामना करते हुए भाइयों को बांधती हैं और भगवान शिव उन्हें नकारात्मक विचारों से दूर रखते हुए दुख और पीड़ा से निजात दिलाते हैं।**

## शास्त्रों में रक्षाबंधन

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

श्रावण की पूर्णिमा को एक कृत्य होता है, जिसे 'रक्षाबंधन' कहते हैं। श्रावण की पूर्णिमा को सूर्योदय के पूर्व उठकर देवों, ब्राह्मणों एवं पितरों का तर्पण करने के उपरांत अक्षत, तिल, धागों से युक्त रक्षा बनाकर धारण करना चाहिए। राजा के लिए महल के एक वर्गाकार भूमि-स्थल पर जल-पात्र रखा जाना चाहिए, राजा को मंत्रियों के साथ आसन ग्रहण करना चाहिए, वेश्याओं से घिरे रहने पर गानों एवं आशीर्वचनों का तांता लगा रहना चाहिए। देवों ब्राह्मणों एवं अस्त्र-वस्त्र का सम्मान किया जाना चाहिए। उसके बाद राजपुरोहित को चाहिए कि वह मन्त्र के साथ 'रक्षा बांधे' और कहे- 'आपको वह रक्षा बांधता हूं, जिससे दानवों के राजा बलि बांधे गये थे, हे रक्षा, तुम (यहां से) न हटो, न हटो।' सभी लोगों को यहां तक शूद्रों को भी, यथाशक्ति पुरोहितों को प्रसन्न करके रक्षा-बन्धन बंधवाना चाहिए। जब ऐसा कर दिया जाता है तो व्यक्ति वर्ष भर प्रसन्नता के साथ रहता है। हेमाद्रि ने भविष्योत्तर पुराण का उद्धरण देते हुए लिखा है कि इंद्राणी ने इंद्र के दाहिने हाथ में रक्षा बांधकर उसे इतना योग्य बना दिया कि उसने असुरों को हरा दिया। जब पूर्णिमा चतुर्दशी या आने वाली प्रतिपदा से युक्त हो तो रक्षा-बंधन नहीं होना चाहिए। इन दोनों से बचने के लिए रात्रि में ही यह कृत्य कर लेना चाहिए। यह कृत्य अब भी होता है और पुरोहित लोग दाहिनी कलाई में रक्षा बांधते हैं और दक्षिणा



प्राप्त करते हैं। सभी जगहों की नारियां अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा बांधती हैं और भेंट लेती-देती हैं। श्रावण की पूर्णिमा को पश्चिमी भारत (विशेषतः कोंकण एवं मलाबार में) न केवल हिंदू, प्रत्युत मुसलमान एवं व्यवसायी पारसी भी, समुद्र तट पर जाते हैं और समुद्र को पुष्प एवं नारियल चढ़ाते हैं। श्रावण की पूर्णिमा को समुद्र में तूफान कम उठते हैं और नारियल इसीलिए समुद्र-देव (वरुण) को चढ़ाया जाता है कि वे व्यापारी जहाजों को सुविधा दे सकें।



## रक्षाबंधन पर रहेगा भद्रा का साया

इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा तथा अल्पकालिक मुहूर्त रहेगा। शास्त्रानुसार रक्षाबंधन का पवित्र पर्व अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा में भद्रा रहित करना शुभप्रद होता है। 30 अगस्त को भद्रा सुबह 10:57 से रात्रि 9:03 तक रहेगी तथा पूर्णिमा भी सुबह 10:59 से दूसरे दिन (31 अगस्त) सुबह 7:06 तक रहेगी। यदि प्रथम दिन व्याप्त पूर्णिमा के अपराह्न काल में भद्रा हो तथा द्वितीय दिन उदयकालिक पूर्णिमा त्रिमुहूर्त-व्यापिनी हो तो उसी उदितकालीन पूर्णिमा के अपराह्नकाल में रक्षाबंधन करना शुभ होता है। यदि दूसरे दिन उदितकालीन पूर्णिमा त्रिमुहूर्त-व्यापिनी न हो तो प्रथम दिन पूर्णिमा में भद्रा समाप्त होने पर प्रदोषकाल में रक्षाबंधन किया जाना चाहिए।

प्राचीन परंपरानुसार उदितव्यापिनी पूर्णिमा के दिन प्रात:काल ही रक्षाबंधन पर्व मनाने का प्रचलन है तथापि 31 अगस्त को त्रिमुहूर्त-न्यून उदयकालिक



पूर्णिमा में रक्षाबंधन करना शास्त्रानुसार सही नहीं होगा।

30 अगस्त को प्रदोषकाल के समय भद्रारहित काल में रात्रि 9:03 के उपरांत रक्षाबंधन पर्व मनाना शुभ होगा। क्योंकि निर्णयामृतह्न एवं धर्मसिंधु के अनुसार-प्रदोष काल के बाद भद्रारहित काल रात 9:03 के बाद रक्षाबंधन शुभ होगा।

### रक्षाबंधन का धार्मिक महत्त्व

रक्षाबंधन का पर्व प्रत्येक भारतीय घर में उल्लासपूर्ण वातावरण से प्रारंभ होता है। राखी, पर्व के दिन या एक दिन पूर्व खरीदी जाती है। पारंपरिक भोजन व व्यंजन प्रातः ही बनाये जाते हैं। प्रातः शीघ्र उठकर बहनें स्नान के पश्चात भाइयों को तिलक लगाती हैं तथा उसकी दाहिने कलाई पर राखी बांधती हैं। इसके पश्चात भाइयों को कुछ मीठा खिलाया जाता है। भाई अपनी बहन को भेंट देता है। बहन अपने भाइयों को राखी बांधते समय सौ - सौ मनौतियां मनाती हैं।

### उपाकर्म संस्कार

इसके अतिरिक्त इस दिन ऋषि - महर्षि उपाकर्म कराकर व्यक्तियों को विद्या- अध्ययन कराना आरंभ करते हैं। दूध, दही, घी, गोबर और गऊ मूत्र मिलाकर पंचगव्य बनाते हैं और उसे पान करते हैं तथा हवन करते हैं। इसे उपाकर्म कहते हैं। उपाकर्म संस्कार कराकर जब व्यक्ति अपने घर लौटते हैं तब बहनें उनका स्वागत करती हैं और उनके दाएं हाथ में राखी बांधती हैं। इस विधान से भी श्रावणी शुक्ल पूर्णिमा को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है।

### उत्सर्ज क्रिया

श्रावणी शुक्ल पूर्णिमा को सूर्य को जल चढ़ाकर सूर्य की स्तुति करते हैं तथा अरुन्धती सहित सप्त ऋषियों की पूजा करते हैं और दही - सत्तू की आहुतियां देते हैं। इस क्रिया को उत्सर्ज कहते हैं। यह उत्सर्ज क्रिया भी श्रावणी शुक्ल की पूर्णिमा को होती है।

### ब्राह्मण, पुरोहित और यजमान

रक्षा बंधन के दिन देश में कई स्थानों पर ब्राह्मण, पुरोहित भी अपने यजमान की समृद्धि हेतु उन्हें रक्षा बांधते हैं, जिसकी उन्हें दक्षिणा भी मिलती है। रक्षा बांधते समय ब्राह्मण यह मंत्र पढ़ते है

*येन बद्धो बली राजा, दानवेन्द्रो महाबलः।*
*तेन त्वां प्रतिबध्नामि, रक्षे! मा चल! मां चल!!*

**अर्थ-** जिस प्रकार के उद्देश्य पूर्ति हेतु दानव - सम्राट महाबली, रक्षा - सूत्र से बांधा गया था (रक्षा सूत्र के प्रभाव से वह वामन भगवान को अपना सर्वस्व दान करते समय विचलित नहीं हुआ), उसी प्रकार हे रक्षा सूत्र! आज मैं तुम्हें बांधता हूं। तू भी अपने उद्देश्य से विचलित न हो, दृढ़ बने रहो।

### आधुनिक तकनीक और राखी

आज के आधुनिक तकनीकी युग एवं सूचना संप्रेषण युग का प्रभाव राखी जैसे त्योहार पर भी पड़ा है। कई सारे भारतीय आजकल विदेश में रहते हैं एव उनके परिवार वाले (भाई एवं बहन) अभी भी भारत या अन्य देशों में हैं। इंटरनेट के आने के बाद कई सारी ई-कॉमर्स साइट खुल गयी हैं जो ऑनलाइन आर्डर मंजूर करती हैं एवं राखी दिये गये पते पर पहुंचा दी जाती है। इसके अतिरिक्त भारत में राखी के अवसर पर इस पर्व से संबंधित एनीमेटेड सीडी भी आयी है, जिसमें एक बहन द्वारा भाई को टीका करने व राखी बांधने का चलचित्र है। यह सीडी राखी के अवसर पर अनेक बहनों ने दूर रहने वाले अपने भाइयों को भेजी।

### रक्षाबंधन के विभिन्न स्वरूप

वैसे तो रक्षा बंधन भाई-बहन के प्यार का बंधन है। इसे पूरे देश में बड़े धूम धाम से मनाया जाता है, लेकिन इसके अनेकों नाम हैं।

- मुंबई के कई समुद्री इलाकों में इसे 'नारियल-पूर्णिमा' या 'कोकोनट-फुलमून' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन विशेष रूप से समुद्र देवता पर नारियल चढ़ाकर उपासना की जाती है और नारियल की तीन आंखों को शिव के तीन नेत्रों की उपमा दी जाती है।
- बुंदेलखण्ड में राखी को 'कजरी-पूर्णिमा' भी कहा जाता है। इस दिन कटोरे में जौ व धान बोया जाता है तथा सात दिन तक पानी देते हुए मां भगवती की वंदना की जाती है।
- उत्तरांचल के चंपावत जिले के देवीधूरा मेले में राखी-पर्व पर बाराही देवी को प्रसन्न करने के लिए पाषाणकाल से ही पत्थर युद्ध का आयोजन किया जाता रहा है, जिसे स्थानीय भाषा में 'बग्वाल' कहते हैं।



## पौराणिक कथाओं में रंक्षा बंधन

**भविष्य** पुराण में कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक बार बारह वर्षों तक देवासुर- संग्राम होता रहा, जिसमें देवताओं की हार हो रही थी। दुखी और पराजित इंद्र, गुरु बृहस्पति के पास गये। वहां इंद्र पत्नी शचि भी थीं। इंद्र की व्यथा जानकर इंद्राणी ने कहा- 'कल ब्राह्मण शुक्ल पूर्णिमा है। मैं विधानपूर्वक रक्षासूत्र तैयार करूंगी। उसे आप स्वस्तिवाचन पूर्वक ब्राह्मणों से बंधवा लीजियेगा। आप अवश्य ही विजयी होंगे।' दूसरे दिन इंद्र ने इंद्राणी द्वारा बनाये रक्षाविधान का स्वस्तिवाचन पूर्वक बृहस्पति से रक्षाबंधन कराया, जिसके प्रभाव से इंद्र सहित देवताओं की विजय हुई। तभी से यह 'रक्षाबंधन' पर्व ब्राह्मणों के माध्यम से मनाया जाने लगा। इस दिन बहनें भी भाइयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधती हैं और उनके सुखद जीवन की कामना करती हैं।

### ग्रीक नरेश सिकंदर की कथा

ऐसा कहा जाता है कि ग्रीक नरेश सिकंदर की पत्नी ने अपने पति की रक्षा के लिए उसके शत्रु पुरुराज को राखी बांधी थी। कथानुसार युद्ध के समय पुरु ने जैसे ही सिकंदर पर प्राण घातक आक्रमण किया, उसे उसकी कलाई पर बंधी रक्षा दिखायी दी, जिसके कारण उसने सिकंदर को अभय प्रदान किया और युद्ध में अनेक बार सिकंदर को प्राणदान दिया।



### हमायूं ने रखी राखी की लाज

मध्यकालीन इतिहास में भी ऐसी ही एक घटना मिलती है। चित्तौड़ की हिंदू रानी कर्णावती ने दिल्ली के मुगल बादशाह हुमायूं को अपना भाई मानकर उसके पास राखी भेजी थी। हुमायूं ने उसकी राखी स्वीकार कर ली और उसके सम्मान की रक्षा के लिए गुजरात के बादशाह बहादुरशाह से युद्ध किया। महारानी कर्णावती की कथा इसके लिए अत्यंत प्रसिद्ध है, जिसने हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा के लिए आमंत्रित किया था। रानी कर्णावती ने सम्राट हुमायूं के पास राखी भेजकर उसे अपना भाई बनाया था। सम्राट हुमायूं ने रानी कर्णावती को अपनी बहन बनाकर उसकी दिलो - जान से मदद की थी। राखी के पवित्र बंधन ने दोनों को बहन-भाई के पवित्र



रिश्ते में बांध दिया था। मर्मस्पर्शी कथानुसार, राजपूत राजकुमारी कर्णावती ने मुगल सम्राट हुमायूं को गुजरात के सुल्तान द्वारा हो रहे आक्रमण से रक्षा के लिए राखी भेजी थी। यद्यपि हुमायूं किसी अन्य कार्य में व्यस्त था, वह शीघ्र ही बहन की रक्षा के लिए चल पड़ा। लेकिन जब वह पहुंचा, तो उसे यह जानकर बहुत दुख हुआ कि राजकुमारी के राज्य को हड़प लिया गया था तथा अपने सम्मान की रक्षा हेतु रानी कर्णावती ने 'जौहर' कर लिया था।

### श्रीकृष्ण ने बचायी थी द्रोपदी की लाज



इस त्योहार का इतिहास हिंदू पुराण कथाओं में मिलता है। महाभारत में कृष्ण ने शिशुपाल का वध अपने चक्र से किया था। शिशुपाल का सिर काटने के बाद जब चक्र वापस कृष्ण के पास आया तो उस समय कृष्ण की उंगली कट गयी भगवान कृष्ण की उंगली से रक्त बहने लगा। यह देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़ कर कृष्ण की उंगली में बांधा था, जिसको लेकर कृष्ण ने उसकी रक्षा करने का वचन दिया था। इसी ऋण को चुकाने के लिए दुशासन द्वारा चीरहरण करते समय कृष्ण ने द्रौपदी की लाज रखी। तब से 'रक्षाबंधन' का पर्व मनाने का चलन चला आ रहा है।

### देवी लक्ष्मी ने राजा बलि को बांधी थी राखी

एक अन्य कथानुसार राजा बलि को दिये गये वचनानुसार भगवान विष्णु बैकुण्ठ छोड़कर बलि के राज्य की रक्षा के लिए चले गये। तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मणी का रूप धर श्रावण पूर्णिमा के दिन राजा बलि की कलाई पर पवित्र धागा बांधा और उसके लिए मंगलकामना की। इससे प्रभावित हो बलि ने देवी को अपनी बहन मानते हुए उसकी रक्षा की कसम खायी। तत्पश्चात देवी लक्ष्मी अपने असली रूप में प्रकट हो गयीं और उनके कहने से बलि ने भगवान विष्णु से बैकुण्ठ वापस लौटने की विनती की।